# दैनिक जागरण

विश्व का सर्वाधिक पढ़ा जाना वाला अखबार

वर्ष 72 ▸ अंक 211 ▸ पृष्ठ 12+8= 20
रीवा, बुधवार 30 अप्रैल, 2025
▸ वैशाख शुक्ल पक्ष 03, विक्रम संवत् 2082
▸ नगर ▸ मूल्य 5 रुपए
आज के अंक के साथ सत्यकथा

www.dainikjagranmpcg.com





**कश्मीर में कत्लेआम** | प्रधानमंत्री ने रक्षा मंत्री और तीनों सेना प्रमुखों के साथ की बैठक

# मोदी बोले- सेना को खुली छूट, तय करे समय, टारगेट और कार्रवाई का तरीका

**नई दिल्ली, जेएनएन।** पीएम नरेंद्र मोदी के आवास पर मंगलवार को एक उच्च स्तरीय बैठक हुई, जिसमें सेना को टारगेट, समय और आतंकवादियों के खिलाफ जवाबी कार्रवाई का तरीका तय करने की छूट दे दी गई। बैठक में प्रधानमंत्री ने कहा- हमें सशस्त्र बलों की पेशेवर क्षमताओं पर पूरा विश्वास है। आतंकवाद के खिलाफ कार्रवाई का तरीका क्या हो, लक्ष्य कैसा और समय कौन-सा हो, यह सेना स्वयं तय करे। सरकार उसके काम में कोई दखल नहीं देगी।

प्रधानमंत्री ने कहा कि देश आज गुस्से में है। सेना को कुछ ऐसा करना होगा, जिससे देश की जनता का गुस्सा शांत हो। बैठक में रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह, तीनों सेनाओं के प्रमुख, एनएसए अजीत डोभाल और सीडीएस अनिल चौहान मौजूद रहे। यह बैठक डेढ़ घंटे से ज्यादा चली। मीटिंग के आधे घंटे बाद गृहमंत्री अमित शाह और आरएसएस प्रमुख मोहन भागवत पीएम आवास पहुंचे। पीएम ने संघ प्रमुख को हमले के बाद उत्पन्न स्थिति की विस्तार से जानकारी दी। तीनों के बीच भी करीब एक घंटे बातचीत हुई। कुछ मीडिया रिपोर्ट्स में दावा किया गया कि इस बैठक में हमले के बाद की स्थिति, आतंकियों के खिलाफ चल रहे ऑपरेशनों और भविष्य की रणनीति पर विमर्श किया गया। उधर विदेश मंत्री की दुनियाभर से बातचीत जारी है। मंगलवार को उन्होंने 9 घंटे में 9 देशों के विदेश मंत्रियों से फोन पर बातचीत की।



### कैबिनेट की बैठक आज

केंद्र सरकार की कैबिनेट की बैठक बुधवार सुबह 11 बजे होगी। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी बैठक की अध्यक्षता करेंगे। पहलगाम हमले के बाद यह पहली कैबिनेट बैठक होगी। मीडिया रिपोर्ट्स में दावा किया जा रहा है कि इस मीटिंग में पाकिस्तान के खिलाफ कुछ और कठोर कदम उठाने की घोषणा की जा सकती है।

### पाक हैकर्स ने किए अटैक

पाकिस्तानी हैकर्स ने मंगलवार को राजस्थान के शिक्षा विभाग की वेबसाइट को हैक कर लिया। वेबसाइट के होम पेज पर लिखा- अगला हमला गोलियों से नहीं, टेक्नोलॉजी से होगा। देर शाम पाकिस्तान की ओर से भारतीय सेना की वेबसाइट को भी हैक करने की कोशिश की गई, जो नाकाम रही।

### जम्मू-कश्मीर के 48 पर्यटन स्थल बंद

पहलगाम आतंकी हमले के बाद जम्मू-कश्मीर के 87 में से 48 पर्यटक स्थलों को बंद किया गया है। घाटी में कुछ स्लीपर सेल एक्टिव हो गए हैं, उन्हें पाकिस्तान की ओर से आतंकी गतिविधियां शुरू करने के निर्देश मिले हैं। संदिग्ध आतंकवादियों के घरों को उड़ाने का बदला लेने के लिए कुछ टार्गेटेड हत्याओं के साथ-साथ बड़े हमले को अंजाम देने का निर्देश भी उन्हें दिया गया है। इस तरह की खुफिया सूचना मिलने के बाद राज्य सरकार ने 48 पर्यटन स्थलों को बंद करने का फैसला किया है। हालांकि, सुरक्षा बलों ने गुलमर्ग, सोनमर्ग और कुछ पर्वतीय इलाकों सहित कई संवेदनशील पर्यटन स्थलों पर एंटी फिदायीन दस्तों को तैनात किया है। इसके बाद भी सरकार कोई जोखिम लेने के लिए तैयार नहीं है।

## पाकिस्तान का पूर्व सैनिक है पहलगाम हमले का मास्टर माइंड हाशिम मूसा


पहलगाम आतंकी हमले की जांच में बड़ा खुलासा हुआ है। सुरक्षा एजेंसियों ने हमले के मास्टरमाइंड की पहचान कर ली है। यह आतंकी कोई और नहीं बल्कि पाकिस्तान में सक्रिय लश्कर-ए-तैयबा और द रेजिस्टेंस फ्रंट से जुड़ा कुख्यात आतंकवादी हाशिम मूसा है। हाशिम मूसा उन चार आतंकवादियों में भी शामिल है, जिन्होंने इस घटना को अंजाम दिया था। यह भी सामने आ रहा है कि इस हमले की पूरी साजिश पाकिस्तान की खुफिया एजेंसी आईएसआई के निर्देश पर रची गई थी। आईएसआई का इंडिया डेस्क प्रमुख ब्रिगेडियर खालिद शहजाद और आईएसआई प्रमुख आसिम मलिक के साथ-साथ पाकिस्तानी सेना प्रमुख जनरल आसिम मुनीर भी इस साजिश में शामिल थे।



सुरक्षाबलों ने हमले के बाद चार संदिग्धों के स्कैच जारी किए थे, इनमें से एक हाशिम मूसा से हूबहू मैच किया है।


सीमा पर तनाव के बीच कांग्रेस-भाजपा में पोस्टर वॉर पेज...8 पर





लिवरपूल ने अपना 20वां प्रीमियर लीग खिताब जीता !


# तबादला नीति पर राज्य कैबिनेट की मुहर प्रदेश में 1 से 30 मई तक होंगे तबादले

## चंबल के आसपास बनेगा तीन हजार मेगावाट का सोलर पार्क

**विशेष संवाददाता, भोपाल।** प्रदेश कैबिनेट ने मंगलवार को अपनी पूर्व घोषणा के अनुसार राज्य की नई तबादला नीति पर मुहर लगा दी है। 1 से 30 मई तक विभाग तबादले कर सकेंगे। इसमें मंत्री और प्रभारी मंत्रियों की अनुशंसा पर भी तबादले होंगे। विभागों को अलग से नीति बनाने की छूट दी गई है। इसके अलावा कैबिनेट बैठक में कई अहम प्रस्तावों को हरी झंडी दी गई। मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने पिछली कैबिनेट में प्रदेश में 1 से 30 मई के बीच अधिकारी-कर्मचारियों के तबादले की बात कहते हुए नई नीति को कैबिनेट में लाने का आश्वासन दिया था। जिसे अब पूरा किया गया। पिछली तबादला नीति की तुलना में इस नीति में कुछ बदलाव किए गए है। बैठक के बाद नगरीय विकास एवं आवास मंत्री कैलाश विजयवर्गीय ने बताया कि नई तबादला नीति में साफ तौर पर कहा गया है कि निर्धारित समय पर विभाग जो भी तबादले करेगा, उसकी सूची अपने पोर्टल पर डालनी होगी। ■ शेष पृष्ठ 7 पर



### सरकार का फोकस ग्रीन एनर्जी पर

विजयवर्गीय ने कहा कि राज्य बिजली उत्पादन के मामले में सरप्लस है, लेकिन हम ग्रीन एनर्जी पर भी फोकस कर रहे हैं। इसके लिए कैबिनेट ने चंबल या उसके आसपास तीन हजार मेगावाट का सोलर पार्क बनाने का निर्णय लिया है। जहां से उत्तरप्रदेश को उनकी मांग के अनुसार बिजली उपलब्ध कराई जाएगी। विजयवर्गीय ने बताया कि बरसात के दौरान मध्यप्रदेश में बिजली की मांग कम हो जाती है, जबकि यूपी में बढ़ जाती है। प्रस्ताव में एक हजार मेगावाट कंपोजिट प्लान में रहेगी, जबकि 2 हजार मेगावाट उत्तरप्रदेश को दी जा सकेगी।

### यूपीएस के लिए की समिति गठित

विजयवर्गीय ने बताया कि केंद्र सरकार की यूनिफाइड पेंशन योजना यानी यूपीएस के लिए 6 अधिकारियों की समिति बनाई गई है। इसमें अशोक वर्णवाल, मनीष रस्तोगी, तन्वी सुंद्रियाल, लोकेश जाटव, अजय कटेसरिया और जेके शर्मा को शामिल किया गया है। यह समिति भारत सरकार की गाइडलाइन का अध्ययन कर कर्मचारियों के लिए वैकल्पिक रुप से पेंशन स्कीम का प्रस्ताव तैयार करेगी।

### महंगाई भत्ते की घोषणा पर मुहर

पिछले दिनों सीएम ने कर्मचारियों महंगाई भत्ता पांच प्रतिशत बढ़ाने की घोषणा की थी। इस पर कैबिनेट ने मुहर लगा दी। विजयवर्गीय ने कहा कि मध्यप्रदेश ऐसा राज्य बन गया है, जो अपने कर्मचारियों को केन्द्र के समान 55 प्रतिशत मंहगाई भत्ता देगा।

### ऑफ बीट

## सॉफ्टवेयर डेवलपर का 4 साल से कार बनी घर



*लोग मेहनत की कमाई लगाकर घर बनाते हैं, ताकि उनका जीवन आराम से बीते। हालांकि, क्या हो अगर आपको किसी कारण के चलते शिद्दत से बनाए घर को छोड़कर कार में जीवन बिताना पड़े? ऐसा ही कुछ चीन के एक सॉफ्टवेयर डेवलपर के साथ हुआ, जो अपना 4 मंजिला घर को छोड़कर 4 साल से कार के अंदर रह रहे हैं। हालांकि, उनकी असामान्य जीवनशैली का चयन पैसा बचाने के लिए नहीं है। दक्षिणी चीन के गुआंगडोंग प्रांत के झांग युनलाई 6 साल पहले शेनझेन चले गए थे। वह 4 साल से कार में ही सोते हैं, खाते हैं और रहते हैं। शुरुआती महीनों में वह रोजाना फ्लैट से ऑफिस जाते थे, जिसका किराया 29,225 रुपए था। एक पार्क में कैम्पिंग के अनुभव ने उन्हें जीवन जीने का नया तरीका अपनाने के लिए प्रेरित किया। झांग ने इलेक्ट्रिक कार खरीदी और पिछली सीट पर गद्दा आसानी से रखा जा सकता था।*

### आईपीएल में आज

IPL 2025 TATA IPL

**पंजाब बनाम चेन्नई**

समय : शाम 7.30 बजे से

प्रसारण: स्टार स्पोर्ट्स और जियो हॉटस्टार पर

**परिणाम:** कोलकाता ने दिल्ली को 14 रन से हराया।

# पेगासस रिपोर्ट को सार्वजनिक करने से सुप्रीम कोर्ट का इंकार

## देश की सुरक्षा से जुड़ी जानकारी सड़क पर चर्चा के लिए नहीं

**नई दिल्ली, जेएनएन।** पेगासस जासूसी रिपोर्ट को सार्वजनिक करने से सुप्रीम कोर्ट ने इंकार कर दिया है। जस्टिस सूर्यकांत और जस्टिस एन कोटेश्वर सिंह की बेंच ने मंगलवार को कहा कि देश की सुरक्षा और संप्रभुता से जुड़ी किसी भी रिपोर्ट का खुलासा नहीं किया जाएगा। व्यक्तिगत आशंकाओं का समाधान किया जा सकता है, लेकिन टेक्निकल पैनल की रिपोर्ट सड़कों पर चर्चा के लिए नहीं हो सकती। अगली सुनवाई 30 जुलाई को होगी। बता दें कि 2021 में एक पोर्टल ने अपनी रिपोर्ट में दावा किया था कि केंद्र सरकार ने 2017 से 2019 के दौरान करीब 300 भारतीयों की पेगासस स्पाइवेयर के जरिए जासूसी की। इनमें पत्रकार, वकील, सामाजिक कार्यकर्ता, विपक्ष के नेता और बिजनेसमैन शामिल थे। अगस्त 2021 में मामला सुप्रीम कोर्ट पहुंचा। कोर्ट ने अक्टूबर 2021 में जांच के लिए रिटायर्ड जस्टिस आरवी रवींद्रन की अध्यक्षता में कमेटी बनाई। अगस्त 2022 में इसकी रिपोर्ट आई। इसमें कहा गया कि 29 फोन की जांच की गई, उनमें पेगासस का कोई सबूत नहीं मिला, लेकिन उनमें से 5 में मैलवेयर पाया गया। इसी रिपोर्ट को सार्वजनिक करने की मांग की गई थी। वकील श्याम दीवान ने यह मांग की थी। उन्होंने सीलबंद लिफाफे में सौंपी गई रिपोर्ट को बिना किसी संशोधन के सार्वजनिक करने की मांग की थी। गौरतलब है कि भारत ने 2017 में इजराइल से पेगासस खरीदा था। इस सॉफ्टवेयर को 2 अरब डॉलर (करीब 15 हजार करोड़ रुपए) की डिफेंस डील में खरीदा गया था। इसी डील में भारत ने एक मिसाइल सिस्टम और कुछ हथियार भी खरीदे थे। इस बात का खुलासा एक अमेरिकी अखबार ने किया था।



### निजता के अधिकार की रक्षा जरूरी

पेगासस मामले में पत्रकार परंजॉय गुहा ठाकुरता की ओर से पेश वकील कपिल सिब्बल ने कहा कि वॉट्सएप ने खुद ही खुलासा किया था कि मोबाइल की हुई थी। उस समय सुप्रीम कोर्ट के जस्टिस ने भी हैकिंग होने के संकेत नहीं दिए थे। लिहाजा पेगासस जांच रिपोर्ट का संशोधित हिस्सा उन लोगों को मिलना चाहिए, जिनकी जासूसी हुई है। सुप्रीम कोर्ट ने इस बात को स्वीकार किया कि जनता की निजता के अधिकार की रक्षा होनी चाहिए। सरकार को निजता की सुरक्षा के प्रति सतर्क रहना चाहिए, लेकिन रिपोर्ट को सार्वजनिक करना ठीक नहीं रहेगा।

# कॉमनवेल्थ गेम्स मामले में मनी लॉन्ड्रिंग का कोई सबूत नहीं, ईडी की क्लोजर रिपोर्ट को कोर्ट ने किया स्वीकार

### कलमाडी समेत सभी आरोपियों को क्लीनचिट

**नई दिल्ली, जेएनएन।** साल 2010 में कॉमनवेल्थ गेम्स के आयोजन से जुड़े मनी लॉन्ड्रिंग मामले में ईडी की क्लोजर रिपोर्ट को दिल्ली के राउज एवेन्यू कोर्ट ने स्वीकार कर लिया। इस फैसले से 13 साल पुराने इस मामले में मनी लॉन्ड्रिंग के आरोपों का अंत हो गया है। कोर्ट ने पूर्व कॉमनवेल्थ गेम्स आयोजन समिति के प्रमुख सुरेश कलमाडी, महासचिव ललित भनोट और अन्य आरोपियों के खिलाफ चल रही जांच समाप्त कर दी। ईडी और सीबीआई के स्पेशल जज संजीव अग्रवाल ने अपने आदेश में कहा कि सीबीआई पहले ही भ्रष्टाचार के मामले में आरोपियों को बरी करने की सिफारिश कर चुकी है। इसके आधार पर ईडी ने मनी लॉन्ड्रिंग की जांच शुरू की थी। कोर्ट ने ईडी के इस तर्क को स्वीकार किया कि मनी लॉन्ड्रिंग के अपराध की कोई पुष्टि नहीं हुई है और इसलिए मामले को आगे बढ़ाने का कोई कारण नहीं है। बता दें कि सीबीआई ने आरोप लगाया था कि कॉमनवेल्थ गेम्स के लिए दो महत्वपूर्ण अनुबंधों के अवैध आवंटन से आयोजन समिति को 30 करोड़ का नुकसान हुआ था। हालांकि, सीबीआई ने जनवरी 2014 में इस मामले में समापन रिपोर्ट दायर की थी, जिसमें कहा गया था कि कोई भी आपत्तिजनक साक्ष्य सामने नहीं आए और आरोपों को साबित नहीं किया जा सका। सीबीआई की जांच के आधार पर ईडी ने मनी लॉन्ड्रिंग की जांच प्रारंभ की थी। अब उसमें भी कुछ नहीं मिला। भारत में कॉमनवेल्थ गेम्स का आयोजन अक्टूबर 2010 में हुआ था। इसकी तैयारियों में भ्रष्टाचार के तमाम आरोप लगाए गए थे। सीएजी की रिपोर्ट के बाद सीबीआई ने एक दर्जन से ज्यादा केस दर्ज किए थे।



### कांग्रेस ने कहा- माफी मांगें मोदी और केजरीवाल

कांग्रेस ने प्रधानमंत्री मोदी और दिल्ली के पूर्व सीएम अरविंद केजरीवाल से माफी की मांग की। कांग्रेस ने कहा कि पूर्व प्रधानमंत्री डॉ. मनमोहन सिंह और पूर्व मुख्यमंत्री शीला दीक्षित पर नरेंद्र मोदी और केजरीवाल द्वारा लगाए गए आरोप झूठे थे। केजरीवाल और भाजपा ने जुगलबंदी करके कांग्रेस को बदनाम करने के लिए 2जी और कॉमनवेल्थ जैसे झूठे घोटाले गढ़े। 2जी का सच पहले ही अदालत में सामने आ चुका था। आज कॉमनवेल्थ मामले में भी ईडी की क्लोजर रिपोर्ट को अदालत ने स्वीकार कर लिया है।

### पीएमओ का निर्देश -मेडिकल छात्रों को दिलाएं स्टाइपेंड

**नई दिल्ली, जेएनएन।** चिकित्सा छात्रों को स्टाइपेंड (वजीफा) न मिलने की समस्या पर प्रधानमंत्री कार्यालय (पीएमओ) ने केंद्रीय स्वास्थ्य मंत्रालय को उचित कार्रवाई करने का निर्देश दिया है। यह कार्रवाई उन मेडिकल कॉलेजों के खिलाफ की जानी है, जो अपने इंटर्न और पोस्ट ग्रेजुएट रेजिडेंट्स को स्टाइपेंड का भुगतान नहीं कर रहे हैं। पीएमओ ने स्वास्थ्य मंत्रालय से कहा है कि चिकित्सा छात्रों को स्टाइपेंड का भुगतान सुनिश्चित कराएं। विद्यार्थी जब मेडिकल शिक्षा ग्रहण करने जाता है, तो वह एक तरह से समाज की सेवा ही करता है।ऐसे में उसके अधिकारों का हनन नहीं होना चाहिए।

बैंक-बिल्डर गठजोड़ पर सुप्रीम कोर्ट सख्त, मकान खरीदने वालों का हित देखा

# सुपरटेक की जांच का सीबीआई को आदेश

**नई दिल्ली, जेएनएन।** सुप्रीम कोर्ट ने सीबीआई को दिल्ली-एनसीआर इलाकों में रियल एस्टेट डेवलपर्स और बैंकों के बीच के गठजोड़ को तोड़ने का आदेश दिया। कोर्ट ने सीबीआई को आदेश दिया कि सुपरटेक लिमिटेड के खिलाफ जांच करें। इसी मामले में हरियाणा सरकार को एसआईटी बनाने का भी निर्देश दिया। जस्टिस सूर्यकांत और जस्टिस एन. कोटिश्वर सिंह की बेंच घर खरीदने वालों की याचिकाओं पर सुनवाई कर रही थी। इन लोगों ने एनसीआर के इलाके, जैसे- नोएडा, ग्रेटर नोएडा और गुरुग्राम में सब्सिडी योजनाओं के तहत फ्लैट बुक कराए थे। लोगों का आरोप है कि बैंक उन्हें ईएमआई देने का दबाव डाल रहे हैं, जबकि उन्हें घर का पजेशन ही नहीं मिला। सुप्रीम कोर्ट ने ग्रेटर नोएडा, नोएडा अथॉरिटी, सेक्रेटरी, गृह और नगरीय प्रशासन मंत्रालय को निर्देश दिया कि एक हफ्ते में अपने सीनियर-मोस्ट अफसरों को नोडल अधिकारी बनाएं, जो जरूरत पड़ने पर एसआईटी की मदद करें।


### शैक्षिक मामलों में बीसीआई का दखल अनुचित

**नई दिल्ली।** सुप्रीम कोर्ट ने मंगलवार को बार काउंसिल ऑफ इंडिया (बीसीआई) द्वारा देशभर में लॉ कॉलेजों के शैक्षणिक मामलों में हस्तक्षेप किए जाने पर कड़ी नाराजगी जाहिर की। शीर्ष अदालत ने कहा-देश में कानूनी शिक्षा के मुद्दे पर बीसीआई को क्यों हस्तक्षेप करना चाहिए, यह तो काम शिक्षाविदों का है।

**मर्जर मिस्ट्री** | 30 अप्रैल 1949 को हुए थे 'भोपाल मर्जर एग्रीमेंट' पर हस्ताक्षर, वर्षों से लापता है दस्तावेज

# भोपाल की सबसे बड़ी गुत्थी बना 'मर्जर डाक्यूमेंट'

**जागरण, भोपाल।** 'वह एक दस्तावेज था, महज एक समझौता नहीं, इतिहास की वह कड़ी जिसे जोड़ने के लिए बरसों संघर्ष हुआ, खून बहा, और आखिर वह दिन आया, जब भोपाल को राजनीतिक अस्थिरता से निकाल कर भारत के नक्शे पर लाया गया।' आज से ठीक 76 साल पहले, यानी 30 अप्रैल 1949 को वह ऐतिहासिक दिन था, जब 'भोपाल मर्जर एग्रीमेंट' पर हस्ताक्षर हुए। लेकिन यह दस्तावेज आज भी अपनी 'गुमशुदगी' के कारण उतना ही रहस्यमय है, जितना 1949 में था।



### खो गया, या छिपा लिया गया

इतिहासकार डॉ. आलोक गुप्ता की मानें तो यह मर्जर एग्रीमेंट 'रहस्यमयी ढंग से गुम' हो गया। ये शब्द यूं ही नहीं कहे गए- यह वह दस्तावेज था जो न केवल भोपाल के भारत में विलीनीकरण को वैधता देता, बल्कि नवाब और भारत सरकार के बीच हुए समझौतों को भी स्पष्ट करता। यह 'मर्जर मिस्ट्री' आज भी हमारी सरकारी फाइलों, अभिलेखागारों और चेतना से नदारद है।

### भोपाल गौरव दिवस: खोई हुई स्मृति की वापसी

1 जून को अब हर साल 'भोपाल गौरव दिवस' के रूप में मनाया जाता है। यह परंपरा भी उसी संघर्ष का परिणाम है जो कभी रियासत की सत्ता को जनता के सामने जवाबदेह बनाने के लिए चला था। यह महज एक दिन नहीं, एक याद है, एक प्रतीक है उस संघर्ष का जो आज भी आधिकारिक अभिलेखों से गायब है।

### जन संघर्ष की विरासत और उसकी कीमत

डॉ. आलोक गुप्ता पिछले तीन दशकों से इस इतिहास को जन-जन तक पहुंचाने में जुटे हैं। उनकी शोध और हाल ही में आई किताब 'मध्यप्रदेश में स्वाधीनता आन्दोलन: भोपाल' में इस पूरे घटनाक्रम को विस्तार से दर्ज किया गया है। भोपाल विलीनीकरण आंदोलन वह जनआंदोलन था जिसमें आम जनता ने अपनी रियासत को लोकतांत्रिक भारत में लाने के लिए जान की बाजी लगाई। गोलीकांड, गिरफ्तारियां और डर के बावजूद जनता टिकी रही, तभी जाकर भोपाल ने आजादी का असली स्वाद चखा।

### भोपाल का विलय

**एक सधी हुई रणनीति एक अधूरा दस्तावेज**

मर्जर एग्रीमेंट महज एक औपचारिकता नहीं थी, यह उस जन-आंदोलन का परिणाम था जिसमें जनता की आवाज, गोलीकांड की गूंज और सरदार पटेल की राजनीतिक चतुराई, सब शामिल थे। बोरास गोलीकांड के बाद केंद्र सरकार ने स्थिति संभालने के लिए वी. पी. मेनन को भेजा। जनवरी 1949 में भोपाल पहुंचे मेनन ने नवाब हमीदुल्ला खान से कई दौर की बातचीत की। नवाब जनमत संग्रह और अपनी बेटी को प्रशासन सौंपने की जिद पर अड़े थे, लेकिन उन्हें समझाया गया कि यह न तो व्यावहारिक है और न ही राजनीतिक रूप से स्वीकार्य। अंततः नवाब ने प्रशासन अपने हाथ में लिया और 30 अप्रैल को मर्जर एग्रीमेंट पर हस्ताक्षर की बात तय हुई। पर यह दस्तावेज बाद में रहस्यमयी ढंग से 'गायब' हो गया।

### चारधाम यात्रा आज से छह नवंबर तक चलेगी

**नई दिल्ली, जेएनएन।** चारधाम यात्रा बुधवार से प्रारंभ होगी जो 6 नवंबर तक चलेगी। इस यात्रा में दो करोड़ लोगों के शामिल होने की उम्मीद है। दरअसल, 20 लाख से ज्यादा श्रद्धालु यात्रा शुरू होने से पहले ही ऑनलाइन रजिस्ट्रेशन करा चुके हैं। रजिस्ट्रेशन अब भी जारी हैं। मीडिया रिपोर्ट में कहा गया है कि पूरे मई माह तक रजिस्ट्रेशन जारी रहेंगे। बता दें कि चार धाम यात्रा यमुनोत्री से शुरू होती है। जिसके बाद गंगोत्री, फिर केदारनाथ और अंत में बद्रीनाथ धाम जाकर समाप्त होती है। इस यात्रा में सम्मिलित होने के लिए रजिस्ट्रेशन कराना जरूरी होता है।

### जस्टिस गवई सीजेआई नियुक्त, 14 को शपथ

**नई दिल्ली, जेएनएन।** न्यायमूर्ति भूषण रामकृष्ण गवई को मंगलवार को भारत का अगला प्रधान न्यायाधीश (सीजेआई) नियुक्त किया गया। वे 14 मई को पदभार संभालेंगे। मौजूदा सीजेआई न्यायमूर्ति संजीव खन्ना का 13 मई को कार्यकाल समाप्त हो रहा है। जस्टिस गवई उनकी जगह लेंगे। वे देश के दूसरे दलित मुख्य न्यायाधीश हैं। कानून मंत्रालय ने जस्टिस गवई की भारत के 52वें मुख्य न्यायाधीश के रूप में नियुक्ति की अधिसूचना जारी कर दी है। निर्धारित प्रक्रिया के अनुसार उनका नाम 16 अप्रैल को सीजेआई खन्ना द्वारा सरकार को सिफारिश के रूप में भेजा गया था। जस्टिस गवई का कार्यकाल छह महीने का होगा और वह 23 दिसंबर को 65 वर्ष की आयु पूरी करने पर वे सेवानिवृत्त होंगे।



पिता का सपना पूरा करने क्रिकेटर बने वैभव (पेज 11)



# सुबह धूप ने जलाया, दोपहर में मंडराए बादल, आंधी और बारिश ने डराया



## कई जगहों पर गिरे ओले, आम के फसलों को हुआ नुकसान तापमान में आई गिरावट

**जागरण, रीवा।** जिले में मंगलवार की दोपहर फिर बरसात हुई। मंगलवार की दोपहर आंधी-तूफान के साथ जिले कई हिस्सों में तेज पानी गिरा। गरज-चमक के समेत जिलेभर में बौछार पड़ी। करीब 52 किलोमीटर की रफ्तार से हवाएं चलीं। शहर में कई जगह चने बराबर ओले भी गिरे। ऐसे ही, अंचलों में भी कई जगह ओलावृष्टि हुई। तो कहीं-कहीं आंधी-वर्षा की स्थिति बनी। विदित हो कि जिले में मौसम बदलने का यह क्रम गत रविवार से ही प्रारम्भ हो गया था। गत रविवार को भी जिले में आंधी-वर्षा की स्थिति बनी थी। इसके बाद भी आसमान में बादल कायम रहे। अब मंगलवार को पुनः आंधी-वर्षा ने जिलेवासियों को हलाकान कर दिया। शहर में मंगलवार को तेज आंधी और वर्षा का क्रम घंटेभर चला, लिहाजा सड़कों में पानी भर गया। गांवों के कच्चे ढर्रे पानी गिरने से कीचड़ से भर गए। वहीं लगातार दो दिन से इस तरह मौसम बदलने के कारण किसान को बड़ी परेशानी का सामना करना पड़ा। इसके बाद भी, मंगलवार की देर शाम तक जिले में तेज हवाओं के चलने का क्रम जारी रहा। मौसम विभाग ने अभी अगले 24 घंटे जिले में गरज-चमक के साथ वर्षा होने का अनुमान जताया है।

### इन कारणों से बदला मौसम

गौरतलब है कि बीते सप्ताह ही जिले में एक दिन लगातार तेज आंधी सहित जिलेभर में वर्षा हुई। मौसम विभाग ने बताया कि प्रदेश के ऊपरी हिस्से में एक प्रति चक्रवात बना हुआ है। साथ ही दक्षिण-पूर्व मध्य प्रदेश से तमिलनाडु तक द्रोणिका लाइन भी बनी है। इसके अतिरिक्त प्रदेश में एक पश्चिमी विक्षोभ भी सक्रिय है। इन कारणों से जिले में अगले एक-दो दिन में कुछ वर्षा हो सकती है।

### तापमान में हुआ बदलाव

बहरहाल, मंगलवार को मौसम बदलने से लोगों को कम गर्मी महसूस हुई। रात तक आसमान पर हल्के बादल तफरी करते रहे। मौसम बदलने से मंगलवार को जिले के तापमान में उलटफेर हुआ। बताया गया कि मंगलवार को दिन का तापमान बीते दिन 0.9 डिग्री सेल्सियस अधिक 39.4 डि.से. दर्ज किया गया। इसी तरह न्यूनतम तापमान भी गत दिवस की अपेक्षा 3.5 डि.से. की बढ़त के साथ 23.5 डि.से. पर कायम हुआ। अब फिलहाल एक-दो दिन जिले के तापमान में कुछ कमी आ सकती है, उसके बाद फिर दिन और रात का तापमान जबरदस्त उछाल मारेगा।

### घंटों गुल रही बिजली

मंगलवार की दोपहर साढ़े 3 बजे के लगभग तेज आंधी आने का सिलसिला शुरू हुआ, जो देर शाम तक चलता रहा। इस आंधी-तूफान का बुरा असर सबसे ज्यादा ग्रामीण क्षेत्रों में पड़ा। कई गांवों में बड़े पेड़ धराशायी हो गए। दर्जन भर से अधिक बिजली के खम्भे गिरने की खबर है। ऐसी स्थिति में कई गांव रातभर अंधेरे में रहे। कुछ गांवों में तो मंगलवार को पूरे दिन बिजली गुल रही। शहर के भी कुछ हिस्सों में बिजली के आने-जाने का सिलसिला चलता रहा।

**कई जगहों पर ओलावृष्टि भी हुई**

दोपहर में अचानक मौसम बदल गया। तेज हवाएं चलने लगी। इसके बाद बारिश का दौर शुरू हो गया। रीवा शहर के कुछ हिस्सों में ओलावृष्टि भी हुई। चने के आकार के ओले गिरे। हालांकि ज्यादा ओलावृष्टि नहीं हुई। ग्रामीण क्षेत्रों में भी ओलावृष्टि की सूचना सामने आई है। ओलावृष्टि और बारिश के कारण मौसम में ठंडक घुल गई है। लोगों को भीषण गर्मी से राहत मिली है।

# हर घर जल पहुंचाना था लेकिन डोंढ़ी गांव के लोग पानी 2 किमी दूर से लाने को मजबूर

## गांव में न तो बिजली, न पानी जरमोहरा बांध से बुझ रही गांव वालों की प्यास



**जागरण, रीवा**

सरकार हर घर जल पहुंचाने के लिए करोड़ों फूल रही है। जल जीवन अभियान चलाया जा रहा है। जल निगम पानी की टंकियां बनाने और पाइप लाइन बिछाने का दावा कर रहा है। इनके दावों की पोल ग्राम पंचायत बरहा मुड़वार के ग्राम डोंढ़ी के हालात खोल रहे हैं। इस गांव के रहवासी जो जंगल किनारे निवास कर रहे हैं, रोजमर्रा की मूलभूत सुविधाचाओं से वंचित हैं। ग्राम के रहवासियों ने बताया कि उनके यहां पेयजल की कोई व्यवस्था है। ग्राम से करीब दो किमी दूर जरमोहरा बांध है, एकमात्र वही बांध उनकी प्यास बुझाने का सहारा है। सारे ग्रामवासी एकत्र होकर बांध पर पानी भरने जाते हैं और साथ में अपने-अपने मवेशियों को भी ले जाते हैं। वहीं पकड़े वगैरह धोने व नहाने के बाद पानी भरकर लाते हैं। इसी पानी से गांव की प्यास बुझ रही है। सालों से यही हालात हैं लेकिन सरकार इनकी समस्या दूर करने में फेल हो रही है। सब कुछ कागजों में चल रहा है।

### बांध का पानी पीने लायक नहीं

ग्राम के ददुआ यादव व अन्य ग्रामवासियों ने बताया कि बांध का पानी पीने लायक नहीं रहता। कारण उसमें मवेशी भी उतर जाते हैं इसके अलावा कई लोग निवृत्त होने के बाद हाथ-पैर आदि धोने में बांध के पानी का ही उपयोग करते हैं। लेकिन ग्रामवासियों की मजबूरी है कि उसी पानी का उपयोग करना पड़ता है। पानी भरकर लाते हैं, उसे छानते हैं और गर्म करने के बाद उसका उपयोग करते हैं। कई बार ग्राम पंचायत से मांग कर चुके हैं, लेकिन अभी तक तो किसी ने कोई सुनवाई नहीं की। ग्रामवासी जनसुनवाई में भी आवेदन दे चुके हैं, लेकिन वहां से भी कोई हल नहीं निकला।

### बिजली के अभाव में रह रहे अंधेरे में

ग्राम डोंढ़ी में जहां पर वे लोग निवास कर रहे हैं वहां जंगल है। जंगल के समीप ग्रामवासी लंबे समय से निवासरत हैं। लेकिन अभी तक उनके गांव में कोई सुविधा नहीं पहुंची, आज भी ग्रामवासियों को बिजली के अभाव में अंधेरे में रात गुजारना पड़ रही है। ग्राम में सड़क की कोई सुविधा नहीं, सड़क न होने से आवागमन में भी दिक्कत होती है। खासकर वर्षाकाल के दौरान ग्रामवासियों को कही जाना-आना हो तो बड़ी कठिनाई होती है। ग्रामवासियों ने बताया कि वे लोग शासन की अन्य योजनाओं के लाभ से भी वंचित हैं।

# परशुराम जयंती पर निकाली जाएगी शोभायात्रा, बैठक में रणनीति तय



**जागरण, रीवा।** सनातन धर्म के तेजस्वी प्रतीक, ब्राह्मणत्व के शौर्य अवतार और धर्म की अमर गाथा के साक्षी भगवान परशुराम की जयंती के उपलक्ष में भव्य शोभा यात्रा व सांस्कृतिक आयोजन का आगाज होने जा रहा है। इस पावन अवसर पर आयोजन समिति अखिल भारतीय ब्राह्मण महासभा द्वारा प्रमुख बैठक राम हर्षण कुंज मंदिर, पीटीएस में संपन्न हुई, जिसमें यात्रा के समस्त पहलुओं पर विस्तृत चर्चा की गई।

शोभायात्रा बुधवार शाम साढ़े 4 बजे राम हर्षण मंदिर, पीटीएस से प्रारंभ होकर अस्पताल चौराहा से शिल्पी प्लाजा, शिल्पी प्लाजा से शिव मंदिर कोठी कंपाउंड तक निकाली जाएगी। भगवान परशुराम के जीवन चरित्र पर आधारित झांकियां एवं प्रदर्शनी, भक्तिमय भजन-कीर्तन एवं सांस्कृतिक कार्यक्रम, धार्मिक प्रवचन एवं आध्यात्मिक उद्‌बोधन, समाज के सभी वर्गों के लिए सामूहिक भोज प्रसाद वितरण किया जाएगा। अखिल भारतीय ब्राह्मण महासभा राष्ट्रीय कार्यकारी अध्यक्ष विजय मोहन तिवारी ने आह्वान किया कि यह शोभायात्रा महज रस्म नहीं, अपितु सनातन संस्कृति के प्रति हमारी आस्था का जीवंत प्रमाण है। भगवान परशुराम का जीवन धर्म, न्याय और संघर्ष की प्रेरणा से भरा है। उन्होंने अधिक से अधिक शहरवासियों से शोभायात्रा में शामिल होने की अपील की है।

### भगवान परशुराम जयंती पर उप मुख्यमंत्री ने दी शुभकामनाएं

**रीवा।** तप, त्याग और पराक्रम के प्रतीक भगवान विष्णु के छठे अवतार भगवान परशुराम जी की जयंती के अवसर पर मध्य प्रदेश के उप मुख्यमंत्री राजेन्द्र शुक्ल ने प्रदेशवासियों को हार्दिक शुभकामनाएं दीं हैं। उप मुख्यमंत्री श्री शुक्ल ने कहा कि भगवान परशुराम का जीवन अन्याय के विरुद्ध संघर्ष और धर्म की स्थापना का प्रतीक है। हम सभी को उनके आदर्शों से प्रेरणा लेकर समाज में न्याय, सद्भावना और सेवा का भाव बढ़ाने का संकल्प लेना चाहिए।

### भगवान परशुराम जयंती पर आज परशुराम आश्रम में होंगे विविध कार्यक्रम

**रीवा।** भगवान परशुराम जयंती पर ब्राम्हण समाज द्वारा 30 अप्रैल को जगह-जगह कार्यक्रमों का आयोजन किया जाएगा। इसी तारतम्य में परशुराम आश्रम में भी सुबह से ही भगवान परशुराम की पूजा अर्चना प्रारंभ कर दी जाएगी। इसके साथ ही दिनभर धार्मिक कार्यक्रम आयोजित किये जाएंगे। भगवान परशुराम जयंती समारोह के मुख्य आयोजक आनंद सागर पाण्डेय ने बताया कि परशुराम आश्रम में होने वाले जयंती समारोह में जिले भर से लोग शामिल होने के लिए आ रहे हैं। यहां पर हर वर्षों की भांति इस वर्ष भी भगवान परशुराम की पूजा की जाएगी। इसके पश्चात यहां धर्म संसद का भी आयोजन किया जाएगा। धर्म संसद के बाद आश्रम में विशाल भंडारे का आयोजन किया गया है। श्री पाण्डेय ने हिन्दू समाज के लोगों से भगवान परशुराम जयंती के भंडारे में अधिक से लोगों से प्रसाद ग्रहण करने की अपील की है।

## डॉक्टर साहब कहिन



### गर्भवती महिलाएं सावधानियां बरतें तो नहीं होंगी प्रसव में दिक्कतें

गर्भवती महिलाएं कुछ चीजों को ध्यान में रखें तो होने वाली दिक्कतों से बच सकती हैं। गर्भावस्था के दौरान महिलाओं के शरीर में शारीरिक, हार्मोनल और मानसिक परिवर्तन होते हैं। मां और गर्भस्थ शिशु की स्वास्थ्य सुरक्षा के लिए इस समय विशेष सावधानियां बरतने की जरूरत होती है। जरा सी लापरवाही मां और गर्भ में पल रहे बच्चे की जान को जोखिम में डाल देता है। गर्भावस्था में उचित देखभाल, संतुलित आहार, नियमित जांच और मानसिक संतुलन मां और शिशु दोनों के लिए अत्यंत आवश्यक हैं। कुछ चीजों का ध्यान रखकर गर्भवती महिलाएं स्वस्थ्य शिशु को बिना किसी दिक्कत के जन्म दे सकती हैं।

### प्रसव पूर्व यह जांच जरूर कराएं

गर्भावस्था की पुष्टि होते ही नजदीकी स्वास्थ्य केन्द्र या स्त्री रोग विशेषज्ञ से संपर्क करें। नियमित रूप से ब्लड प्रेशर, हीमोग्लोबिन, ब्लड, शुगर, यूरिन जांच, अल्ट्रासाउंड आदि करवाएं।

**संतुलित आहार लें और यह जरूर करें**

आयरन कैल्शियम, फोलिक एसिड, प्रोटीन, विटामिन युक्त भोजन लें। हरी पत्तेदार सब्जियां, दूध व दूध से बने उत्पाद , अंडा, फल , दालें और साबुत अनाज आहार में शामिल करें। 8 से 10 गिलास पानी पिएं। व्यायाम और शारीरिक गतिविधियां जरूर करें गर्भवती महिलाएं टहलना, प्रसव योग, प्राणायाम लाभ दायक होता है। भारी सामान उठाने, तेज दौड़ने या तनावपूर्ण गतिविधियां से बचें। लंबी देर तक खड़े रहने या बैठने से बचें। सकारात्मक सोच रखें, तनाव से दूर रहें। संगीत, पुस्तक पढ़ना, हल्की बातचीत जैसे शौक अपनाएं। हर दिन कम से कम 8 घंटे पर्याप्त नींद लें। आरामदायक कपड़े पहनें।

**इन्हें नजर अंदाज न करें**

गर्भवती महिलाएं कुछ चीजों का विशेष ध्यान रखें। अधिक रक्तस्त्राव, तेज पेट दर्द, अचानक सूजन, सिर दर्द, धुंधला दिखना, भ्रूण की गति में कमी आदि लक्षण दिखाई दें तो तुरंत डाक्टर से संपर्क करें। गर्भवती महिलाओं के लिए निर्धारित टीकाकरण अवश्य कराएं।



**डॉ मोहिता पाण्डेय**
**गायनेकोलॉजिस्ट**
**गांधी स्मृति चिकित्सालय, रीवा**

# सहायक यंत्री संतोष पाण्डेय सहित ननि के 3 कर्मचारी सेवानिवृत्त

**जागरण, रीवा।** नगर निगम में पदस्थ सहायक यंत्री संतोष पाण्डेय, सहायक ग्रेड 3 आनंदीलाल वर्मा एवं उप स्वास्थ्य पर्यवेक्षक शीला कनौजिया को सेवा अवधि पूरी होने पर मंगलवार को सेवानिवृत्त हुए। इनके सेवानिवृत्त होने के उपलक्ष्य में विदाई समारोह का आयोजन किया गया। इन कर्मचारियों की अर्धवार्षिकी सेवा 30 अप्रैल को पूरी होनी है, लेकिन इस दिन अवकाश होने के कारण एक दिवस पूर्व 29 अप्रैल को विदाई समारोह का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में निगमायुक्त डॉ. सौरभ सोनवणे द्वारा तीनों सेवानिवृत्त कर्मचारियों को शाल व श्रीफल से सम्मानित किया गया। निगमायुक्त ने विदाई समारोह के अवसर पर अपने उद्बोधन में सेवानिवृत्त हो रहे कर्मचारियों के उत्कृष्ट कार्यों की प्रशंसा की। आयुक्त ने शुभकामनाएं प्रेषित करते हुए उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की। इस अवसर में कार्यपालन यंत्री एचके त्रिपाठी, राजेश सिंह, सहायक आयुक्त रूपाली द्विवेदी के द्वारा उद्बोधन देकर कर्मचारियों के भविष्य के लिये शुभकामनायें प्रेषित की गईं। समारोह के अंत में उपायुक्त एमएस सिद्दीकी द्वारा आभार व्यक्त किया गया। इस अवसर पर सहायक यंत्री एसके गर्ग, पीएन शुक्ला, अम्बरीश सिंह, सहायक आयुक्त केएन साकेत, रामनरेश तिवारी, स्वास्थ्य अधिकारी बालगोविन्द चतुर्वेदी, मुरारी कुमार एवं अन्य कर्मचारियों के साथ सेवानिवृत्त कर्मचारियों के परिजन उपस्थित रहे।

# किसानों के सामने भींगता रहा अनाज लेकिन कुछ कर नहीं पाए

## बारिश और ओला गिरने से मण्डी में खुले में रखा गेहूं हुआ गीला, किसानों पर भी पड़ी मौसम की मार



**जागरण, रीवा।** शहर की करहिया मण्डी में गेहूं उपार्जन दो स्थानों पर किया जा रहा है। पिछले तीन-चार दिन से मौसम खराब चल रहा है लेकिन जिम्मेदारों ने खरीदा गया गेहूं सुरक्षित स्थान पर रखना उचित नहीं समझा। मंगलवार अपरान्ह अचानक आसमान पर बादल छाए और बारिश होने लगी, बारिश के साथ ही ओले भी गिरे, जिसमें मण्डी परिसर के अंदर खुले में रखा गया गेहूं गीला हो गया। धान उपार्जन के दौरान की लापरवाही गेहूं उपार्जन में भी देखने को मिली। खरीदा गया गेहूं बारदानों में तो भर दिया गया लेकिन बारदानों को सिला नहीं गया था न ही उन्हें छायादार स्थान अथवा गोदाम में रखवाया गया। हजारों टन गेहूं खुले में ही रखा था, जो बारिश के पानी में गीला हो गया, इसका जिम्मा कौन लेगा?

### उपज बेचने आए किसानों का भी नुकसान

बारिश में गेहूं भीगने के बाद जिम्मेदारों ने कुछेक बोरियों पर बरसाती ढंककर औपचारिता निभा ली, यही बरसाती पहले ढांक दी जाती या गेहूं शेड के अंदर रखवा दिया जाता तो ये नौबत ही नहीं आती। वहीं मण्डी में गेहूं बेचने आए किसानों का भी बारिश में नुकसान हो गया। कई किसानों का गेहूं तौलने के पहले ट्रॉली में रखा रह गया था, गेहूं तौला जाता उसके पहले बारिश होने लगी, जिससे ट्रैक्टर ट्रॉली में रखे-रखे ही किसानों द्वारा लाया गया गेहूं गीला हो गया, जिससे किसानों की चिंता बढ़ गई। किसानों ने बताया कि वे लोग यहां गेहूं लेकर सुबह से आ गए थे, लेकिन यहां 11-12 बजे के पहले गेहूं की तौलाई शुरू ही नहीं हो पाती, जिससे किसानों को यहीं भूखे, प्यासे बैठे अपने गेहूं तौलवाने के लिए घंटों इंतजार करना पड़ता है। सुबह समय से गेहूं तौल दिया जाता तो बरसात में उनका गेहूं गीला नहीं होता। गेहूं गीला होने के बाद अब मण्डी वाले भी इसे खरीदने में नाटक करेंगे, और उन्हें दाम भी कम देंगे।

### खेत-खलिहानों में रखी उपज भी गीली

मण्डी के साथ ही अधिकांश किसानों की गेहूं, चने, सरसों आदि फसलें जो अभी खेत व खलिहान में ही रखी थी, बारिश के पानी में गीली हो गई। किसानों का कहना है कि जिन लोगों ने अपनी उपज विक्रय कर दी उन्हें तो नुकसान नहीं, लेकिन जिन किसानों की उपज अभी खेत व खलिहानों में रखी थी उनके गीले होने से क्वालिटी में असर पड़ता है।

### नहीं लेंगे तो वापस घर ले जाएंगे



सुबह से बैठे गेहूं तुलने का इंतजार कर रहे थे। बारिश हो गई, गेहूं गीला हो गया। लेंगे तो ठीक नहीं लेंगे तो वापस घर ले जाएंगे। मवेशियों को खिला देंगे, और क्या कर सकते हैं।

**कमलेश सिंह, किसान**



आज ही गेहूं लेकर आए हैं, अभी लाइन में लगे हैं। तौलाई होगी तो देखते हैं कितना गेहूं गीला हुआ है। खरीदेंगे तो बेच देंगे, नहीं खरीदेंगे तो वापस ले जाएंगे।

**हरि सिंह, किसान**

# चार साल पहले घरों के सामने खोदी खाई, नाली निर्माण आज तक नहीं हुआ

## आए दिन लोग व मवेशी गिरकर हो रहे घायल



**जागरण, रीवा।** ग्राम पंचायत मैदानी के ग्राम बिड़वा में करीब चार साल पूर्व नाली बनाने के लिए लोगों के घरों के सामने खाई खोदी गई थी, लेकिन चार साल बीतने के बाद भी आज तक नाली का निर्माण नहीं हुआ। ग्राम के रमेश कोल, कल्लु कोल, श्याम सुंदर कोल, अंबिका कोल, सियावती कोल, सोनू कोल आदि ने बताया कि ग्राम में तालाब किनारे से लगाकर माताजी मंदिर तक पचास से अधिक परिवार निवास कर रहे हैं, जिनके घरों के सामने नाली निर्माण के लिए चार साल पहले गहरी नाली खोद दी गई थी। किन्तु अभी तक नाली का निर्माण नहीं किया गया।

### हमारे घरों में भरता है पानी

ग्रामवासियों ने बताया कि उनकी बस्ती के सामने नाली नहीं बनाई, जबकि हमारी बस्ती के आगे रहने वाले लोगों ने नाली की जगह पर सड़क बनवा ली है, जिससे नाली बनाने की जगह ही नहीं रह गई। नाली न बनने से हमारे घरों में बरसात का पानी भर आता है। हम लोगों के घरों के सामने अभी भी नाली निर्माण के लिए खोदी गई कच्ची नाली यथावत है। जिसके किनारे डली मिट्टी बरसात के पानी के साथ बहकर फिर से नाली में भर गई, यानी अब नाली निर्माण हुआ भी तो खोदी गई नाली को दोबारा खोदना पड़ेगा। इस नाली में आए दिन कोई न कोई गिरकर इनमें घायल होता है। बस्ती के सामने ही हैंडपंप लगा है, जिससे बहने वाला पानी भी खोदी गई नाली में भरा रह जाता है। आगे जगह नहीं होने से पानी की निकासी नहीं हो पाती, जिसके कारण नाली में भरे पानी में मच्छर पनप कर लोगों को अज्ञात व जानलेवा बीमारियां बांट रहे हैं। ग्राम पंचायत वाले इधर कभी नहीं आते न ही कोई अधिकारी आते हैं। समस्या बताएं भी किसे।

# फुटपाथ में काम करने वालों का जीना हराम

## सपा के पूर्व शहर अध्यक्ष व इन्तजामिया कमेटी छोटी दरगाह के पूर्व उपाध्यक्ष ने की शिकायत



**जागरण, रीवा।** समाजवादी पार्टी के पूर्व शहर अध्यक्ष व इन्तजामिया कमेटी के पूर्व उपाध्यक्ष अकील खान बच्चा ने कलेक्टर को आवेदन देकर शिकायत दर्ज करवाई कि रीवा जिले में फुटपाथ पर काम करने वाले करीब 2 से 3 लाख लोग हैं। फल जूस का ठेला, बेल्ट, कपड़ा, फूल माला, टू व्हीलर के मिस्त्री, जूती-जूता, चाट, मोमोज, ठंडा, गर्म का ठेला एक दिन न लगे तो पूरे परिवार को भूखा सोना पड़ता है। नगर निगम उड़नदस्ता के प्रभारी दो से पांच लोगों ने उनका जीना हराम कर रखा है। दुकान का सारा सामान ले जाते हैं। चाहे व 10 या 15 हजार रुपए का हो, निगम कार्यालय ले जाकर फेंक देते हैं। एक तरफ निगम की मुसीबत तो दूसरी तरफ कुछ पुलिस कर्मी डंडा लेकर इन्हें दौड़ाते हैं। कांग्रेस के कार्यकाल में फुटपाथ व्यापारियों को हटाकर शिल्पी प्लाजा बनाया गया था, अब भाजपा सरकार में मॉल बनाए जा रहे हैं, मॉल बनाने वालों को शासकीय भूमि कौड़ियों के दाम में न देकर उनमें 10 गुणा 10 की दुकानें बनाकर फुटपाथ व्यापारियों को दी जाएं, शहर में चारों तरफ शासकीय भूमि पड़ी हैं, आवेदक ने मांग रखी कि यदि शासकीय मॉल, बिल्डिंग बनाने के लिए दी जाएं तो सिर्फ एक नाम स्व. भैयालाल शुक्ला एवं फुटपाथ व्यापारियों के नाम से बनाइए। स्व. भैयालाल शुक्ला गरीबों के मसीहा थे, गरीबों को साथ लेकर चलने वाले थे। गरीबों के विवाह आदि आयोजनों में शामिल होते थे। फुटपाथ व्यापारियों की व्यवस्था करना भी अति आवश्यक है।

# बीहर नदी के दो घाटों की नगर निगम ने जनसहयोग से कराई सफाई

**जागरण, रीवा।** शहर के बीचों-बीच बह रही बीहर नदी के दो घाटों की जल गंगा संवर्धन अभियान के तहत जनसहयोग से सफाई कराई गई। घाटों में मौजूद गंदगी, प्लास्टिक, कचरे एवं जलकुम्भी की सफाई कराई गई। निगमायुक्त डॉ. सौरभ सोनवणे के निर्देश पर नगर निगम क्षेत्र अंतर्गत जल गंगा संवर्धन अभियान 30 मार्च से 30 जून तक चलाया जा रहा है। इस क्रम में मंगलवार को जोन क्र. 01 कार्यपालन यंत्री राजेश सिंह के नेतृत्व में बीहर नदी के कोतवाली घाट की साफ सफाई कराई गई। इसी प्रकार जोन क्र. 02 कार्यपालन यंत्री एचके त्रिपाठी के नेतृत्व में करहिया घाट से प्लास्टिक, कचरा हटाकर साफ सफाई करने के अलावा गाद एवं जलकुम्भी घाट से हटाया गया। इस अभियान में नगर निगम के अधिकारियों एवं कर्मचारियों के साथ-साथ स्थानीय नागरिकों ने भी सक्रिय सहभागिता निभाई। नागरिकों ने स्वेच्छा से श्रमदान कर सफाई कार्य में योगदान दिया। निगमायुक्त डॉ. सौरभ सोनवणे के निर्देशन में चलाए गए इस विशेष स्वच्छता अभियान का उद्देश्य शहर स्थित जल स्रोतों की साफ सफाई, संरक्षण एवं उन्हें पुनः स्वच्छ और उचित रख रखाव के साथ उपयोगी बनाना है।




## व्यावसायिक काम्प्लेक्स से कूदकर जान देने वाली युवती की नहीं हो सकी पहचान

**रीवा।** शहर के समान चौराहा स्थित एक कॉम्प्लेक्स से कूदकर युवती ने जान दे दी थी। 48 घंटे बाद भी मृतका की पहचान नहीं हो पाई है। पुलिस ने शव को एसजीएमएच की मर्चुरी में सुरक्षित रखवाया है साथ ही सभी थानों को सूचना भिजवाई है। शिनाख्तगी के प्रयास जारी हैं। जानकारी के मुताबिक समान थाने के समदड़िया कॉम्प्लेक्स से रविवार की दोपहर युवती ने कूदकर आत्महत्या की थी। उसकी पहचान के प्रयास पुलिस कर रही है। युवती ने आत्महत्या के पहले अपने पहचान से जुड़े सारे दस्तावेज छत पर जला दिये थे। युवती के पास मोबाइल मिला था, उसको फिंगर टच से पुलिस ने खोल लिया, लेकिन आत्महत्या के पूर्व उसने मोबाइल को फार्मेट कर दिया था। इससे उसके सारे कांटेक्ट नम्बर, फोटो सहित सारी सामग्री डिलीट हो गई थी। युवती ने मोबाइल की सिम भी निकालकर कहीं फेंक दी थी। फिलहाल पुलिस ईएमईआई नम्बर की मदद से मोबाइल के नम्बर का पता लगाने का प्रयास कर रही है। शव अभी मर्चुरी में रखा हुआ है। पहचान नहीं होती है तो तीन दिन बाद पुलिस शव को दफन करा देगी।




## चोरी, लूट और गोली चालन की बढ़ी घटनाएं, एसपी ने क्राइम मीटिंग में कार्रवाई के दिए निर्देश



**रीवा।** पुलिस अधीक्षक विवेक सिंह ने मंगलवार को जिले के एसडीओपी व थाना प्रभारियों की अपराध समीक्षा बैठक ली। शहर में हो रही चोरी, नकबजनी, लूट, गोली चालन, जैसी घटनाओं पर कंट्रोल करने उन्होने पुलिस को दिशा निर्देश दिए। गंभीर अपराध के मामले में गिरफ्तार आरोपी के संबंध में जानकारी एकत्र कर उनकी गतिविधियों पर निगरानी रखने के निर्देश दिए गए है। इसके साथ ही रात्रि गश्त मुस्तैदी से करने, पेंडिंग अपराध/पेंडिंग चलान, महिला संबंधी अपराध, एससीएसटी के प्रकरण एवं राहत प्रकरण तथा किशोर न्यायालय के लंबित प्रकरण पेंडिग 173(8) के अपराध एवं खात्मा खारजी, गम्भीर अपराध, सीएम हेल्प लाइन, के मामले में निराकरण एवं अपराध का समय सीमा के अन्दर निकाल किये जाने के निर्देश पुलिस अधीक्षक ने दिए हैं। पुलिस अधीक्षक ने इसके अलावा व्ही.सी.एन.बी. का उचित संधारण, गुम इंसान एवं अपहृत बालक बालिकाओं की दस्तयाबी, मर्ग निकाल, चिन्हित अपराधों के निकाल, एवं जेल रिहाई, अवैध परिवहन रोकने व अवैध परिवहन पर कड़ी कार्यवाही करनें के संबंध में आवश्यक दिशा निर्देश दिए साथ ही प्रतिबंधात्मक धाराओं के तहत अधिक से अधिक कार्यवाही करते हुए आरोपियों को बाउण्ड ओवर कराए जाने के लिए भी कहा गया है। नशे के कारोबार में संलिप्त आरोपियों के विरुद्ध निरंतर अभियान चलाकर सख्त प्रभावी कार्यवाही करने के निर्देश भी दिए गए हैं। बैठक में एएसपी विवेक कुमार लाल, आरती सिंह,सीएसपी शिवाली चतुर्वेदी, रितु उपाध्याय व जिले के समस्त अनुविभागीय अधिकारी एवं थाना प्रभारी उपस्थित रहे।

### जिला नजूल निर्वर्तन समिति की बैठक एक मई को

**रीवा।** कलेक्टर मऊगंज संजय कुमार जैन की अध्यक्षता में जिला नजूल निर्वर्तन समिति की बैठक एक मई को कलेक्ट्रेट सभागार में आयोजित की गई है। बैठक में शासकीय नजूल भूमि आवंटन संबंधी प्रकरणों का निराकरण किया जायेगा।


### रीवा खुद बिजली उत्पादक है फिर भी संकट से जूझ रहा जिला

# हर दिन 130 लाख यूनिट बिजली बन रही, फिर भी गांव में 4 घंटे की कटौती, मचा हाहाकार

**रीवा में सोलर से लेकर थर्मल हायडल बिजली तक बन रही**

**अकेले टीएचपी ही एक दिन में 60 लाख यूनिट से अधिक बिजली बना रहा**





जागरण, रीवा

जागरण स्पेशल न्यूज

रीवा में लाखों यूनिट बिजली एक दिन में बन रही फिर भी यहां बिजली का संकट खड़ा हो गया है। पिछले एक महीने से गांव गांव में कटौती चल रही है। लोग गर्मी में तड़पने लगे हैं। सरकार ने 24 घंटे बिजली देने का वायदा किया है लेकिन इस वायदे पर विभाग खरा नहीं उतर पा रहा है। सिर्फ शहर को बिजली मिल रही और गांव में मेंटीनेंस के नाम पर कटौती चल रही है। कहीं सुबह तो कहीं दोपहर में बिजली बंद रखी जा रही।

रीवा में लगातार बिजली उत्पादन के लिए प्लांट लगाए जा रहे हैं। अभी तक नदी पर सिर्फ टीएचपी ही था। अब प्राइवेट कंपनी भी इंट्री कर रही है। सोलर घर घर लगाया जा रहा है। वहीं बदवार में 750 मेगावाट का सबसे बड़ा सोलर प्लांट लगाया गया है। रीवा को इस सोलर प्लांट से बड़े सपने दिखाए गए थे। यहां बनने वाली बिजली विंध्य के लोगों को मिलेगी। हालांकि कुछ हिस्सा मिल भी रहा है फिर भी विंध्य और रीवा के लोगों को 24 घंटे बिजली के लिए तरसना पड़ रहा। अभी गर्मी ने जोर भी नहीं पकड़ा और कटौती शुरू कर दी गई है। गांवों में पानी तक के लिए लोग परेशान हैं। सुबह जगते ही बिजली काट दी जाती है और फिर शाम को ही आती है। सिर्फ सोने के लिए ही बिजली दी जा रही है। अब इससे स्थिति का अंदाजा लगाया जा सकता है। रीवा में पदस्थ अधिकारियों ने पूरे सिस्टम का कबाड़ा कर दिया है। लोग परेशान हो रहे हैं।

**4 घंटे से अधिक हो रही अघोषित कटौती** : रीवा जिला में शहरी क्षेत्रों को ही पर्याप्त बिजली मिल रही है। ग्रामीण क्षेत्रों में 4 घंटे तक कटौती शुरू कर दी गई है। गर्मी बढ़ते ही शहरी क्षेत्र में बिजली की डिमांड बढ़ गई थी। इसका असर दिखने लगा था। हालांकि इस कटौती को छुपाने के लिए अधिकारियों ने मेंटीनेंस का नाम देना शुरू कर दिया। सूत्रों की मानें तो विद्युत विभाग में ही अधिकारियों को कटौती के निर्देश मिले हैं। यही वजह है कि हर जगह बिजली के घंटों पर कैंची चलाई जा रही है। इतना ही नहीं, बिजली की खपत को भी कम करने, लाइन लास घटाने, बिजली चोरी का आंकड़ा छुपाने के लिए भी हथकंडे अपनाए जा रहे हैं।

**600 करोड़ का प्रोजेक्ट भी चल रहा :** हद तो यह है कि रीवा जिला में निर्वाध बिजली घर घर पहुंचाने के लिए आरडीएसएस योजना लाई गई है। केन्द्र से बजट मिला है। करीब 600 करोड़ रुपए रीवा में केबलीकरण, 11केवी, 33 केवी का जाल बिछाने, नए सब स्टेशन बनाने के लिए मिला है। ग्रामीण क्षेत्रों में अधिकतर काम होने का दावा भी किया जा रहा है। इसके बाद भी लोगों को पर्याप्त बिजली नहीं मिल पा रही है।

### सोलर से हर दिन 60 लाख औसतन बिजली बन रही

बदवार में 750 मेगावाट का सोलर प्लांट लगा हुआ है। इस समय गर्मी का सीजन है। धूप भी तेज है। ऐसे में यदि 24 घंटे बिजली के उत्पादन की बात करें तो यह आंकड़ा 1.80 करोड़ यूनिट तक पहुंचता है लेकिन रात में धूप नहीं मिलती। ऐसे में सीधे तौर पर सोलर पर सूर्य की रोशनी पड़ने का औसत समय 8 घंटे भी जोड़े तो एक दिन में 60 लाख यूनिट बनती है। इसमें से कुछ हिस्सा मप्र को मिलता है। कुछ दिल्ली मेट्रो को और शेष सेंट्रल ग्रिड को चला जाता है। इसके बाद भी रीवा जिला और विंध्य पर्याप्त बिजली को तरस रहा है।

### कहां कितनी यूनिट

| टीएचपी | मेगावाट | यूनिट |
|---|---|---|
| सिरमौर | 105 | 03 |
| सिलपरा | 30 | 02 |
| झिन्ना | 20 | 02 |
| देवलोंद | 40 | 03 |

### कहां कितनी यूनिट का हो रहा नुकसान

सिरमौर टीएचपी सबसे बड़ी यूनिट हैं। यहां तीन यूनिट 105 मेगावाट की लगी है। एक यूनिट यदि फुल स्पीड दौड़ाई जाए तो एक दिन में उत्पादन 24 लाख यूनिट कर कर सकती है। ऐसे में तीन यूनिटों से 72 लाख यूनिट बिजली बन सकती है। यदि औसत भी ले तो यह आंकड़ा 60 लाख तक जाता है। इसके अलावा सिलपरा में 5 लाख और झिन्ना में 4 लाख यूनिट बिजली बनती है। इतनी बिजली के बाद भी हालात बद से बदतर हैं।

## बरातियों से भरी बस बाईपास में पलटी, 17 घायल

**पटेल परिवार की बारात धवैया से जा रही थी शहडोल**



**रीवा।** शहर के चोरहटा थाना क्षेत्र अंतर्गत मैदानी स्थित बनकुइयां बाईपास में मंगलवार की शाम करीब 4 बजे डी पॉल स्कूल के पास बारातियों से भरी यात्री बस अनियंत्रित होकर पलट गई। हादसे में करीब डेढ़ दर्जन बस सवार घायल हुए हैं। बस चालक तेज रफ्तार से वाहन चला रहा था जो अचानक अपना नियंत्रण खो बैठा और बस सड़क से नीचे खाई में जा गिरी। घटना की सूचना पर तत्काल चोरहटा पुलिस मौके पर पहुंची। एंबुलेंस बुलाकर घायलों को उपचार के लिए संजय गांधी अस्पताल भिजवाया गया। सभी घायलों की स्थित खतरे से बाहर बताई जा रही है। घटना के संबंध में चोरहटा पुलिस से मिली जानकारी के मुताबिक मनगवां थाना क्षेत्र के धवैया गांव से पटेल परिवार के लोग बरात लेकर शहडोल जा रहे थे, जैसे ही बस बनकुइयां बाईपास डी पॉल स्कूल के पास पहुंची, बस चालक ने वाहन से अपना नियंत्रण खो दिया और बस सड़क से नीचे उतरते हुए पलट गई। घटना में दो से तीन यात्री को जादा चोट पहुंची है, लेकिन सभी की हालत अब सामान्य बताई जा रही है। आसपास के लोगों ने बताया कि बस चालक काफी तेज रफ्तार से वाहन चला रहा था तभी अचानक उसने अपना नियंत्रण खो दिया और बस खाई में जाकर पलट गई। गनीमत रही कि इस हादसे में किसी प्रकार की जनहानि नहीं हुई। पुलिस ने सूचना के बाद आनन फानन में बाईपास पहुंचकर एंबुलेंस की मदद से घायलों को उपचार के लिए अस्पताल भिजवाया, जहां उपचार के बाद उन्हें छुट्टी दे दी गई है।

### वैवाहिक सीजन में बढ़ रहे सड़क हादसे

वैवाहिक सीजन में सड़क हादसे में बढ़ गए हैं। बाइक सवार आए दिन सड़क दुर्घटनाओं के चलते असमय काल के गाल में समा रहे हैं, तो वहीं बड़े वाहन भी दुर्घटना का शिकार हो रहे हैं। बताया जा रहा है कि कई यात्री वाहनों के चालक लगातार वाहन ड्राइव कर रहे हैं, ऐसे में कई बार आंख लगने के चलते बड़े वाहन दुर्घटना का शिकार हो रहे हैं, वहीं कई वाहन चालक नशे में वाहन चलाते हैं, जिसके कारण भी दुर्घटनाएं हो रही हैं। पुलिस प्रशासन सड़क दुर्घटनाओं को रोकने नशे की हालत में ड्राइविंग करने वालों पर कार्रवाई भी करता है, इसके बावजूद कई चालक अपनी आदतों से बाज नहीं आते और वो अनहोनी का शिकार हो रहे हैं।

## मृत्यु प्रमाणपत्र के लिए घटा दी गई आवेदन की समय सीमा

**किसी की मौत होने पर परिजनों को तेरहवीं के पहले करना होगा आवेदन**

**समय सीमा यथावत रखने अर्चना अमृतलाल मिश्रा ने निगमायुक्त को सौंपा ज्ञापन**

**जागरण, रीवा।** केन्द्र सरकार द्वारा इसी महीने से मृत्यु प्रमाणपत्र के लिए आवेदन करने की समय सीमा घटा दी गई है। नये नियम के तहत अब किसी की मृत्यु होने पर 13वीं संस्कार करने के पहले 10 दिन के भीतर आवेदन करना होगा। समय सीमा के बाद शपथपत्र के साथ आवेदन करना होगा और यह आवेदन सांख्यिकी विभाग में मंजूरी के लिए भेजा जाएगा। सांख्यिकी विभाग में मंजूरी की मिलने के बाद ही नगर निगम द्वारा प्रमाण पत्र जारी किया जाएगा। इस प्रक्रिया में डेढ़ से दो माह का समय भी लगेगा। जन्म-मृत्यु के लिए केन्द्र सरकार द्वारा बनाये गये नये पोर्टल में 10 दिन आवेदन स्वीकार ही नहीं किये जाते हैं। इससे लोगों को परेशानी शुरू हो गई है। इस विसंगति को सुधार कर पुरानी प्रक्रिया यथावत रखने के लिए वार्ड 44 की कांग्रेस पार्षद अर्चना अमृतलाल मिश्रा ने निगमायुक्त को ज्ञापन सौंपा है। ज्ञापन में कहा गया है कि नगर निगम के माध्यम से जन्म-मृत्यु प्रमाण पत्र बनाये जाते हैं। इन्हें बनवाये जाने हेतु परिजनों को सामान्य आवेदन प्रस्तुत किये जाने हेतु 21 दिन का समय दिया जाता है। 21 दिन के बाद आवेदन के साथ अनिवार्य रूप से शपथ पत्र देना पड़ता था। समय सीमा में आवेदन देने का लाभ यह होता था कि आवेदन देने के 24 घन्टे के अन्दर प्रमाणपत्र मिल जाता था और हितग्राही अपनी बाधित आवश्यकताओं की पूर्ति कर लेता था। वही आवेदन 21 दिन के बाद देने पर पंजीयक जन्म मृत्यु के अनुमोदन के उपरांत मिलने की अवस्था में लंबा समय लगता था। ज्ञापन में कहा गया है कि किसी की मृत्यु होने की स्थिति में सनातन परंपरा के अन्तर्गत परिजन मृत्यु के 13 दिन तक लगातार धार्मिक परम्पराओं की पूर्ति करने में व्यस्त रहते है। उन्हें प्रमाण पत्र की प्रक्रिया को पूर्ण करने या आवेदन जमा करने की फुर्सत ही नहीं मिल पाती है। ऐसे में 21 दिन की समय सीमा को घटा कर 10 दिन किया जाना बिल्कुल भी न्याय संगत नहीं होगा। सामान्य आवेदन की समय सीमा 21 को यथावत रखने की मांग की गई है।

### बिलाबांग स्कूल के छात्रों को पीटीएस टीम ने किया जागरुक

**रीवा।** मिशन कर्मयोगी के तहत पुलिस प्रशिक्षण शाला रीवा ने मंगलवार को बिलाबांग इंटरनेशनल स्कूल रीवा में विद्यार्थियों के लिए जागरुकता कार्यक्रम आयोजित किया। इसमें प्रभारी उप पुलिस अधीक्षक अंजू एवं निरीक्षक चित्रांगदा सिंह, सुशील शुक्ला ने स्कूल के विद्यार्थियों को न्यू क्रिमिनल लॉ, साइबर सुरक्षा महिला सुरक्षा, यातायात सुरक्षा, मेंटल हेल्थ, पर्यावरण संरक्षण व कैरियर मार्गदर्शन विषय पर जागरुक किया गया। इस दौरान कक्षा नौंवी से 12वीं तक के करीब 100 छात्र तथा स्कूल के शिक्षकगण मौजूद रहे।












# एमआईसी की बैठक में निरस्त की गईं तीन निविदाएं

## स्मार्ट टॉयलेट, रतहरा तालाब एवं पीएम आवास निर्माण की फिर निविदा बुलाने का निर्णय

### महापौर की अध्यक्षता में एमआईसी में 8 प्रस्तावों पर चर्चा उपरांत लिया गया निर्णय

### शासन को भेजा जाएगा 5 उच्च तकनीकी के फायर वाहन क्रय करने का प्रस्ताव

**जागरण, रीवा।** महापौर अजय मिश्रा बाबा की अध्यक्षता में हुई मेयर-इन-काउंसिल की बैठक में 8 महत्वपूर्ण प्रस्तावों पर चर्चा की जाकर निर्णय लिया गया। बैठक में शहर में स्मार्ट टॉयलेट बनाने, रतहरा तालाब एवं पीएम आवास कृष्णा नगर साइट निर्माण की निविदा निरस्त कर फिर से निविदा बुलाये जाने का निर्णय लिया गया। इसके अलावा 5 उच्च तकनीकी के फायर वाहन क्रय करने का प्रस्ताव राज्य शासन को भेजने सहित अन्य कई निर्णय लिये गये। एमआईसी की बैठक में विभिन्न कार्यसूचियों पर विस्तृत चर्चा उपरांत निर्णय लिये गये। प्रस्ताव क्रमांक 01 में पीपीपी मॉडल आधारित स्मार्ट टॉयलेट के निर्माण एवं रख-रखाव के कार्य की निविदा को निरस्त कर पुनः निविदा आमंत्रित किये जाने की स्वीकृति का निर्णय लिया गया। प्रस्ताव क्र. 02 में रतहरा तालाब की निविदा निरस्त कर पुनः निविदा आमंत्रण हेतु अगली बैठक में चर्चा उपरांत निर्णय लिया जावेगा। प्रस्ताव क्र. 03 में प्रधानमंत्री आवास योजनान्तर्गत कृष्णा नगर साइट पर ईडब्ल्यूएस-196, एलआईजी-120, दुकान-36, कार्यालय इकाई-06 अधूरे कार्य की निविदा निरस्त कर एफडीआर/बीजी राजसात कर पुनः निविदा आमंत्रण करने का निर्णय लिया गया। प्रस्ताव क्र. 04 में अवनीश कुमार त्रिपाठी कनिष्ठ लेखाधिकारी नगर निगम रीवा के चिकित्सा देयक भुगतान की स्वीकृति दी गई। प्रस्ताव क्र. 05 में मध्यप्रदेश नगरपालिका (भवनों एवं भूमियों के कर योग्य सम्पत्ति मूल्य निर्धारण) नियम, 2020 एवं नियम 2021 के अनुसार नगर पालिक निगम रीवा क्षेत्र का वर्गीकरण, भवन तथा भूमियों का वर्गीकरण, कर योग्य सम्पत्ति मूल्य निर्धारण एवं सम्पत्तिकर की दरों का निर्धारण, वित्तीय वर्ष 2025-2026 हेतु परिषद को अग्रेषित किया गया तथा बढ़ाई गई दरों में से 5 प्रतिशत की कमी करने का प्रस्ताव शासन को भेजने का निर्णय लिया गया। बैठक में निगम आयुक्त डॉ. सौरभ संजय सोनवणे एवं मेयर-इन-काउंसिल के सदस्य नजमा बेगम, नीतू अशोक पटेल, धनेन्द्र सिंह बघेल, रमा दुबे, रवि तिवारी, मनीष नामदेव, गुलाम अहमद, गायत्री लखन खण्डेलवाल, सूफिया सहफूज खान, आरती बक्सरिया उपस्थित रहे।

**बर्तन बैंक के लिए महामृत्युंजय कॉम्पलेक्स में दी जाएगी दुकान :** एमआईसी के प्रस्ताव क्र. 06 में सिंगल यूज प्लास्टिक को कम करने के लिए बर्तन बैंक उपयोग हेतु रीवा शहर के मध्य स्थान महामृत्युंजय कॉम्पलेक्स के एक दुकान उपलब्ध कराये जाने का निर्णय लिया गया। प्रस्ताव क्र. 07 में रानी तालाब संरक्षण एवं प्रबंधन का कार्य 35 माह के लिए ठेका पर दिये जाने हेतु प्रीमियम का पुनर्निर्धारण कर निविदा आमंत्रण की स्वीकृति प्रदान की गई। प्रस्ताव क्र. 08 में नगर निगम रीवा द्वारा आवंटित अचल सम्पत्तियों के मूलस्वरूप में परिवर्तन, तोडफोड़ तथा स्थाई अतिक्रमण के कारण आवंटन (अंतरण) निरस्त कर पट्टा रद्द किये जाने के संबंध में हितग्राहियों को नोटिस देने का निर्णय लिया गया। इसके साथ ही प्रस्ताव सफाई गोदाम योजना को पीपीपी मोड़ से क्रियांन्वयन करने का निर्णय लिया गया। विद्युत विभाग के कबाड़ की नीलामी की स्वीकृति दी गई एवं 5 उच्च तकनीकी के फायर वाहन क्रय करने हेतु 6 करोड़ राशि का प्रस्ताव शासन को प्रेषित करने हेतु पारित किया गया।

# अक्षय तृतीया आजः उच्च राशियों में रहेंगे सूर्य एवं चंद्र ग्रह

## मंगल कार्यक्रमों के लिए अभिजीत मुहूर्त, होगी खरीददारी

**जागरण, रीवा।** वैशाख माह की तृतीया तिथि अक्षय तृतीया के नाम से प्रसिद्ध है। अक्षय तृतीया का धार्मिक एवं ज्योतिषीय महत्व है क्योंकि इस दिन दोनों प्रकाशमान ग्रह सूर्य तथा चंद्र अपनी उच्च राशियों में रहते हैं जिस कारण यह दिन एक स्वयं सिद्ध मुहूर्त बन जाता है। ज्योतिष विद्वान राजेश साहनी की माने तो संपूर्ण वर्ष में किसी भी तिथि का क्षय हो सकता है, लेकिन वैशाख शुक्ल पक्ष की अक्षय तृतीया का कभी क्षय नहीं होता। अर्थात यह तिथि पूर्णता के साथ आती है। बताया गया कि इस वर्ष गत 29 अप्रैल को सायंकाल 5.30 बजे तृतीया तिथि का प्रवेश हुआ, जो 30 अप्रैल को दोपहर 2.12 बजे तक व्याप्त रहेगी। उदय व्यापिनी तृतीय 30 अप्रैल को प्राप्त हो रही है इसलिए अक्षय तृतीया 30 अप्रैल को मनाई जाएगी।

**ऐसे मनायें अक्षय तृतीया :** इस दिन ब्रह्म मुहूर्त में उठकर स्नान आदि नित्यकर्मों से निवृत होकर अक्षय तृतीया व्रत एवं दान का संकल्प लेना चाहिए। इस दिन उपवास रखें और घर में ही किसी पवित्र स्थान पर विष्णु भगवान की मूर्ति या चित्र स्थापित करते हुए उन्हें पंचामृत से स्नान कराएं, तत्पश्चात सुगंधित चंदन, पुष्पमाला अर्पण करें। नैवेद्य में जौ या जौ का सत्तू, ककड़ी और चना की दाल अर्पण करें। भगवान विष्णु को तुलसी अधिक प्रिय है, अतः नैवेद्य के साथ तुलसी अवश्य अर्पित करें। विष्णु सहस्त्रनाम का पाठ एवं विष्णु द्वादशाक्षर मंत्रों का जाप करें। अंत में श्रद्धा पूर्वक आरती करें।

**अक्षय होगा आज का किया दान :** भविष्य पुराण की मान्यताओं के अनुसार इस पुनीत तिथि में किए गए कर्मों का कभी क्षय नहीं होता, अतः मनोयोगपूर्वक किए गए शुभ कार्य, दान, जप, तप एवं स्थाई महत्व के मंगल कार्य भी अक्षय हो जाते हैं। इस दिन बरतन, पात्र, मिष्ठान, तरबूजा, खरबूजा, दूध, दही, चावल का योग्य ब्राह्मणों को दान देना चाहिए। अक्षय तृतीया के दिन पानी से भरे मटके, गेहूं, सत्तू एवं जौ के दान का विशेष महत्त्व शास्त्रों में कहा गया है।

**बारिश, आंधी के बीच आसमान पर दिखा इंद्रधनुष**

**रीवा।** शहर में मंगलवार अपरान्ह हुई बारिश और ओले गिरने के बाद तेज आंधी चली। इस बीच आसमान पर इंद्रधनुष दिखाई दिया। बड़ी संख्या में लोग इंद्रधनुष देखने अपनी छतों पर जमा हो गए। वहीं कई लोग मोबाइल से फोटो खींचते नजर आए तो कुछ लोग सेल्फी लेते हुए देखे गये।

## उत्तर मध्य रेलवे

ई-निविदा सूचना सं.: JHS-N-W-16-25 दिनांकः 25.04.2025

**ई-निविदा सूचना**

वरिष्ठ मंडल सिगनल व दूरसंचार अभियंता उत्तर मध्य रेल झांसी भारत के राष्ट्रपति के लिए व उनकी ओर से निम्नलिखित कार्य हेतु ऑनलाईन (ई-टेन्डरिंग) के माध्यम से खुली निविदा आमंत्रित करते है।

**कार्य का नामः** प्रोविशन आफ एसएंडटी वर्क इन कनेक्शन विथ यार्ड इम्प्रूवमेंट इन झाँसी-परौना सेक्शन (8 यार्ड)।

**कार्य लागत लगभग :** ₹ 18217878.28 | **धरोहर राशि :** ₹ 241100.00

**निविदा प्रपत्र का मूल्यः** Nil | **निविदा खुलने की तिथिः** 19.05.2025 Time 15.00

**स्वीकृत पत्र जारी होने के समय से कार्य समापन अवधिः** 12 माह

निविदा दिनांक 19.05.2025 को 15:00 बजे तक ऑन लाईन जमा कर सकेंगे। पूर्ण विवरण एवं निविदा को प्रस्तुति करने के लिए भारतीय रेल के वेब साइट **www.ireps.gov.in (NORTH CENTRAL RLY/JHANSI DIVISION-S AND T)** पर देखें। 730/25(DG)

North central railways @CPRONCR www.ncr.indianrailways.gov.in

## नाम सुधार सूचना

मैं ज्योति तिवारी पति श्री वीरेन्द्र कुमार तिवारी निवासी पाण्डेय टोला रीवा (म.प्र.) की हूं। कथन करता हूं कि हमारे पासपोर्ट में भूलवस मेरा नाम ज्योति मिश्रा पिता सतीष मिश्रा पति वीरेन्द्र कुमार तिवारी लिख गया है। जबकि हमारे आधार कार्ड में मेरा नाम ज्योति तिवारी पति वीरेन्द्र कुमार तिवारी लिखा है जो सही व सत्य है। अत: मेरे पासपोर्ट व सभी दस्तावेजों में ज्योति तिवारी पति वीरेन्द्र कुमार तिवारी दर्ज किया जाए एवं लिखा, पढ़ा व जाना जाए।

RN- ज्योति तिवारी

## उत्तर मध्य रेलवे

L. No.: JHS-ELG-W-T-01-2025-26 दिनांकः 23.04.2025

**ई-टेन्डरिंग निविदा सूचना**

भारत के राष्ट्रपति के लिये तथा उनकी ओर से वरि. मंडल विद्युत अभियन्ता (सामान्य), उत्तर मध्य रेल, झॉसी द्वारा निम्नलिखित कार्य के लिये ऑनलाईन **(ई-टेन्डरिंग)** के माध्यम से खुली निविदायें आमंत्रित की जाती है।

**निविदा सं.:** झॉसी-ईएलजी-डब्ल्यू-01-2025-26, **कार्य का विवरणः** झांसी मंडल में ट्रांसफार्मर ओवरहालिंग और मरम्मत कार्य का प्रावधान।

**निविदा राशिः** ₹ 18,42,780.00/- मात्र | **बयाना राशिः** ₹ 36,900/- मात्र

**कार्य समापन अवधिः** 06 माह | **निविदा बंद होने की तिथिः** 16.05.2025 (15:00 बजे तक)

निविदाकार निविदा दिनांक **16.05.2025** को **15:00** बजे तक आनलाईन जमा कर सकेंगे। पूर्ण विवरण एवं निविदा को प्रस्तुति करने के लिये भारतीय रेल के बेवसाईट http://www.ireps.gov.in पर देखें। 732/25 (MG)

North central railways @ CPRONCR www.ncr.indianrailways.gov.in

## पश्चिम मध्य रेल

**ई-निविदा सूचना**

मंडल रेल प्रबंधक (वाणिज्य), पश्चिम मध्य रेल जबलपुर, भारत संघ के राष्ट्रपति के लिए एवं उनकी ओर से निम्नलिखित हेतु निर्धारित निविदा फॉर्म पर खुली ई-निविदा आमंत्रित करता है।

**यूनिट के अनुसार आई डी, स्थान, श्रेणी, सांकेतिक लाइसेंस फीस (लागू जीएसटी को छोड़कर), बयाना राशि जमा और निविदा फॉर्म शुल्क (जीएसटी सहित) का विवरण**

| NIT No. | कार्य का नाम | यूनिट क्र. | प्लेट फॉर्म | सांकेतिक लाइसेंस फीस प्रति वर्ष | 5 वर्षों के लिए अनुबंध की कुल राशि | ईएमडी (कुल मूल्य का 5%) |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 28-2025 | जबलपुर स्टेशन पर मिल्क पार्लर का ठेका | JBP-MP-1 | 1 | 1046100 | 5439720 | 280000 |
| 29-2025 | जबलपुर स्टेशन पर मिल्क पार्लर का ठेका | JBP-MP-4 | 2/3 | 1046100 | 5439720 | 280000 |
| 30-2025 | जबलपुर स्टेशन पर मिल्क पार्लर का ठेका | JBP-MP-8 | 6 | 1046100 | 5439720 | 280000 |
| 31-2025 | कटनी स्टेशन पर मिल्क पार्लर का ठेका | KTE-MP-3 | 3/4 | 368449 | 1915935 | 100000 |
| 32-2025 | मैहर स्टेशन पर मिल्क पार्लर का ठेका | MYR-MP-4 | 2/3 | 174746 | 908679 | 50000 |
| 33-2025 | सतना स्टेशन पर मिल्क पार्लर का ठेका | STA-MP-1 | 1 | 1100001 | 5720005 | 290000 |
| 34-2025 | सागर स्टेशन पर मिल्क पार्लर का ठेका | SGO-MP-2 | 1 | 213962 | 1112602 | 60000 |
| 35-2025 | पिपरिया स्टेशन पर मिल्क पार्लर का ठेका | PPI-MP-1 | 1/2 | 436777 | 2271240 | 120000 |
| 36-2025 | पिपरिया स्टेशन पर मिल्क पार्लर का ठेका | PPI-MP-3 | 3 | 436777 | 2271240 | 120000 |
| 37-2025 | पिपरिया स्टेशन पर मिल्क पार्लर का ठेका | PPI-MP-4 | 3 | 436777 | 2271240 | 120000 |
| 38-2025 | दमोह स्टेशन पर मिल्क पार्लर का ठेका | DMO-MP-1 | 1 | 185101 | 962525 | 50000 |
| 39-2025 | रीवा स्टेशन पर मिल्क पार्लर का ठेका | REWA-MP-1 | 1 | 157918 | 821174 | 50000 |
| 40-2025 | रीवा स्टेशन पर मिल्क पार्लर का ठेका | REWA-MP-2 | 1 | 157918 | 821174 | 50000 |
| 41-2025 | रीवा स्टेशन पर मिल्क पार्लर का ठेका | REWA-MP-3 | 2 | 157918 | 821174 | 50000 |
| 42-2025 | रीवा स्टेशन पर मिल्क पार्लर का ठेका | REWA-MP-4 | 2 | 157918 | 821174 | 50000 |
| 43-2025 | मदनमहल स्टेशन पर मिल्क पार्लर का ठेका | MML-MP-2 | 2/3 | 66000 | 343200 | 20000 |
| 44-2025 | मदनमहल स्टेशन पर मिल्क पार्लर का ठेका | MML-MP-3 | 4 | 66000 | 343200 | 20000 |
| 46-2025 | नरसिंहपुर स्टेशन पर मिल्क पार्लर का ठेका | NU-MP-2 | 2 | 243100 | 1264120 | 70000 |
| 47-2025 | गाडरवारा स्टेशन पर मिल्क पार्लर का ठेका | GAR-MP-1 | 1 | 248685 | 1293162 | 70000 |
| 48-2025 | गाडरवारा स्टेशन पर मिल्क पार्लर का ठेका | GAR-MP-2 | 2 | 248685 | 1293162 | 70000 |
| 49-2025 | कटनी मुड़वारा स्टेशन पर मिल्क पार्लर का ठेका | KMZ-MP-2 | 2/3 | 893199 | 4644635 | 240000 |
| 50-2025 | कटनी मुड़वारा स्टेशन पर मिल्क पार्लर का ठेका | KMZ-MP-3 | 4/5 | 893199 | 4644635 | 240000 |
| 51-2025 | कटनी मुड़वारा स्टेशन पर मिल्क पार्लर का ठेका | KMZ-MP-1 | 1 | 893199 | 4644635 | 240000 |
| 52-2025 | सतना स्टेशन पर मिल्क पार्लर का ठेका | STA-MP-4 | 2/3 | 1100001 | 5720005 | 290000 |
| 53-2025 | नरसिंहपुर स्टेशन पर मिल्क पार्लर का ठेका | NU-MP-1 | 1 | 243100 | 1264120 | 70000 |

**निविदा फॉर्म शुल्क:** ₹3540. ई-निविदा सूचना की पूर्ण जानकारी रेलवे वेबसाइट www.ireps.gov.in पर उपलब्ध है। ई-निविदा सूचना मंडल रेल प्रबंधक (वाणिज्य), पश्चिम मध्य रेल, जबलपुर के नोटिस बोर्ड पर भी उपलब्ध है। उपरोक्त निविदा दिनांक 19.05.2025 को 15:30 बजे खुलेगी। रेल प्रशासन को बिना कोई कारण बताएं किसी भी निविदा का स्वीकार या निरस्त करने का अधिकार सुरक्षित होगा।

(हस्ता.)
कृते मंडल रेल प्रबंधक (वाणिज्य)
पश्चिम मध्य रेल, जबलपुर

स्वच्छ भारत अभियान एक कदम स्वच्छता की ओर

## कार्यालय वनमण्डलाधिकारी उत्तर शहडोल वनमण्डल म.प्र.

फोन नं0 07652-245167 ईमेल- dfotnshahd-mp@gov.in

| क्रमांक | सामग्री का विवरण | निविदा प्रारंभ | निविदा समाप्ति | सत्यांकार निधि | निविदा दस्तावेजों का मूल्य |
|---|---|---|---|---|---|
| 1 | विद्युत सामग्री | 19.04.2025 | 10.05.2025 | 12000/- | 1000/- |

निविदा कमांक MPFD_2025_417716_1 विद्युत सामग्री की आपूर्ती हेतु प्रकाशित की गयी है विस्तृत विवरण एमपी ई टेन्डर से प्राप्त करे।

G-12143/25

वनमण्डलाधिकारी
वनमण्डल उत्तर शहडोल

## कार्यालय नगर पालिक निगम रीवा, जिला- रीवा (म.प्र.)

**//निविदा सूचना//**

क्रमांक 458/ई-टेंडर/राजस्व/न.पा.नि./2025 रीवा, दिनांक 20-02-2025

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि नगर पालिक निगम रीवा के स्वामित्व के वार्ड क्रमांक 14 में स्थित प्रमोटर बिल्डर्स गंगोत्री कालोनी योजना क्र.08 (शिल्पी कुंज) में भूतल में निर्मित व्यावसायिक काम्पलेक्स की ऊपरी छत (प्रथम तल) 1070.85 वर्गमीटर के 30 वर्षीय अंतरण हेतु आरक्षित मूल्य (प्रीमियम) तथा अचल सम्पत्ति का वार्षिक पट्टा-भाटक पर म0प्र0 नगरपालिका (अचल सम्पत्ति का अंतरण) नियम 2016, संशोधित नियम 2021 एवं संशोधित नियम 2023 के तहत निविदा आमंत्रित की जाती है। कोई भी ईच्छुक व्यक्ति/निविदाकार/फर्म ऑन लाईन ई-टेण्डरिंग पोर्टल **www.mptenders.gov.in** में निर्धारित पोर्टल शुल्क, निविदा प्रपत्र का मूल्य एवं अमानत राशि ऑनलाईन जमा कर निबिदा में भाग ले सकता है। निविदा का विस्तृत विवरण वेबसाइट **https://mptenders.gov.in** पर देखा जा सकता है।

| क्र. | टेण्डर क्रमांक एवं जारी दिनांक तथा NIT क्रमांक/दिनांक | कार्य का नाम | निर्धारित न्यूनतम प्रीमियम | निविदा प्रपत्र का मूल्य एवं EMD | निविदा की अंतिम तिथि |
|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 2 | 3 | 4 | 5 | 6 |
| 1. | 2025_UAD_404262_2 29.04.2025 [SECOND CALL] 458/20.02.2025 | नगर पालिक निगम रीवा के स्वामित्व के वार्ड क्रमांक 14 में स्थित प्रमोटर बिल्डर्स गंगोत्री कालोनी योजना क्र.08 (शिल्पी कुंज) में भूतल में निर्मित व्यावसायिक काम्पलेक्स की ऊपरी छत (प्रथम तल) के 30 वर्षीय लीज पर अंतरण किए जाने बावत्। | ₹28900000/- | ₹15000/- ₹144500/- | 16.05.2025 18:00 बजे तक। |

**नोटः-** निविदा से संबंधित किसी भी प्रकार के संशोधन का प्रकाशन ऑनलाईन **https://mptenders.gov.in** की वेबसाइट पर ही किया जायेगा, पृथक से समाचार पत्र में प्रकाशन नहीं किया जावेगा।

आयुक्त
नगर पालिक निगम
रीवा (म.प्र.)

## कार्यालय कार्यपालन यंत्री लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी खण्ड मऊगंज जिला मऊगंज (म0प्र0)

निविदा सू0क्रं0 01/2025-26/लेखा/का0यं0/लो0स्वा0यॉ0/2025 मऊगंज, दि0 25.04.2025

**ई-टेण्डरिंग निविदा आमंत्रण सूचना**

(1) निम्नलिखित कार्यों हेतु **ई-टेण्डरिंग के माध्यम से ऑन लाइन निविदायें** एपेन्डिक्स 2.10 में प्रतिशत दर पर प्रमुख अभियन्ता, लोक स्वास्थ्य यॉत्रिकी विभाग, भोपाल की नलकूपों के खनन एवं अन्य कार्य से संबंधित दिनांक **01.09.2023** से प्रभावशील एकीकृत दर सूची एवं निविदा सूचना जारी होने के दिनांक तक किए गए समस्त संशोधनों के आधार पर केन्द्रीयकृत नवीन पंजीयन के तहत लोक निर्माण विभाग में उपयुक्त श्रेणी में पंजीकृत ठेकेदारों जिनके पास स्वयं के स्वामित्व की ड्रिलिंग मशीन उपलब्ध हो, निविदा ऑन लाइन टेण्डर प्रकिया के तहत आमंत्रित की जाती है।

ऑन लाइन निविदा पब्लिशिंग का दिनांक **29.04.2025** डाक्यूमेन्ट डाउन लोड/टेण्डर फार्म कय प्रारम्भ तिथि **29.04.2025** टेण्डर फार्म क्रय की अंतिम तिथि **13.05.2025** बिड सबमिशन प्रारम्भ का दिनांक **29.04.2025** एवं बिड सबमिशन का अंतिम तिथि **13.05.2025** को सायं 5.30 बजे तक निर्धारित हैं। Manadatory 'A' & Financial bid Open का दिनांक **15.05.2025** को अपरान्ह 3.30 बजे निर्धारित है।

(2) उक्त निविदा आमंत्रण सूचना विभागीय बेवसाइट **(http//www.mptenders.gov.in)** पर प्रदर्शित है।

(3) निविदाऐं, निर्धारित तिथि दिनांक **15.05.2025** को खोली जावेंगी।

(4) कार्य का विवरण :-

**मऊगंज जिले के खण्ड मऊगंज के अन्तर्गत विभिन्न विकासखण्डों में फास्ट ड्रिलिंग मशीन से 125/115 मि.मी. व्यास के 90 मीटर गहरे सफल नलकूपों के खनन संबंधित सम्पूर्ण कार्य।**

| ई- टेण्डर नं0 | विकास खण्ड का नाम | समूह में नलकूपों की संख्या | कार्य की अनु0 लागत (रू0 लाख में) | प्रतिभूति राशि रू0 में | कार्य पूर्ण करने की अवधि (वर्षाकाल छोड़कर) | निविदा प्रपत्र का मूल्य |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 3 | 4 | 5 | 6 | 7 | 8 |
| 2025_PHED_419189_1 | मऊगंज (A) | 10 | 7.10 | 14200.00 | 1 माह | 2000.00 |
| 2025_PHED_419190_1 | मऊगंज (B) | 10 | 7.10 | 14200.00 | 1 माह | 2000.00 |
| 2025_PHED_419196_1 | मऊगंज (C) | 10 | 7.10 | 14200.00 | 1 माह | 2000.00 |
| 2025_PHED_419198_1 | हनुमना (A) | 10 | 7.10 | 14200.00 | 1 माह | 2000.00 |
| 2025_PHED_419199_1 | हनुमना (B) | 10 | 7.10 | 14200.00 | 1 माह | 2000.00 |
| 2025_PHED_419200_1 | हनुमना (C) | 10 | 7.10 | 14200.00 | 1 माह | 2000.00 |
| 2025_PHED_419201_1 | त्यौंथर (A) | 10 | 7.10 | 14200.00 | 1 माह | 2000.00 |
| 2025_PHED_419203_1 | त्यौंथर (B) | 10 | 7.10 | 14200.00 | 1 माह | 2000.00 |
| 2025_PHED_419220_1 | त्यौंथर (C) | 10 | 7.10 | 14200.00 | 1 माह | 2000.00 |
| 2025_PHED_419222_1 | नईगढ़ी (A) | 10 | 7.10 | 14200.00 | 1 माह | 2000.00 |
| 2025_PHED_419223_1 | नईगढ़ी (B) | 10 | 7.10 | 14200.00 | 1 माह | 2000.00 |
| 2025_PHED_419225_1 | नईगढ़ी (C) | 10 | 7.10 | 14200.00 | 1 माह | 2000.00 |

निविदा सूचना से संबंधित अन्य विस्तृत जानकारी अधोहस्ताक्षरकर्ता के कार्यालय से ली जा सकती है। विस्तृत निविदा विभागीय वेवसाइट **(http//www.mptenders.gov.in)** पर प्रदर्शित है।

G-12174/25

कार्यपालन यंत्री,
लोक स्वास्थ्य यॉत्रिकी खण्ड,
मऊगंज जिला मऊगन (म0प्र0)

## पुलिस अधीक्षक,विशेष पुलिस स्थापना, लोक आयुक्त कार्यालय, रीवा संभाग,रीवा (म.प्र.)

E-mail :- sperwa@gmail.com & Phone/Fax :- 07662-256569

**विज्ञप्ति प्रकाशन**

कार्यालय पुलिस अधीक्षक, विशेष पुलिस स्थापना, लोकायुक्त कार्यालय, रीवा संभाग रीवा में एक चार पहिया वाहन डीजल/पेट्रोल (ए.सी.) मासिक किराये पर रूपये 10 लाख तक के वाहन लगाए जाने हेतु मोहरबन्द निविदाएं पंजीकृत ट्रेवल्स से आमंत्रित की जाती है। संबंधित फर्म अथवा व्यवस्थापक कार्यालयीन समय में कार्यालय पुलिस अधीक्षक, विशेष पुलिस स्थापना, लोकायुक्त कार्यालय, शिल्पी प्लाजा, "बी" ब्लाक तृतीय तल रीवा संभाग रीवा में निर्धारित शुल्क रूपये 250/- जमा कर निविदा की शर्त एवं निविदा प्रपत्र दिनांक 05.05.2025 से 09.05.2025 तक प्राप्त कर सकते है। संबंधित फर्म/निविदाकार को निविदा शीलबंद लिफाफे में दिनांक 19.05.2025 को शायं 5:00 बजे तक कार्यालय पुलिस अधीक्षक, विशेष पुलिस स्थापना, लोकायुक्त कार्यालय, शिल्पी प्लाजा "बी" ब्लाक तृतीय तल रीवा संभाग, रीवा में जमा करना अनिवार्य होगा। दिनांक 19.05.2025 को शायं 5:00 बजे के पश्चात् प्राप्त किसी भी निविदा पर विचार नहीं किया जावेगा। प्राप्त निविदाये दिनांक 21.05.2025 को शायं 03:00 बजे कमेटी के समक्ष खोली जावेगी। संबंधित निविदाकार चाहे तो स्वयं या उनके अधिकृत प्रतिनिधि निविदा खोलते समय उपस्थित रह सकते हैं।

G-12168/25

पुलिस अधीक्षक
विशेष पुलिस स्थापना, (लोकायुक्त)
रीवा संभाग रीवा (म.प्र.)

## कार्यालय वनमंडलाधिकारी, वनमण्डल सा0 रीवा (म.प्र.)

जयन्ती कुंज, झिरिया, रीवा
E-Mail- dfot.rwa@mp.gov.in , Phone 07662 251335

क्रमांक/भण्डार/ 3579 रीवा दिनांक 22.04.25
प्रति,

**ई-निविदा सूचना**

वनमण्डल रीवा अंतर्गत वर्ष 2025-26 में लगने वाली भवन सामग्री की आपूर्ति हेतु ई-निविदा एम0पी0 टेण्डर पोर्टल में www.mptenders.gov.in पर आमंत्रित की जाती है। विवरण निम्नानुसार है:-

| | | |
|---|---|---|
| Tender Sale Start Date - | 23.04.2025 | Time 02:00 PM |
| Bid Submission Start Date - | 23.04.2025 | Time 02:30 PM |
| Bid Submission Closing Date- | 05.05.2025 | Time 03.00 PM |
| Bid Opening Date - | 06.05.2025 | Time 04:00 PM |

1. इच्छुक व्यापारीगण/संस्था ई-निविदा संबंधी संपूर्ण जानकारी www.mptenders.gov.in वेबसाइट पर प्राप्त करें। निविदा प्रपत्र का मूल्य ऑनलाईन पोर्टल पर क्रेडिट/डेविट/कैश कार्ड/इंटरनेट बैंकिंग के माध्यम से भुगतान कर निविदा प्रपत्र प्राप्त हो सकेगा।
2. निविदा प्रपत्र शुल्क एवं एवं ई.एम.डी. की राशि ऑनलाइन माध्यम से प्राप्त की जायेगी। निविदा में होने वाले समस्त संशोधन का प्रकाशन केवल उपरोक्त वेबसाइट पर किया जावेगा, पृथक से समाचार पत्रों में प्रकाशन नहीं किया जायेगा।
3. उक्त निविदा हेतु निर्धारित फार्म एवं विस्तृत शर्तों की जानकारी www.mptenders.gov.in से डाउनलोड की जा सकती है।

G-12183/25

(लोकेश निरापुरे भा.व.से.)
वनमण्डलाधिकारी
वनमण्डल (सा.) रीवा

## कार्यालय कार्यपालन यंत्री
### लोक निर्माण विभाग, (भ./स.) संभाग क्रमांक-1 रीवा

**निविदा सूचना**

निविदा सूचना क्रमांक 02/ब.ले.लि./निविदा/2025-2026 रीवा, दिनांक 24/04/2025

मध्यप्रदेश के राज्यपाल की ओर से निम्न कार्यों हेतु ऑनलाइन (Online) निविदा समस्त संशोधन सहित के आधार पर प्रपत्र-अ में निविदाकारों, जो केन्द्रीय पंजीयन प्रणाली के तहत लोक निर्माण विभाग में उपयुक्त श्रेणी में पजीकृत हो, से आमंत्रित की जाती है।

| क्र. | टेण्डर कमांक | कार्य का नाम | ठेके की अनु. राशि (रू.लाख में) | 1- अमानत राशि 2- निविदा प्रपत्र का मूल्य | 1- निविदा आमंत्रण क्र. 2- कार्यावधि सहित/छोड़कर |
|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 2 | 3 | 4 | 5 | 6 |
| 1 | PWDRB 419003 | एस.आर./ए.आर./एम.ओ.डब्ल्यू./जी.एम. एवं अन्य डिपाजिट कार्य सर्किट हाउस रीवा का मरम्मत कार्य उपसंभाग क्रमांक-1 रीवा | 16.95 | 1- 33900.00 2- 2000.00 | 1- प्रथम आमंत्रण 2- 06 माह वर्षाकाल सहित |
| 2 | PWDRB 419006 | एस.आर./ए.आर./एम.ओ.डब्ल्यू./जी.एम. एवं अन्य डिपाजिट कार्य डी टाईप बगलों का मरम्मत कार्य उपसंभाग क्रमांक-1 रीवा | 16.95 | 1- 33900.00 2- 2000.00 | 1- प्रथम आमंत्रण 2- 06 माह वर्षाकाल सहित |
| 3 | PWDRB 419007 | एस.आर./ए.आर./एम.ओ.डब्ल्यू./जी.एम. एवं अन्य डिपाजिट कार्य ई टाईप बगलों का मरम्मत कार्य उपसंभाग क्रमांक-1 रीवा | 16.95 | 1- 33900.00 2- 2000.00 | 1- प्रथम आमंत्रण 2- 06 माह वर्षाकाल सहित |
| 4 | PWDRB 419008 | एस.आर./ए.आर./एम.ओ.डब्ल्यू./जी.एम. एवं अन्य डिपाजिट कार्य एफ टाईप बगलों का मरम्मत कार्य उपसंभाग क्रमांक-1 रीवा | 16.95 | 1- 33900.00 2- 2000.00 | 1- प्रथम आमंत्रण 2- 06 माह वर्षाकाल सहित |
| 5 | PWDRB 419009 | एस.आर./ए.आर./एम.ओ.डब्ल्यू./जी.एम. एवं अन्य डिपाजिट कार्य जी-एच एवं आई टाईप बगलों का मरम्मत कार्य उपसंभाग क्रमांक-1 रीवा | 16.95 | 1- 33900.00 2- 2000.00 | 1- प्रथम आमंत्रण 2- 06 माह वर्षाकाल सहित |
| 6 | PWDRB 419012 | विशेष मरम्मत के अन्तर्गत कर्मचारी संघ ऑफिस कोठी कम्पाउण्ड रीवा का मरम्मत कार्य | 3.84 | 1- 7680.00 2- 2000.00 | 1- द्वितीय आमंत्रण 2- 02 माह वर्षाकाल सहित |
| | | कुल योग | 88.59 | | |

उपरोक्त वेबसाइट आनॅलाइन भुगतान करने के उपरान्त निविदा प्रपत्र (टेण्डर डाक्यूमेंट) बेवसाइट के माध्यम से प्राप्त हो सकेगा। निविदा प्रपत्र क्रय करने की **अंतिम दिनांक 13/05/2025 सायं 17.30 बजे निर्धारित है।** विस्तृत एन.आई.टी. एवं अन्य जानकारी उपरोक्त वेबसाइट में देखा जा सकता है। निविदा में हाने वाले समस्त संशोधन का प्रकाशन केवल उपराक्त वेबसाईट पर किया जायेगा। पृथक से समाचार पत्रों में प्रकाशन नहीं किया जायेगा।

G-12166/25

कार्यपालन यंत्री
लोक निर्माण विभाग(भ./स.)
संभाग क्रमांक-1 रीवा

## सूचना

जागरण पब्लिकेशन प्रा. लि. किसी तृतीय पार्टी के उत्पादकों वस्तुओं या सेवाओं का समर्थन नहीं करती है और न ही किसी तृतीय पार्टी के विज्ञापनों में छपी किसी जानकारी की सच्चाई या विश्वसनीयता की पुष्टि करती है। जागरण पब्लिकेशन प्रा. लि. पाठकों को प्रेरित करती है कि वे ऐसे किसी भी विज्ञापनदाता के साथ कोई भी लेन-देन करने की कार्रवाई से पहले उचित व जरूरी समझे जाने वाली जांच पड़ताल कर लेवे।




**ट्यूशन हेतु शिक्षक की आवश्यकता है**
कक्षा 10वीं सीबीएसई (गणित) अंग्रेजी माध्यम।
पता:- बुलेट एजेंसी के सामने मेन रोड रतहरा रीवा,
मो. न. 9993217514, 8839450252 (आरएन. जीएम सर 02/05)

**लोन**
लोन फाईनेंस सर्विस रीवा संभाग में विशेष लोन व्यवस्था मुद्रा लोन, आधार कार्ड, मार्कशीट, पर्सनल, कृषि लोन और सभी प्रकार के लोन 2% ब्याज 50% छूट (एजेंट आमंत्रित) संपर्क - 8962086944

## कमिश्नर एक मई को करेंगे विभागीय कार्यों की समीक्षा

**रीवा।** कमिश्नर बीएस जामोद एक मई को संभागीय बैठक में विभागीय कार्यों की समीक्षा करेंगे। बैठक कमिश्नर कार्यालय सभागार में दोपहर 12.30 बजे से आरंभ होगी। बैठक में टीएल पत्रों के निराकरण, सीएम हेल्पलाइन प्रकरणों के निराकरण, जल गंगा संवर्धन अभियान संभागीय बैठक के एजेण्डा बिन्दुओं में कार्यवाही के पालन प्रतिवेदन तथा पेंशन प्रकरणों के निराकरण की समीक्षा की जाएगी। सभी संभागीय अधिकारियों को अद्यतन जानकारी के साथ बैठक में उपस्थित रहने के निर्देश दिए गए हैं।

## आम सूचना

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि मैं शकुंतला बढ़ोलिया पति रमेश कुमार बढ़ोलिया उम्र 70 वर्ष निवासी वार्ड क्र.5 गोविन्द गढ़ तह. हुजूर जिला रीवा (म.प्र.) प्रभात सिंह तिवारी पिता स्व. नारेन्द्र सिंह तिवारी का पक्का मकान जो वार्ड क्र.2 बेला रोड में स्थित है, मकान नं. 98 जिसका रकवा 169702 वर्ग मीटर मेरे द्वारा जरिए रजिस्ट्री क्रय किया गया है। मेरे द्वारा कब्जा दखल प्राप्त कर लिया गया है उक्त मकान और भूमि अगर किसी व्यक्ति द्वारा क्रय-विक्रय किया जाता है तो गैर कानूनी होगी। सूचना प्रकाशन के बाद यदि कोई उक्त मकान को क्रय करता है तो वह स्वयं जिम्मेदार होगा।

सूचनाकर्ता
श्रीमती शकुन्तला बढ़ोलिया
गोविन्दगढ़ जिला रीवा (म.प्र.)
मो.: 9893251681
RN-80584

# सरकारी कॉलेजों में सीट ज्यादा और 12वीं पास छात्र कम

## सीट भरने के लिए करनी पड़ेगी मशक्कत, निजी कॉलेजों में भी संघर्ष की स्थिति




जागरण, रीवा

स्नातक कक्षाओं की प्रवेशित सीट भरने इस बार सरकारी कालेज प्रबंधनों को भी मशक्कत करनी पड़ेगी। इस बार जिले के 23 हजार 783 विद्यार्थियों ने ही माध्यमिक शिक्षा मण्डल की 12वीं परीक्षा दी है। अब पिछले वर्षों के परिणाम को लेकर ही चलें तो इसमें से औसत 60 प्रतिशत यानि 13 हजार 800 छात्र ही उत्तीर्ण होंगे। इसके विपरीत जिले के सरकारी कॉलेजों की स्नातक कक्षाओं में प्रवेश के लिए 14 हजार से ज्यादा सीट उपलब्ध हैं। वहीं, गणित व जीव विज्ञान समूह के कई विद्यार्थियों का दूसरे जिले के तकनीकी संस्थानों में प्रवेश लेना तय हैं। अब चूंकि 12वीं उत्तीर्ण छात्रों की तुलना में तकरीबन डेढ़ हजार प्रवेशित सीट अधिक है। ऐसे में सरकारी और निजी कॉलेज प्रबंधनों के बीच प्रवेशित सीट भरने के लिए संघर्ष होना तय है।

गौरतलब है कि सत्र 2025-26 के लिए प्रवेश की तैयारी उच्च शिक्षा विभाग ने शुरू कर दी है। इस बाबत विभाग ने प्रवेश मार्गदर्शी सिद्धांत अगले महीने तक जारी किया जा सकता है। पहले की तरह 12वीं पूरक विद्यार्थियों को प्रावधिक प्रवेश देने पर प्रवेशित खाली सीट भरने की सम्भावना है। इसके अलावा 12वीं फेल जो विद्यार्थी शासन की रूक जाना नहीं योजना के जरिये उत्तीर्ण होते हैं, उनके जरिये भी खाली सीट भरने की उम्मीद कॉलेज प्रबंधनों ने बांध रखी है। ऐसी स्थिति में यदि प्रवेशित सीट कम पड़ है तो विभाग के निर्देश पर सरकारी कॉलेज 10 प्रतिशत प्राचार्य कोटे से सीट बढ़ा सकेंगे। वहीं 10 प्रतिशत सीट का इजाफा विभाग के निर्देश पर भी हो सकेगा।

### शहरी कॉलेजों में भीड़ उमड़नी तय

भले ही जिले के सरकारी कॉलेज में प्रवेशित सीट ज्यादा हैं। इसके बावजूद जिला मुख्यालयों के सरकारी कॉलेज में प्रवेश पाने विद्यार्थियों की भीड़ उमड़ना तय है। प्रायः हर वर्ष विद्यार्थी और परिजन जिला मुख्यालयों में प्रवेश को लेकर परेशान होते देखे गए हैं। इस बार भी टीआरएस कॉलेज, मॉडल साइंस कॉलेज, जीडीसी कॉलेज, न्यू साइंस कॉलेज में यह स्थिति निर्मित हो सकती है।

### जिले के कॉलेजों में उपलब्ध यूजी की अनुमानित सीट

| प्रवेश | सीट |
|---|---|
| मॉडल साइंस | 2800 |
| टीआरएस | 4000 |
| जीडीसी | 3000 |
| न्यू साइंस | 900 |
| त्योंथर | 1000 |
| नईगढ़ी | 600 |
| देवतालाब | 400 |
| गुढ़ | 400 |
| सेमरिया | 300 |
| मऊगंज | 800 |
| रायपुर | 100 |
| मनगवां | 100 |
| गोविंदगढ़ | 100 |
| नष्टिगवां | 100 |
| बैकुण्ठपुर | 100 |
| हनुमना | 100 |

# सरकारी कॉलेजों में दाखिला बढ़ाने फिर शुरू होगा कॉलेज चलो अभियान

## उच्च शिक्षा विभाग ने अभियान के तहत कार्यक्रम आयोजित करने के दिए निर्देश

**जागरण, रीवा।** जिले के सभी 16 सरकारी कॉलेजों की स्नातक कक्षाओं में प्रवेश की गति बढ़ाने कॉलेज चलो अभियान फिर शुरू होगा। इस बाबत उच्च शिक्षा विभाग ने गत 22 अप्रैल को निर्देश जारी कर दिए हैं। विभाग द्वारा जारी पत्र के मुताबिक कॉलेज प्राचार्यों को नजदीकी विद्यालय, ग्रांम पंचायतों में पहुंचकर विद्यार्थियों को सरकारी कॉलेज में प्रवेश लेने प्रोत्साहित करना होगा। सत्र 2025-26 में ऑनलाइन प्रवेश की प्रक्रिया आगामी मई महीने से प्रारम्भ होगी, जिसके पहले इस अभियान के तहत कार्यक्रमों का आयोजन कॉलेज प्रबंधनों को करना होगा। गौरतलब है कि सरकारी व गैर सरकारी कॉलेज की स्नातक व स्नातकोत्तर कक्षाओं में संबंधी नियम लगभग तय हो गए हैं। उच्च शिक्षा विभाग ने सत्र 2025-26 का प्रवेश संबंधी मार्गदर्शी सिद्धांत भी शीघ्र जारी हो सकता है। इससे पहले विभाग अभियान के जरिये छात्रों को महाविद्यालयों की व्यवस्थाओं और पाठ्यक्रमों से अवगत कराना चाहता है, जिसके लिए महाविद्यालयों को अभियान चलाने के लिए कहा गया है। बता दें कि इसके पहले जनवरी में भी अभियान संचालन संबंधी निर्देश जारी हुए थे परंतु तब महाविद्यालय ठंड की जकड़ में रहे, लिहाजा नए सिरे से अभियान हेतु विभाग ने पत्र जारी किया है।

### अभिभावकों से करना है सम्पर्क

छात्रों के अभिभावकों से भी महाविद्यालयीन शिक्षक संवाद स्थापित करेंगे, ताकि महाविद्यालयों की सुविधाओं और यहां अध्ययन करने पर कैरियर आदि की जानकारी छात्रों, अभिभावकों को सीधे मिल सके। महाविद्यालयों को अभियान के तहत नई शिक्षा नीति के लाभ से अवगत कराने छात्रों के मध्य पम्पलेट का वितरण भी करना होगा। इसके अलावा विद्यालयों में पीपीटी, वीडियो आदि के प्रदर्शन महाविद्यालयीन प्राध्यापक करेंगे, जिसके माध्यम से छात्रों का ध्यान महाविद्यालयीन शिक्षा की तरफ खींचने का प्रयास होगा। अभियान के बेहतर संचालन हेतु महाविद्यालयों को किसी एक प्राध्यापक को नोडल अधिकारी की जिम्मेदारी देनी होगी। इस अभियान के संचालन में होने वाले व्यय की आपूर्ति महाविद्यालयों द्वारा जनभागीदारी मद से की जायेगी।

### छात्रों को करेंगे जागरुक

अभियान के तहत प्रत्येक सरकारी महाविद्यालय अपने क्षेत्राधिकार अंतर्गत आने वाले विद्यालयों के छात्रों, शिक्षकों से सम्पर्क करेंगे। महाविद्यालयों द्वारा अपने नजदीक के विद्यालयों में जाकर 12वीं के छात्रों को जागरूक व प्रेरित किया जाता है। कक्षा 12वीं के छात्रों को उच्च शिक्षा अध्ययन के लाभ से अवगत कराया जाता है। साथ ही, छात्र किस संकाय में प्रवेश लेकर अपना हुनर निखार सकते हैं, इसके लिए उन्हें मार्गदर्शन भी दिया जाता है।

# युवा आर्मी ने निकाली भगवान परशुराम की शोभा यात्रा



**जागरण, रीवा।** भगवान परशुराम जयंती के अवसर पर युवा आर्मी रीवा द्वारा कटरा कुठुलिया स्थित दोहरानाथ हनुमान मंदिर से भगवान परशुराम की शोभा यात्रा निकाली गई। यात्रा दोहरानाथ मंदिर से प्रारम्भ होकर कुठुलिया, बिछिया, एस.एफचौराहा, पुलिस लाइन, पीटीएस चौराहा, नया बस स्टैन्ड, सिरमौर चौराहा के मुख्य मार्गों से होते हुए इटौरा स्थित परशुराम आश्रम पहुंची जहां भगवान परशुराम के सामने महाआरती का आयोजन हुआ। यात्रा के दौरान पूरा नगर भगवान परशुराम के जयकारों से गंजायमान हो उठा। यात्रा में बड़ी संख्या में युवा शामिल हुए। शोभा यात्रा के आयोजक मयंक तिवारी ने परशुराम के महिमा का वर्णन करते हुए कहा कि भगवान परशुराम किसी जाति विशेष के नहीं बल्कि पूरे मानव जाति के प्रेरणा दायक महापुरुष थे। उन्होंने सम्पूर्ण मानव जाति की भलाई व बुराई को समाप्त करने के लिए शस्त्र और शास्त्र दोनों का उपयोग किया। श्री तिवारी ने कहा कि आज के समय में फैली जाति पांति तथा अन्य कुरीतियों को समाप्त करने के लिए उनकी शिक्षाओं को अपनाने की जरूरत है। इस अवसर पर अंकुल तिवारी, अभिषेक दाहिया, दीपांशु साहू, प्रिंस पाण्डेय, सौरभ कुशवाहा, आकाश सोधिया, अनिमेष खरे, राज पाण्डेय, दिवाकर कुशवाहा, आदित्य मिश्रा, विनय तिवारी, मिथलेश तिवारी, यश सोधिया, लाला कुशवाहा, विनय कुशवाहा, चन्द्रकांत द्विवेदी, अभय तिवारी, अंश वर्मा, प्रकाश तिवारी, विक्की दाहिया, हर्ष साहू, शनी साकेत, गोलू खैरवार, अम्बुज केसरवानी, विष्णु विश्वकर्मा, जय लखेरा, वैभव विश्वकर्मा आदि उपस्थित रहे।

## बाल भारती स्कूल के छात्र का नवोदय विद्यालय में चयन



**जागरण, रीवा।** नवोदय विद्यालय 2025 की प्रवेश परीक्षा में बाल भारती स्कूल के छात्र आदित्यराज सिंह का चयन उत्कृष्ठतम अंकों से हुआ है। उन्होंने पूरे जिले में प्रथम स्थान प्राप्त किया है। उनकी इस सफलता पर स्कूल के निदेशक, प्राचार्य, प्रधानाअध्यापिका एवं समस्त शिक्षकों ने उनके उज्ज्वल भविष्य के लिए शुभकामनाएँ व्यक्त की है। आदित्य ने पिता सुभाष सिंह परिहार एवं माता शालिनी सिंह तथा समस्त परिवार को गौरवान्वित किया है।

# खो-खो में खिलाड़ियों ने किया उत्कृष्ट प्रदर्शन

## रीवा इंटरनेशनल पब्लिक स्कूल व केवी न. 1 की टीम रही विजेता, अंतर-विद्यालय प्रतियोगिता का हुआ समापन



**जागरण, रीवा।** रीवा इंटरनेशनल पब्लिक स्कूल में आयोजित अंतरविद्यालय खो-खो प्रतियोगिता का मंगलवार को समापन हुआ। प्रतियोगिता के फाइनल मुकाबले में खिलाड़ियों ने शानदार प्रदर्शन करते हुए दर्शकों का दिल जीत लिया। बालिका वर्ग में फाइनल मुकाबला ज्योति सीनियर सेकेंडरी स्कूल और केवी नं. 1 के बीच खेला गया। कड़ी टक्कर के बाद केवी नं. 1 की टीम ने शानदार खेल का प्रदर्शन करते हुए जीत हासिल की और चैंपियनशिप ट्रॉफी अपने नाम की। इसी तरह, बालक वर्ग में फाइनल मुकाबला रीवा इंटरनेशनल पब्लिक स्कूल और ज्योति सीनियर सेकेंडरी स्कूल के बीच हुआ, जिसमें मेज़बान टीम रीवा इंटरनेशनल पब्लिक स्कूल ने दमदार प्रदर्शन करते हुए विजेता का खिताब अपने नाम किया। इस अवसर पर वार्ड क्रमांक 15 के पार्षद अशोक पटेल की उपस्थिति रही। खो-खो फेडरेशन ऑफ इंडिया के सचिव संजय यादव मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित रहे। उनके साथ मध्यप्रदेश खो-खो संघ के सदस्य जीतू तिवारी, विजय सिंह, आशीष सिंह परिहार तथा प्रसिद्ध योग शिक्षक प्रदीप मिश्रा भी विशेष अतिथि के रूप में उपस्थित थे। कार्यक्रम समापन के अवसर पर प्राचार्य मुनेन्द्र सिंह ने कहा कि खेल न केवल व्यक्तित्व का निर्माण करते हैं, बल्कि टीम भावना और दृढ़ संकल्प भी सिखाते हैं। हमारे छात्रों ने हम सबका गौरव बढ़ाया है। वहीं, निदेशक सुरेन्द्र कुमार पटेल ने कहा कि छात्रों को उनके कौशल को निखारने और प्रदर्शित करने हेतु ऐसे मंच प्रदान करना हमारा उद्देश्य है। कार्यक्रम का समापन विजेताओं और उप विजेताओं को पुरस्कार वितरण के साथ हुआ।

# अंतरराष्ट्रीय चावल अनुसंधान संस्थान में प्रशिक्षण कार्यक्रम हुआ आयोजित



**जागरण, रीवा।** अन्तरराष्ट्रीय चावल अनुसंधान संस्थान मनीला फिलिपीन्स में प्रशिक्षण कार्यक्रम का आयोजन हुआ। इस कार्यक्रम में जवाहरलाल नेहरू कृषि विश्वविद्यालय जबलपुर और अन्तर्राष्ट्रीय चावल अनुसंधान संस्थान मनीला फिलिपीन्स के आपसी सहयोग से कृषि विश्वविद्यालय जबलपुर में चावल की उत्पादन एवं उत्पादकता बढ़ाने के लिए एक परियोजना विभिन्न महाविद्यालयों एवं अनुसंधान केंद्रों पर संचालक अनुसंधान सेवाएं डॉ.जीके कोतू निदेशक के मार्गदर्शन में चलाई जा रही है जिसके अंतर्गत कौशल विकास के लिए टीम गठित की गई। जिसमें कृषि महाविद्यालय रीवा के चावल अनुसंधान परियोजना के प्रधान अन्वेषक प्रोफेसर आरके तिवारी का चयन हुआ जिन्होंने अंतर्राष्ट्रीय प्रशिक्षण में भाग लिया और वभिन्न देशों से आए हुए प्रशिक्षकों से भविष्य में चावल अनुसंधान में आने वाली चुनौतियों से लड़ने के लिए प्रशिक्षण प्राप्त किया। अंतर्राष्ट्रीय स्तर पर विंध्य क्षेत्र का नाम रोशन करने के लिए कृषि महाविद्यालय के अधिष्ठाता डा़ एसके त्रिपाठी के साथ-साथ डॉ बीएम मौर्य, डॉ एके पांडेय, डॉ एसएम कुर्मवंशी, डॉ राजेश सिंह, डॉ टीके सिंह, डॉ अखिलेश कुमार, डॉ बीके तिवारी, डॉ मनीषा द्विवेदी, डा़ के एस बघेल, डॉ प्रदीप मिश्रा, डॉ सतीश सिंह बघेल, इंजीनियर अभिषेक सोनी, डॉ मोनिका सोनी, आरबी तिवारी आदि ने बधाई दी है।



संस्थापक ▸ गुरुदेव गुप्त

संपादकीय

## अदालत परिसर में कानून और लोकतांत्रिक मूल्यों का उल्लंघन

भोपाल जिला अदालत परिसर में वकीलों के एक समूह द्वारा हिंदू लड़कियों के यौन शोषण के मुस्लिम आरोपियों के साथ मारपीट और बर्बरतापूर्ण सलूक किया जाना, न केवल कानून के शासन का उल्लंघन है, बल्कि भारतीय संविधान और लोकतांत्रिक मूल्यों के लिए भी एक गंभीर खतरा है।

> वकीलों के एक समूह द्वारा धर्म विशेष के आरोपियों के साथ मारपीट और बर्बरतापूर्ण सलूक किया जाना लोकतांत्रिक मूल्यों के लिए भी एक गंभीर खतरा है।

कानून का शासन यह सुनिश्चित करता है कि प्रत्येक व्यक्ति, चाहे वह किसी भी धर्म का हो, कानून के समक्ष समान है और उसे निष्पक्ष सुनवाई का अधिकार है। किसी को भी यह अधिकार नहीं है कि वह कानून को अपने हाथ में ले और किसी आरोपी को शारीरिक रूप से दंडित करे। वकीलों, जो न्याय प्रणाली के संरक्षक माने जाते हैं, से यह अपेक्षा की जाती है कि वे कानून का पालन करें और कानूनी प्रक्रियाओं में विश्वास रखें।

दरअसल, यह घटना एक विशेष धर्म के आरोपियों के प्रति वकीलों के पूर्वाग्रह और गुस्से को दर्शाती है। इस प्रकार का सांप्रदायिक रवैया संविधान के धर्मनिरपेक्ष सिद्धांतों के विपरीत है, जो सभी नागरिकों को बिना किसी भेदभाव के समान अधिकार और सुरक्षा प्रदान करता है। यदि न्याय की प्रक्रिया भी धार्मिक भावनाओं या पूर्वाग्रहों से प्रभावित होने लगे, तो न्यायपालिका पर से लोगों का विश्वास उठ जाएगा और कानून का शासन कमजोर पड़ जाएगा।

पुलिस द्वारा आरोपियों को भीड़ से किसी तरह बचाकर निकालना एक सही कदम था। कानून व्यवस्था बनाए रखना और सभी व्यक्तियों की सुरक्षा सुनिश्चित करना पुलिस का कर्तव्य है। अब यह आवश्यक है कि इस पूरी घटना की निष्पक्ष और गहन जांच की जाए। उन वकीलों की पहचान की जानी चाहिए जिन्होंने हिंसा में भाग लिया और उनके खिलाफ उचित कानूनी कार्रवाई की जानी चाहिए। बार काउंसिल ऑफ इंडिया और स्टेट बार काउंसिल को भी इस घटना पर संज्ञान लेना चाहिए और दोषी वकीलों के खिलाफ अनुशासनात्मक कार्रवाई करनी चाहिए।

यह घटना समाज के लिए भी एक सबक है। हमें यह समझना होगा कि कानून का शासन और लोकतांत्रिक मूल्य किसी भी सभ्य समाज की नींव होते हैं। यदि हम भावनाओं और पूर्वाग्रहों के आधार पर खुद न्याय करने लगेंगे, तो अराजकता फैल जाएगी और किसी भी नागरिक की सुरक्षा सुनिश्चित नहीं की जा सकेगी। हमें कानून पर भरोसा रखना होगा और न्यायपालिका को अपना काम निष्पक्ष रूप से करने देना होगा।

बहरहाल भोपाल अदालत परिसर में हुई हिंसा शासन-प्रशासन और समाज के लिए एक गंभीर चेतावनी है। हमें यह सुनिश्चित करना होगा कि कानून का शासन सर्वोपरि रहे। सभी नागरिकों को, विशेष रूप से न्याय प्रणाली से जुड़े लोगों को, कानून का सम्मान करना चाहिए और लोकतांत्रिक मूल्यों की रक्षा करनी चाहिए।

# देश की रक्षा क्षमताओं को मजबूत करेगा राफेल एम

सामरिक संसाधन

पिछले कुछ वर्षों से 'मेक इन इंडिया' और आत्मनिर्भर भारत के सपने देखने वाला भारत अब देश में निर्मित आधुनिकतम शस्त्रास्त्रों के निर्यात की दिशा में तेजी से बढ़ रहा है, लेकिन हमारी सैन्य सामग्री की विषद जरूरतों के चलते अब भी अरबों रुपयों की खरीद विदेशों से करना जरूरी है। यही कारण है कि 2016 में फ्रांस से 60,000 करोड़ रुपयों में 36 मल्टीरोल राफेल लड़ाकू विमान खरीद लेने के नौ साल बाद भारत ने एक नये रक्षा सौदे के अंतर्गत फ्रांस से ही 26 राफेल एम विमानों की खरीद पर 63,000 करोड़ रुपये खर्च करने का समझौता किया है। राफेल एम की खरीद का निर्णय गहन और लंबी प्रक्रिया के बाद लिया गया था। अन्य विकल्पों के तुलनात्मक अध्ययन में इसके निकटतम प्रतिद्वंदी बोईंग के एफ/ए-18इ और एफ सुपरहोर्नेट थे। गोवा में लंबा ट्रायल लेने के बाद जुलाई, 2023 में राफेल एम के पक्ष में निर्णय लिया गया और अब मोलभाव के बाद इस समझौते पर दस्तखत हुए हैं।

लोगों में यह जानने की उत्सुकता हो सकती है कि इतनी जल्दी देश को एक और रक्षा सौदा करने की क्या जरूरत पड़ गयी। इसे समझने के लिए तीन प्रश्नों के उत्तर जरूरी हैं। पहला, भारतीय नौसेना के सामने कौन-सी नयी समस्याएं हैं, जिनसे निपटने के लिए इतनी बड़ी धनराशि खर्च करना आवश्यक हो गया? दूसरा, क्या नये राफेल एम विमान की जगह पहले आयातित राफेल मल्टीरोल लड़ाकू विमान से काम नहीं चलता? तीसरा, भारतीय नौसेना के दोनों विमानवाहक पोतों-विक्रमादित्य और विक्रांत पर सफलतापूर्वक इस्तेमाल किये जा रहे मिग 29 लड़ाकू विमान यदि पुराने पड़ गये हैं, तो उन्हीं के विकसित और संशोधित संस्करण क्यों नहीं खरीदे जा रहे, जबकि भारतीय वायुसेना मिग 21, 23, 25, 27, 29 और सुखोई एमके 31 आदि अनेक रूसी लड़ाकू विमानों का दशकों से उपयोग करती आयी है? रूसी विमान खरीदकर नौसेना भारतीय वायुसेना में उपलब्ध मेंटेनेंस प्रणालियों और साजो-सामान का साझा उपयोग करके इस खर्च बचा सकती थी। जैसे, विमानवाहक पोतों पर राफेल एम के लिए लिफ्ट जैसे सामान्य उपकरण भी बदलने पड़ेंगे, जो रूसी विमानों के उपयोग के लिए बने थे। दरअसल, हिंद महासागर में चीन की बढ़ती नौसैनिक गतिविधियों को देखते हुए हथियारों की नयी खरीद जरूरी थी।



> पहलगाम हमले के बाद भारत की फ्रांस से 26 राफेल एम (मरीन) की खरीद के समझौते पर हुए हस्ताक्षर रणनीतिक रूप से बहुत महत्वपूर्ण हैं। कुल 63,000 करोड़ रुपये का यह सौदा हथियारों की खरीद के मामले में फ्रांस के साथ भारत की अब तक की सबसे बड़ी डील है।

**अरुणेंद्र नाथ वर्मा**

दक्षिण चीन सागर से आगे बढ़ कर चीन अब म्यांमार के क्यौकफ्यु में गहरा बंदरगाह बना रहा है, जो अंडमान-निकोबार से केवल 970 किलोमीटर दूर है। मालदीव के मराओ अटोल, श्रीलंका के हंबनटोटा, पाकिस्तान के ग्वादर आदि में बड़े-बड़े बंदरगाहों का चीन द्वारा निर्माण और वहां चीनी नौसेना की उपस्थिति ने भारत की तटीय सुरक्षा पर चिंता पैदा कर दी है। भारत के लगातार बढ़ रहे अंतरराष्ट्रीय व्यापार के लिए दक्षिण पूर्व से लेकर धुर पश्चिम तक फैले हुए सागर-महासागरों में भारतीय पोतों और उनके कार्मिकों की सुरक्षा तथा अंडमान-निकोबार, लक्षद्वीप एवं हजारों मीलों तक फैले तटीय क्षेत्र की सुरक्षा के लिए भारतीय नौसेना की क्षमता में लगातार वृद्धि जरूरी है।

चीन के पास 500 युद्धपोत, 60 पनडुब्बियां और तीन विमानवाहक पोत हैं, जबकि भारत के पास केवल 160 युद्धपोत, 20 पनडुब्बियां और दो विमानवाहक पोत हैं। जाहिर है कि यह खाई भरने के लिए बेहद महंगा और लंबा अभियान छेड़ना पड़ेगा। भारत अपनी आर्थिक सीमाओं के मद्देनजर अभी नौसेना के दोनों विमानवाहक पोतों, विक्रमादित्य और विक्रांत की मारक दूरी और क्षमता ही बढ़ा सकता है। राफेल एम की खरीद इसी दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम है। यह राफेल फाइटर जेट की तुलना में उन्नत है। दूसरा प्रश्न भारत में फिलहाल इस्तेमाल हो रहे राफेल लड़ाकू विमानों और प्रस्तावित राफेल एम विमानों के बीच के अंतर के बारे में है। राफेल एम विमानवाहक पोतों से उड़ान भरेंगे। इसके लिए पोत पर स्काई जंप उपकरण से विमान को लांच किया जाता है, ताकि छोटी दौड़ में ही विमान टेक ऑफ कर ले। इसी तरह लैंडिंग के समय विमानवाहक पर लगा हुक विमान में फंस कर उसे रोकता है और डेक पर अरेस्टर बैरियर भी लगे होते हैं।

जहां तक शस्त्रास्त्रों, इलेक्ट्रॉनिक उपकरणों और मारक क्षमता का प्रश्न है, तो वायुसेना में प्रयुक्त राफेल और नौसेना के लिए मंगाये गये राफेल विमान कई तरह के शस्त्रास्त्रों से सुसज्जित लड़ाकू विमान हैं, पर राफेल एम में एक्टिव इलेक्ट्रॉनिकली स्कैन्ड अरे रडार (एसइए) होगा, जो बेहतर इलेक्ट्रॉनिक टोह ले सकेगा, लंबी मार करने वाले एयर टू एयर और एयर टू सरफेस मिसाइल और एक्सोसेट एंटी शिप मिसाइल होंगे। इसके अतिरिक्त इससे हैमर गाइडेड बम और 30 एमएम कैनन का भी इस्तेमाल किया जा सकेगा। इन 26 राफेल एम विमानों में से 22 सिंगल सीटर जेट और चार टू सीटर ट्रेनर जहाज होंगे और सभी तकनीकी रूप से संशोधित और विकसित इलेक्ट्रॉनिक उपकरणों से सुसज्जित होंगे।

राफेल के निर्माता दसॉल्ट अविएशन ने राफेल जहाजों की पहली खेप की खरीद का ऑर्डर पाने के समय आश्वासन दिया था कि भारत में उनके रखरखाव और परिचालन प्रशिक्षण के अतिरिक्त लॉजिस्टिक मदद तथा ऑफसेट अनुबंध के अंतर्गत विमानों के पुर्जों का यथासंभव उत्पादन भी किया जायेगा। वैसे ही आश्वासनों के साथ राफेल एम विमानों के निर्माण और आपूर्ति का सौदा हुआ है। एक दिन भारत में सैन्य विमानों के उत्पादन की श्रृंखला में यह विमान एक नयी कड़ी बन जाए, यही कामना इस महत्वपूर्ण समझौते पर दस्तखत किये के बाद की जा सकती है।

विमान वाहक पोत पर होंगे तैनात

वर्तमान में विमानवाहक पोत आईएनएस विक्रांत पर मिग 29के विमानों का बेड़ा तैनात है। लेकिन ये विमान पुराने हो गए हैं और इनका रखरखाव काफी महंगा पड़ रहा है। पुराने होने के कारण इनके परफार्मेंस पर भी असर पड़ रहा है। ऐसे में राफेल एम एयरक्राफ्ट भारत की भविष्य की जरूरतों को पूरा करेगा। 22 सिंगल सीटर और 4 ट्विन सीटर जेट को भारतीय विमान वाहक पोत के अनुकूल तैयार किया जाएगा। इन विमानों की आपूर्ति के साथ ही भारत पास राफेल की संख्या बढ़कर 62 हो जाएगी। भारत पहले 36 राफेल विमान फ्रांस से खरीद चुका है। ये डील 58 हजार करोड़ रुपये में हुई थी।

**इसलिए खास है राफेल मरीन**

- विमान वाहक पोत पर तैनाती
- सिंगल व डबल पायलट विमान
- 50 हजार फीट की ऊंचाई तक उड़ान क्षमता
- 3700 किलोमीटर तक उड़ान भरने की क्षमता
- 2200 किलोमीटर प्रति घंटे की रफ्तार

**हवा में रिफ्यूलिंग**

- 9 टन तक हथियार ले जाने की क्षमता
- परमाणु मिसाइल व पनडुब्बी नष्ट करने वाली मिसाइल से लैस
- हवा से हवा में मार करने वाली मिसाइल से लैस
- एंटी शिप मिसाइल से सटीक निशाना लगाने में सक्षम
- 30 एमएम ऑटो कैनन गन
- वजन 15 हजार किग्रा, 50.01फीट लंबाई
- फ्यूल कैपेसिटी 11200 किलोलीटर फोल्डिंग विंग्स की सुविधा, इससे पार्किंग में एक मिनट में 18 हजार मीटर की ऊंचाई तक पहुंचने की क्षमता
- कम जगह पर लैंडिंग, कॉकपिट में पहुंचने के लिए बिल्ट इन लैडर

# चिंताजनक है आतंकवाद को समर्थन का कबूलनामा

आतंकवाद समस्या

पाक पोषित आतंकवादियों द्वारा अंजाम दिए गए पहलगाम के खौफनाक आतंकी हमले ने पूरी दुनिया के सामने पाकिस्तान को बेनकाब कर दिया है। भारत तथा अंतर्राष्ट्रीय दबाव के आगे लाचार हुए पाकिस्तान के सत्ताधीशों ने स्वीकार किया कि वे पिछले तीस साल से आतंक की फसल सींच रहे थे। पाकिस्तानी रक्षा मंत्री ख्वाजा आसिफ ने सार्वजनिक रूप से स्वीकार किया कि पिछले तीस साल से पाक आतंकवादी तैयार करने का काम कर रहा था। साथ ही उन्होंने यह भी सफाई दी कि पाकिस्तान ने ये गंदा काम अमेरिका व ब्रिटेन जैसे देशों के कहने पर किया। पाकिस्तान के रक्षा मंत्री ख्वाजा आसिफ ने रहस्योद्घाटन किया है कि पाकिस्तान पिछले तीन दशकों से अमरीका, ब्रिटेन और पश्चिमी देशों के लिए आतंकवाद जैसा 'गंदा धंधा' कर रहा था। हमने आतंकियों को पालने-पोसने, टेऊनिंग देने और पैसा देने का काम किया है। जाहिर है कि पाकिस्तान में आतंकी संगठन सक्रिय रहे हैं। हमने बहुत बड़ी गलती की है, जिसका खामियाजा हमने भुगता है। हमने सोवियत संघ के खिलाफ 1980 और 90 के दशक में और फिर न्यूयॉर्क में 9/11 आतंकी हमले के बाद अमरीका का सहयोग नहीं किया होता, तो आज हमारा 'टैऊक रिकार्ड' (आतंकवाद के मामले में) कहीं बेहतर होता! पाक रक्षा मंत्री ने आरोप लगाया है कि अफगानिस्तान में अमरीका ने सोवियत संघ के खिलाफ जंग में आतंकियों को खुलकर समर्थन दिया था।' बहरहाल सोवियत संघ का अस्तित्व खत्म हो चुका है। अमरीकी सेनाओं के अफगानिस्तान को छोड़ कर गए कई साल गुजर चुके। जो तालिबान वैश्विक पटल पर 'आतंकवादी' थे, वे आज अफगानिस्तान में हुकूमत कर रहे हैं, लेकिन आज अफगानिस्तान पाकिस्तान को 'नंबर 1 दुश्मन' मानता है और सरहद पर लड़ाई जारी है। अंतरराष्ट्रीय स्तर पर पाकिस्तान के रक्षा मंत्री के कबूलनामे को मान्यता दी जाएगी। उन्होंने अमरीका के 'स्काई टीवी' के एक लाइव शो में यह कबूला है कि पाकिस्तान आतंकियों का मुल्क है।



> पाकिस्तान के रक्षा मंत्री ख्वाजा आसिफ ने रहस्योद्घाटन किया है कि पाकिस्तान पिछले तीन दशकों से अमरीका, ब्रिटेन और पश्चिमी देशों के लिए आतंकवाद जैसा 'गंदा धंधा' कर रहा था। अंतरराष्ट्रीय स्तर पर पाकिस्तान के रक्षा मंत्री के कबूलनामे को मान्यता दी जाएगी। उन्होंने अमरीका के 'स्काई टीवी' के एक लाइव शो में यह कबूला है कि पाकिस्तान आतंकियों का मुल्क है।

अफगानिस्तान में लड़ने के बाद पाकिस्तान के आतंकियों और उनके आकाओं को एहसास हुआ कि वे भारत के खिलाफ जेहाद का इस्तेमाल कर सकते हैं, लिहाजा 90 के दशक से वर्ष 2000 तक दुनिया में जहां भी आतंकी हमले हुए, वहां पाकिस्तान की मौजूदगी और उसके सबूत पाए गए। भारत में भी जेहाद की आड़ में पाकपरस्त आतंकवाद और कश्मीर में अलगाववाद 90 के दशक में ही पनपे और फैलते गए। पाकिस्तान में आतंकियों को जेहादी ही नहीं, मुल्क के नायक और स्वतंत्रता सेनानी तक माना जाता रहा है। जिन आतंकियों ने कश्मीर के पहलगाम में नरसंहार किया था, पाकिस्तान के उप प्रधानमंत्री इसहाक डार उन्हें भी 'स्वतंत्रता सेनानी' मान रहे हैं। फिर वह संभावना जताने लगते हैं। चूंकि पाकिस्तान 'फाइनेंशियल एक्शन टास्क फोर्स' (फाट्फ) को लिखित आश्वासन दे चुका है कि उनके मुल्क में आतंकी मौजूद नहीं हैं और न ही हुकूमत आतंकी संगठनों को पैसा और पनाह देती है। पहलगाम नरसंहार के बाद पाकिस्तान में जो खलबली मची है, लश्कर-ए-तैयबा और जैश-ए-मुहम्मद सरीखे आतंकी संगठनों के मुख्यालयों में स्थित मस्जिदें और मदरसे खाली कराए गए हैं। करीब 200 एकड़ में फैले लश्कर के मदरसों में पढ़ने वाले करीब 2000 छात्र और मौलवी-मौलाना वहां से चले गए हैं। आतंकियों और छात्रों-मौलानाओं को सुरक्षित जगहों पर भेजा गया है। पाकिस्तान में ऐसा किस खौफ और संभावित हमले के मद्देनजर किया गया है? खबर तो यह भी है कि लश्कर के सरगना हाफिज सईद को एबटाबाद के 'आईएसआई सेफ हाउस' में रखा गया है। इसी इलाके में अलकायदा का सरगना ओसामा बिन लादेन छिपा था, जहां अमरीका के कमांडो सैनिकों ने उसे ढेर किया था। बहरहाल भारत ऐसी सूचनाओं और साक्ष्यों के आधार पर फाट्फ में, पाकिस्तान के खिलाफ शिकायत दर्ज कर सकता है और पाकिस्तान को 'ग्रे लिस्ट' में डालने का आग्रह कर सकता है। यदि फाट्फ ने पाकिस्तान पर कोई निर्णायक कार्रवाई की, तो दुनिया में उसे भीख तक नहीं मिल सकती। आईएमएफ और विश्व बैंक के कर्ज़ मिलना तो बहुत दूर की कौड़ी है।

पहलगाम नरसंहार के बाद प्रशासन ने स्थानीय 6 आतंकियों के घर नेस्तनाबूद कर दिए हैं, उन्हें मलबा या राख कर दिया गया है। करीब 175 संदिग्धों को हिरासत में लिया गया है और 14 स्थानीय आतंकियों की सचित्र सूची जारी की गई है। हम उन्हें ही 'जयचंद' करार दे रहे हैं। वे सभी पाकिस्तान के आतंकी संगठनों से जुड़े रहे हैं। एजेंसियों ने 64 'जयचंदों' के घरों में छापे भी मारे हैं। बेशक भारत-पाकिस्तान के बीच 'युद्ध' की स्थितियां बन चुकी हैं। इनकी नियति अभी तय होनी है।

प्रसंगवश

# आचार्य जी का पट्टाचार्य पद पर अलंकरण सुशोभन

भारत भूमि सृष्टि की शुरूआत से ही धर्म, अध्यात्म, दर्शन और योग की संस्कृति से पुष्पित- पल्लवित रही है। वेदिक ऋ षि- मुनियों से लेकर जैन साधक इस परम्परा में अपना योगदान देते रहे हैं। ऐसे ही साधक हैं, योगी दिगम्बर जैनाचार्य 108 श्री विशुद्ध सागर महाराज। इनके गुरू आचार्य 108 विराग सागर महाराज ने जब अनुमान प्रमाण से जान लिया कि वे इस संसार को विदा करने वाले हैं, तब 3 जुलाई 2024 को वीडियो संदेश द्वारा अपना पट्टाचार्य (गणाचार्य) का पद सु-योग्य शिष्य विशुद्ध सागर महाराज को देने की घोषणा कर दी थी।

आचार्य विशुद्ध सागर महाराज अपने गुरू के बिछुड़ जाने से गमगीन थे। अन्य वरिष्ठ दिगम्बराचार्यों द्वारा समझाने पर अंततः विशुद्ध सागर महाराज इस दायित्व को संभालने के लिए राजी हुए। इंदौर के संभ्रान्त और धर्मानुरागी मनीष गोधा परिवार ने इंदौर के सुमति धाम में ऐतिहासिक जैन महाकुंभ का आयोजन के लिए आचार्य श्री विशुद्ध सागर महाराज को पट्टाचार्य पद से अंलकृत कराने की मंशा जाहिर की।

30 अप्रैल 2025 को सुबह इंदौर स्थित सुमति धाम में गणाचार्य (पटटाचार्य) पद पर सुशोभन होगा। इस सारस्वत संस्कार के साक्षी होंगे 388 जैन साधक, धर्मावलम्बी, श्रृद्धालु और समाज जन। इस शुभ प्रसंग पर 27 अप्रैल से ही कार्यक्रम शुरू हो चुके हैं और 2 मई तक चलेंगे।

दिगम्बर संत विशुद्ध सागर महाराज पिछले 36 साल से धर्म प्रभावना कर रहे हैं। आपसे प्रेरणा लेकर अब तक 56 गृहस्थ मुनि दीक्षा, 06 छुल्लक दीक्षा लेकर संयम मार्ग को प्रशस्त कर रहे हैं। आचार्य की प्रेरणा से हजारों धर्मावलम्बी व्रतादि ग्रहण कर अपना जीवन सार्थक कर रहे हैं।



आचार्य विशुद्ध सागर महाराज

> जैन धर्म के ढाई हजार वर्ष के इतिहास में यह पहला मौका है कि 388 साधकों की उपस्थिति में आचार्य श्री विशुद्ध सागर महाराज पट्टाचार्य पद पर अलंकृत होंगे।

मध्यप्रदेश के चम्बल संभाग के भिण्ड जिले के रूर गाँव में 19 दिसम्बर 1971 को सभ्रान्त परिवार के श्री राजनारायण के यहाँ योग्य संतान का जन्म हुआ। नाम रखा राजेन्द्र पर इन्हें स्नेह से लला नाम से पुकारा जाता था। लला ने बाल्यकाल में मात्र 10 वर्ष की अल्पायु में जैनत्व के मूल नियमों का पालन करना शुरू कर दिया था। फिर सत्रह बसंत देखते-देखते वैराग्य जाग्रत हुआ तदसमय मुनि श्री विराग सागर महाराज के भिण्ड प्रवास में उनकी देशना से प्रभावित होकर 11 अक्टूबर 1989 को भिण्ड में छुल्लक दीक्षा अंगीकार की । इसके बाद 19 जून 1991 को ऐलक दीक्षा, और 5 महीने ही बीत पाए थे कि आचार्य श्री विराग सागर महाराज से ही दिगम्बर मुनि की दीक्षा ली। अब नाम रखा गया विशुद्ध सागर। गुरू विराग सागर महाराज ने आपको आचार्य पद से विभूषित किया ।

आचार्य श्री ने अब तक देश के 12 राज्यों में 1 लाख 2 हजार 800 किलोमीटर पग विहार कर धार्मिक-आध्यात्मिक चेतना का प्रसार किया है। आचार्य श्री हिन्दी के साथ-साथ संस्कृत, मराठी, कन्नड़, अंग्रेजी- गुजराती आदि भाषाओं में पारंगत हैं। लौकिक शिक्षा भले ही दसवीं कक्षा तक ही हुई हो इतनी अल्प शिक्षा के बाद भी नीतिशास्त्र का अलौकिक ग्रन्थ सत्यार्थ बोध सृजित कर विश्व कीर्तिमान बनाया है। इस ग्रन्थ के सृजन पर ब्रिटिश नेशनल यूनिवर्सिटी क्वीन मेरी यूनाइटेड किंगडम और यूनाइटेड स्टेट ऑफ अमेरिका द्वारा आपको डी.लिट उपाधि से सम्मानित किया गया है।

आपने जीवन पर्यन्त वस्त्र त्याग कर निर्ग्रन्थ अवस्था स्वीकार की है। जीवन पर्यन्त वाहन से विचरण न करने का नियम लिया है। जीवन पर्यन्त नमक, तेल, दही एवं मीठा आदि सेवन का त्याग किया है। रात्रि में पूर्ण मौन रहते हैं। अष्टमी, चतुर्दशी, अष्टानिका और पर्यूषण पर्व में मौन साधना करते हैं। आहार में मात्र दो अन्न ग्रहण करते हैं, जिसमें भी चावल सेवन का पूर्ण त्याग है।

**ऋषभ जैन**

## ॥गीता॥



**श्लोक : रुपयौवनसंपन्ना विशाल कुलसम्भवाः।**
**विद्याहीना न शोभन्ते निर्गन्धा इव किंशुकाः॥**

**भावार्थ :**
**श्री कृष्ण अर्जुन से कहते हैं-**
रुपसंपन्न, यौवनसंपन्न, और चाहे विशाल कुल में पैदा क्यों न हुए हों, पर जो विद्याहीन हों, तो वे सुगंधरहित केसुडे के फूल की भाँति शोभा नहीं देते।

जीवन दर्शन

# जो हममें है, वही हिमालय में है; खुद को सागर समझें

हिंदू पौराणिक परिदृश्य में ईश्वर दुनिया से अलग नहीं है। ईश्वर दुनिया का निर्माण करता है और इस नाते दुनिया के कण-कण में ईश्वर की ही व्याप्ति है। ईश्वर द्वारा दुनिया के निर्माण की यह रचनात्मक प्रक्रिया लीला कहलाती है। इसके अनुसार, ब्रह्म एक महान जादूगर है, जो खुद को दुनिया में बदल लेता है और फिर अपनी जादुई रचनात्मक शक्ति के साथ यह करतब करता है, जो ऋग्वेद में माया का मूल अर्थ है।

यह पूरी दुनिया, हम सब सागर की लहरों के समान हैं और जब तक हम यह समझते रहते हैं कि लहरों के रूप में हमारा स्वतंत्र अस्तित्व है, तब तक हम माया के चंगुल में फंसे रहते हैं। जब हम समझ लेते हैं कि हम अलग-अलग लहरें न होकर एक सागर ही हैं, तब बेचैनी खत्म हो जाती है। गहन ध्यान की स्थिति में होने वाले आध्यात्मिक अनुभव ही हमें महसूस कराते हैं कि हम एक ही हैं। इस ब्रह्मांड में सबकुछ जुड़ा हुआ है। सबकुछ एक ही है। भौतिक विज्ञान का क्वांटम सिद्धांत भी कुछ इसी तरह की बात करता है। क्वांटम सिद्धांत ब्रह्मांड में एक बुनियादी एकता को प्रकट करता है। यह दर्शाता है कि हम दुनिया को स्वतंत्र छोटी इकाईयों में विभाजित नहीं कर सकते। हिमालय के एक टुकड़े में जो विशेषताएं पाई जाती हैं, वही समग्र हिमालय में पाई जाती हैं। उसी तरह, अगर हम दुनिया के किसी एक पदार्थ का अवलोकन करें, तो इससे हमें पूरी दुनिया की बुनियादी जानकारी मिल सकती है।



इन आध्यात्मिक अनुभवों और विज्ञान को अमूमन बिल्कुल विपरीत क्षेत्र माना जाता है। हालांकि, वैज्ञानिक प्रयोगों और आध्यात्मिक अनुभवों की प्रकृति बिल्कुल अलग होने के बावजूद दोनों में समानता हैरत में डालती है। आध्यात्मिक अनुभव कुछ खास व्यक्तियों को कुछ खास अवसरों पर ही हो पाते हैं। अगर इन दोनों का नजदीकी परीक्षण करें, तो पाएंगे कि दोनों प्रकार के अवलोकनों के बीच फर्क दृष्टिकोण में है, न कि उनकी विश्वसनीयता या जटिलता में। एक गहन रहस्यमय अनुभव के लिए एक अनुभवी गुरु के अधीन कई वर्षों तक प्रशिक्षण लेना पड़ता है। जाहिर है कि भौतिकी के प्रयोग और आध्यात्मिक अनुभव में ज्यादा फर्क नहीं होता।

**खुद को लहर नहीं, सागर समझें**

इस ब्रह्मांड में सबकुछ एक-दूसरे से जुड़ा हुआ है-इसे विज्ञान और अध्यात्म दोनों मानते हैं। हम सभी इस दुनिया रूपी सागर का हिस्सा हैं, अलग-अलग लहरें नहीं। जब तक हम खुद को लहर समझते हैं, माया में फंसे रहते हैं। इसलिए खुद को लहर नहीं, सागर समझें।

(फित्जॉफ काप्रा की किताब 'ताओ ऑफ फिजिक्स' से अनूदित)

## संक्षिप्त खबरें

### आधुनिक बना जबलपुर का राजस्व अभिलेखागार

**विसं भोपाल।** मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव की मंशानुरूप जबलपुर में राजस्व अभिलेखागार के प्रबंधन की एक नई शुरुआत की गई है। कलेक्टर कार्यालय में स्थित राजस्व अभिलेखागार को आधुनिकतम रूप में विकसित किया गया है, जिससे आवेदकों को राजस्व अभिलेखों की नकल प्राप्त करना अब आसान हो गया है। कलेक्टर दीपक सक्सेना के निर्देशन में राजस्व रिकॉर्ड रूम को ०?यवस्थित करने और सभी रिकॉर्डों को स्कैन कर ऑनलाइन किया है। इससे अब कोई भी व्यक्ति घर बैठे राजस्व अभिलेखों की स्थिति के बारे में पता कर सकता है। राजस्व अभिलेखागार के आधुनिकीकरण से पारदर्शिता और जवाबदेही बढ़ी है।

### श्रमिकों के खातों में आज सीएम अंतरित करेंगे राशि

**विशेष संवाददाता, भोपाल।** मुख्यमंत्री डॉ.मोहन यादव बुधवार को अक्षय तृतीया के मौके पर श्रमिक परिवारों को राशि वितरित करेंगे साथ ही सामूहिक विवाह सम्मेलन में भी शामिल होंगे। जानकारी के अनुसार सीएम धार जिले के उमरबन में संबल योजना में अनुग्रह सहायता के 27 हजार 523 प्रकरणों में राशि 600 करोड़ सिंगल क्लिक से वितरित करेंगे। इस योजना के तहत श्रमिकों को जन्म से लेकर मृत्यु तक आर्थिक सहायता प्राप्त होती है। डॉ. यादव मुख्यमंत्री कन्यादान योजना के सामूहिक विवाह सम्मेलन में भी शामिल होंगे।

### संदिग्ध छवि वाले के नाम पर स्कूल दुर्भाग्यपूर्ण : माकपा

**भोपाल।** केंद्र सरकार ने पीपीपी मोड पर सौ सैनिक स्कूल खोलने का निर्णय किया था। इसमें से अभी तक खोले गए पांच स्कूल आरएसएस के नियंत्रण में हैं। नरसिंहपुर के गोटेगांव में छठवें स्कूल की अनुमति एक ऐसे व्यक्ति के नाम पर दी गई है, जो दलित उत्पीड़न के मामले में जेल जा चुका है, महिला उत्पीडन के आरोप लगने के बाद उसकी संदिग्ध परिस्थितियों में मौत हो चुकी है। मार्क्सवादी कम्युनिस्ट पार्टी के राज्य सचिव जसविंदर सिंह ने उक्त बयान जारी करते हुए कहा है कि मणि नागेंद्र सिंह के नाम से सैनिक स्कूल की स्थापना दुर्भाग्यपूर्ण है और इसे तुरंत निरस्त किया जाना चाहिए। माकपा नेता ने कहा है कि इससे भाजपा और उसके नेताओं की देशभक्ति का खोखलापन भी उजागर होता है कि उनके पास सैनिक स्कूल के लिए किसी शहीद या स्वतंत्रता सेनानी का नाम नहीं, बल्कि एक अपराधी का नाम है।

# प्रदेश के बांधों पर रसूखदारों का अतिक्रमण

## अतिक्रमण की वजह से बांधो का कैचमेंट एरिया सिकुड़ रहा, बारिश के दौरान पूरे नहीं भर पाते बांध

**विशेष संवाददाता, भोपाल।** सूबे में पानी और पेयजल के अभाव को पूरी तरह से खत्म करने राज्य सरकार के प्रयासों पर अतिक्रमण पानी फेर रहे है। आलम यह है कि राज्य के सौ से ज्यादा छोटे-बड़े बांध है,जो अतिक्रमण की वजह से अपने तय हद से काफी ज्यादा सिकुड़ गए है। हैरानी वाली बात यह है कि अधिकांश बांधों पर अतिक्रमण रसूखदारों की वजह से है।गौरतलब है कि प्रदेश में तकरीबन 906 बड़े-छोटे बांध है,इनमें से 100 से ज्यादा बांध ऐसे है,जहां पर अतिक्रमण की शिकायतें है,जिसकी वजह से बांधों का कैचमेंट क्षेत्र सिकुड़ गया है। सरकारी आकंड़ों में ग्वालियर के वीरपुर, रायपुर, हनुमान और मामा बांध प्रमुख हैं। इन बांधों के कैचमेंट क्षेत्र और डूब क्षेत्र में अवैध निर्माण और बस्तियाँ बनी हुई हैं, जिससे बांधों में पानी भरने की क्षमता कम हो रही है. इसके अलावा इंदौर के खजराना और सिरपुर तालाब और रीवा जिले के 56 तालाबों में से अधिकांश भी अतिक्रमण की चपेट में हैं। ग्वालियर में जल संसाधन विभाग के अनुसार, 2019 में वीरपुर बांध में 44 और हनुमान बांध में 10 अतिक्रमण हटाए गए थे, लेकिन ये अतिक्रमण कुछ समय बाद फिर से हो गए। बांधों के आसपास अवैध निर्माण और बस्तियाँ होने के कारण बाढ़ के दौरान ये बस्तियाँ डूब में आ जाती हैं, लेकिन लोग वहां बने रहते हैं, जिससे बांधों की क्षमता पर और दबाव पड़ता है।



### 7 बड़ी झीलों में बस गई बस्तियां

पूरे प्रदेश में तालाबों और पोखरों के कैचमेंट एरिया में कब्जे हो गए हैं। इसमें भोपाल के बड़े तालाब के कैचमेंट एरिया में तो बस्तियां बस गई हैं। मैरिज गार्डन भी हैं, जिला प्रशासन ने इन्हें हटाने का प्रयास किया, लेकिन पूरी तरह से सफलता नहीं मिली।सबसे हैरानी वाली बात तो यह है कि बांधों के अंदर खेती की जा रही है। इतना ही नहीं बांधों के कैचमेंट एरिया में कई जगह मकान तक बना लिए गए है। झुमका जैसे बांधों में खुले आम अतिक्रमण बताया जा रहा है।

### विभागीय अधिकारी खामोश

बांधों में अतिक्रमण को लेकर जलसंसाधन विभाग के अधिकारी खामोश है। कई अधिकारियों ने इस पर कुछ बोलने से मना कर दिया,तो प्रमुख अभियंता विनोद देवड़ा ने न तो मिलने का समय दिया और न ही मोबाइल कॉल को अटैंड ही किया। जिससे अतिक्रमण को लेकर विभाग और सरकार की नीतियां का खुलास नहीं हो पाया।

### पावर जनरेशन के लिए सर्वे

इधर केन्द्र सरकार ने मध्यप्रदेश के 106 जलाशयों और सरोवरों में सोलर पॉवर संयंत्र लगाने के लिए राज्य सरकार से रिपोर्ट मांगी है। जिसमें पूछा गया है कि चिन्हित जलाशयों में सामान्य दिनों में कितना पानी का भण्डारन रहता है और जब बारिश होती है,तब जलाशय कितने स्तर तक भर जाते है। केन्द्र ने विभाग ने इन जलाशयों की पिछले 20 सालों की स्थिति की जानकारी मांगी है। जिसमें पूछा गया है कि जलाशयों में अधिकतम जल भण्डारण की क्षमता कितनी है। फुल रिजयवायर लेवल और मिनिमम ड्रा डाउन लेबल और प्रति दिन का वाटर स्तर कितना रहता है,इसकी विस्तृत जानकारी मांगी गई है।

### प्रमुख बांध जिनकी मांगी रिपोर्ट

बाणसागर बांध, बरगी, बिरसिंहपुर, देवेंद्र सागर, देवीखेड़ा, गांधी सागर बांध, घोड़ापछाड़, गोपीसागर बांध, इंदिरा सागर, कलियासो डैम, केरवा डैम, राजघाट सागर, तिगरा डैम, संजय सागर बांध, टोंस बैराज, उर्मिल डैम, दोराहा, देवगांव, बुधना नाला, बारना बांध , अवदा जलाशय, भैंसवार, हरसी बांध, काजीखेड़ी, ओंकारेश्वर बांध, पेंच डायवर्सन, राजीव सागर और सागद डैम प्रमुख बताए गए है।

# गरीब छात्रों को लाभ दिलाने आयोग करेगा पहल

## राज्य सामान्य वर्ग कल्याण आयोग की हुई बैठक


**विसं भोपाल।** सामान्य निर्धन वर्ग के प्रतिभाशाली छात्र-छात्राओं को प्रतियोगी परीक्षाओं के लिये निःशुल्क कोचिंग तथा अन्य शासकीय योजनाओं का लाभ प्राप्त करने के लिये आय की न्यूनतम सीमा को बढ़ाये जाने का प्रस्ताव राच्य शासन को भेजा जायेगा। यह निर्णय सामाजिक न्याय, दिव्यांगजन कल्याण मंत्री तथा मध्यप्रदेश राच्य सामान्य वर्ग कल्याण आयोग के अध्यक्ष नारायण सिंह कुशवाह की अध्यक्षता में आयोजित बैठक में लिया गया। कुशवाह ने कहा कि सामान्य वर्ग के गरीब हितग्राहियों को राच्य शासन की विभिन्न योजनाओं का लाभ प्राथमिकता के साथ उपलब्ध कराने के लिये आयोग गठित किया गया है।



कुशवाह ने कहा कि आयोग के माध्यम से 11 विभिन्न योजनाएँ संचालित की जा रही हैं। उन्होंने कहा कि स्कूल शिक्षा, तकनीकी शिक्षा, कौशल विकास एवं रोजगार, चिकित्सा शिक्षा एवं उच्च शिक्षा विभाग द्वारा विभिन्न छात्रवृत्ति एवं प्रोत्साहन योजनाएँ संचालित की जा रही हैं। इन योजनाओं से दी जाने वाली प्रोत्साहन राशि को भी बढ़ाये जाने की आवश्यकता है। उन्होंने उच्च शिक्षा ऋण गारंटी योजना के तहत भी निर्धारित 100 विद्यार्थियों की अधिकतम सीमा को बढ़ाये जाने की आवश्यकता जताई। कुशवाह ने कहा कि आयोग द्वारा इन सभी योजनाओं में वृद्धि के प्रस्ताव शासन को भेजे जायेंगे। कुशवाह ने पशुपालकों के लिये पशुपालन विभाग द्वारा संचालित आचार्य विद्यासागर गौ-संवर्धन योजना को प्रोत्साहित करने के निर्देश भी दिये। योजना में वर्ष 2024-25 में 1559 पशुपालकों को 5 करोड़ 20 लाख से अधिक की अनुदान राशि उपलब्ध करायी गयी है। उन्होंने योजना के व्यापक प्रचार-प्रसार के निर्देश पशुपालन विभाग के अधिकारियों को दिये। बैठक में सामाजिक न्याय, पशुपालन, स्कूल शिक्षा, उच्च शिक्षा, तकनीकी शिक्षा और संस्थागत वित्त विभाग के अधिकारी उपस्थित थे।

# प्रमोट होकर आईपीएस बने 4 अफसरों को मिला 2016 बैच

**मुख्य संवाददाता, भोपाल।** जनवरी में राच्य पुलिस सेवा (एसपीएस) से प्रमोट होकर भारतीय पुलिस सेवा (आईपीएस) में नियुक्त होने वाले 4 अफसरों को 2016 बैच अलॉट किया गया है। यह नियुक्ति वर्ष केंद्रीय गृह मंत्रालय ने प्रदेश सरकार से प्रस्ताव और आईपीएस नियम 1988 के तहत निर्धारित किया है। इन सभी अफसरों का नाम केंद्र को वर्ष 2023 के लिए भेजी गई चयन सूची में शामिल था। केंद्र द्वारा मंगलवार को जारी अधिसूचना के अनुसार प्रमोट होकर आईपीएस अवार्ड पाने वाले प्रकाश चंद्र परिहार, दिलीप कुमार सोनी, अवधेश प्रताप सिंह और राजेंद्र कुमार वर्मा को 2016 बैच आवंटित किया गया है। डीओपीटी ने साफ कर दिया है कि ये चारों अधिकारी एमपी कैडर की आईपीएस सिविल लिस्ट में 2016 बैच के डॉ. संजय कुमार अग्रवाल से जूनियर और 2017 बैच के आईपीएस अधिकारी अंकित सोनी से सीनियर रहेंगे।




### 3 पुलिसकर्मियो के तबादले

**भोपाल।** पुलिस मुख्यालय (पीएचक्यू) ने मंगलवार को तीन पुलिस कर्मियों के तबादले किए हैं। ट्रांसफर लिस्ट के अनुसार इंस्पेक्टर डॉ संतोष यादव का भिंड से ग्वालियर, एएसआई भंवरलाल शर्मा का नगरीय भोपाल से सीहोर तबादला किया गया है। इसके अलावा उज्जैन में पदस्थ आरक्षक खुशबू सोनी का ट्रांसफर स्वयं के व्यय पर आगर मालवा जिले में किया गया है। पीएचक्यू ने संबंधित जिलों के एसपी से इन सभी पुलिसकर्मियों को नियमानुसार रिलीव करने के निर्देश दिए हैं।

# ईडी ने जब्त किया शराब ठेकेदारों से 7 करोड़ 44 लाख कैश

## खातों में जमा 71 लाख और बैंक लॉकर भी फ्रीज, सोमवार को मारे थे छापे

**मुख्य संवाददाता, भोपाल।** सोमवार को प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) की इंदौर यूनिट द्वारा इंदौर, भोपाल, मंदसौर और जबलपुर में शराब ठेकेदारों के 13 ठिकानों पर मारे गए छापों के दौरान 7 करोड़ 44 लाख रुपए की नकदी मिली है। इसके अलावा बैंक खातों में 71 लाख रुपए की रकम और कई बैंक लॉकर मिले हैं। मंगलवार को ईडी की टीम ने कैश को जब्त करते हुए बैंक खातों और लॉकरों को फ्रीज कर दिया है। इसके अलावा ईडी की टीम को विभिन्न आपत्तिजनक दस्तावेज, अचल संपत्ति से जुड़े कागजात और डिजिटल डिवाइस में दर्ज कई अहम सूचनाएं भी हाथ लगीं हैं। ईडी अब इस प्रॉपर्टी और जब्त अन्य दस्तावेजों को भी खंगाल रहा है। यह घोटाला आठ साल पुराना है और अब ईडी ने इस मामले में पिछले साल जून में आबकारी आयुक्त ग्वालियर को पत्र लिखकर की गई शिकायत के साथ-साथ कई अन्य जानकारियां मांगी थी।




### सांठगांठ से किया था 49 करोड़ का घोटाला

ईडी ने इस मामले में इंदौर के रावजी बाजार पुलिस स्टेशन में शराब ठेकेदारों के खिलाफ सन् 2017 में आबकारी विभाग द्वारा दर्ज कराई गई एफआईआर को आधार मानकर अपनी कार्रवाई शुरू की है। एफआईआर के अनुसार शराब ठेकेदारों ने तत्कालीन आबकारी अफसरों की मदद से इंदौर में करोड़ों रुपए का चालान घोटाला किया था। इसके कारण प्रदेश सरकार को 49 करोड़ 42 लाख रुपए का नुकसान हुआ था। जानकारी के अनुसार 2015 से 2017 के बीच सरकारी वेयरहाउस से शराब खरीदने के लिए ठेकेदारों ने फर्जी चालान जमा किए थे। इसके लिए शराब ठेकेदार बैंक में छोटी रकम जमा करके चालान बनवा लेते थे। इस चालान में अंकों में रुपए और शब्दों में रुपए के पहले और बाद में कुछ खाली जगह छोड़ देते थे। बाद में इन चालानों में हेर-फेर कर रकम को बढ़ाकर इस चालान को जिला आबकारी कार्यालय इंदौर में जमा करके शराब का स्टॉक मंगा लेते थे। इसका खुलासा होने के बाद आबकारी विभाग ने इंदौर के रावजी बाजार थाने में धोखाधड़ी की रिपोर्ट दर्ज कराई थी। इस मामले के तूल पकड़ने के बाद सरकार ने वहां पदस्थ सहायक आबकारी आयुक्त संजीव दुबे को निलंबित कर दिया था।

### 8 साल बाद हुई छापेमारी

करोड़ों के इस घोटाले में 8 साल बाद ईडी एक्टिव हुई है। ईडी ने सोमवार सुबह अविनाश श्रीवास्तव, विजय श्रीवास्तव, राकेश जायसवाल, योगेंद्र जायसवाल, राहुल चौकसे, सूर्यप्रकाश अरोरा, गोपाल शिवहरे, लवकुश जायसवाल और प्रदीप जायसवाल से जुड़े हुए कुल 13 ठिकानों पर रेड मारी थी। तकरीबन 16 घंटे तक चली तलाशी और छानबीन के बाद ईडी के हाथ करोड़ों की प्रॉपर्टी के पेपर्स भी लगे हैं। अब ईडी घोटाले के अलावा जमीन और संपत्ति के इन दस्तावेजों की भी छानबीन कर रही है। जांच एजेंसी इन संपत्तियों के बेनामी होने या फिर इसकी खरीद में मनी लॉन्ड्रिंग और हवाला के पैसों का एंगल भी खोज रही है। ईडी की छानबीन फिलहाल शराब ठेकेदारों तक सीमित है लेकिन जांच का आगे बढ़ने पर घोटाले के समय पदस्थ रहे आबकारी अफसरों की भूमिका और उनसे जुड़े ठिकानों की जांच भी हो सकती है। ईडी से जुड़े एक विश्वस्त सूत्र के मुताबिक ईडी को संदेह है कि यह घोटाला बगैर अफसरों की सांठगांठ के संभव ही नहीं था। गौरतलब है कि फर्जीवाड़ा सामने आने के बाद प्रदेश सरकार ने भी 11 ऑडिटर्स की टीम को इंदौर भेजकर आबकारी विभाग में जमा कराए गए बैंक चालानों की जांच कराई थी, लेकिन यह बेनतीजा रही।

# कांग्रेस की चार पीढ़ियों ने 4 गज जमीन तक नहीं दी: चुघ

**विसं भोपाल।** भारतीय जनता पार्टी के राष्ट्रीय महामंत्री तरूण चुघ ने कहा है कि कांग्रेस की चार पीढ़ियों ने संविधान निर्माता बाबा साहब भीमराव अंबेडकर का अपमान किया। बाबा साहब के अंतिम संस्कार के लिए कांग्रेस ने दिल्ली में चार गज जमीन नहीं दी। चुघ मंगलवार को प्रदेश भाजपा दफ्तर में डॉ. भीमराव अंबेडकर सम्मान अभियान के तहत भोपाल जिला द्वारा आयोजित विचार गोष्ठी को संबोधित किया। उन्होंने कहा कि कांग्रेस पार्टी की चार पीढियां सात दशक से बाबा साहब को अपमानित करती आ रही हैं। कांग्रेस पार्टी ने 75 से अधिक बार संविधान में संशोधन किए हैं। यह संशोधन देश को शर्मसार करने वाले हैं । कांग्रेस पार्टी के नेता अपने अहंकार, झूठ, षड्यंत्रों को बचान के लिए संविधान में संशोधन किए। उन्होंने कहा कि भाजपा ने संविधान में संशोधन समाज व राष्ट्र के उत्थान, दलितों, वंचितों, महिलाओं को अधिकार दिलाने के लिए किए गए हैं। इस मौके पर भाजपा प्रदेश अध्यक्ष विष्णुदत्त शर्मा ने कहा कि आजादी के बाद कांग्रेस पार्टी और उसके नेता तुष्टिकरण व वर्ग विशेष को लाभ पहुंचाने संविधान को कुचलते रहे। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी बाबा साहब के विचारों को जमीन पर उतार रहे हैं। संगोष्ठी को भोपाल जिलाध्यक्ष रविन्द्र यति ने भी संबोधित किया। इससे पहले पहलगाम हमले में दिवंगत हुए व्यक्तियों को दो मिनट का मौन रखकर शोक व्यक्त किया गया।



### इंदौर की संगोष्ठी में कहा- अंबेडकर सभी वर्गो के मसीहा

उधर इंदौर के रवीन्द्र नाट्य गृह आयोजित जिला संगोष्ठी को सम्बोधित करते हुए सीएम डॉ मोहन यादव ने कहा कि डॉ. अंबेडकर केवल दलितों के ही नहीं, सभी वर्गों के मसीहा हैं। आज बाबा साहेब डॉ. अंबेडकर के कार्यों को जन-जन तक पहुंचाने का काम केन्द्र और राज्य शासन कर रही है। बाबा साहेब डॉ. अंबेडकर ने जन्म लिया, जिस स्थान पर जहॉ पर शिक्षा पाई तथा उनसे जुड़े अन्य सभी महत्वपूर्ण स्थलों को तीर्थ के रूप में विकसित करने का काम सरकार ने किया है। राजस्थान की पूर्व मुख्यमंत्री श्रीमती वसुंधरा राजे ने कहा कि बाबा साहेब डॉ. भीमराव अंबेडकर केवल दलितों के ही नहीं सभी वर्गों के महान नेता थे, जिनको पूरी दुनिया सुनती थी। वे चाहते थे कि देश का हर व्यक्ति पढ़े -लिखे और आगे बढे। उनमें मानवता कूट-कूट के भरी थी और वे सबको एक दृष्टि से देखते थे। डॉ. अंबेडकर ने जो संविधान लिखा वो केवल एक कानून का दस्तावेज नहीं होकर जीवन जीने की एक पद्धति है, जिसका सम्मान आज पूरी दुनिया में भी हो रहा है। पूर्व मुख्यमंत्री ने इंदौर की स्वच्छता की प्रशंसा करते हुए कहा कि यहां की जनता ने सफाई को अपना संस्कार बनाया है। यही वजह है कि इंदौर स्वच्छता में लगातार 7 वर्षों से नम्बर-वन है। नगरीय प्रशासन मंत्री कैलाश विजयवर्गीय ने बाबा साहेब डॉ. भीमराव अंबेडकर की तुलना दक्षिण अफ्रीका के अश्वेत नेता डॉ. नेल्सल मंडेला और अमेरिका के पूर्व राष्ट्रपति मॉर्टिन लूथर किंग से करते हुए कहा कि डॉ. अंबेडकर ने करीब 80 करोड़ भारतीयों को शिक्षा के प्रति जागरूक किया। जल संसाधन मंत्री सिलावट ने कहा कि बाबा साहब डॉ. अंबेडकर राष्ट्र के ही नहीं विश्व के गौरव है।

# दलितों पर अमानवीय अत्याचार: जीतू पटवारी

**विसं भोपाल।** प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष जीतू पटवारी ने कहा है कि भाजपा के शासनकाल में दलितों पर अमानवीय अत्याचार किए जा रहे है। वो जहां अपने बुनियादी अधिकारों से वंचित हैं, तो वहीं अब उन्हें मृत्युपरांत भी अपमानित किया जा रहा है। उन्होंने कहा कि भाजपा नेता रामनिवास रावत के इशारे पर हुआ कृत्य संविधान का घोर अपमान है। विजयपुर की यह खबरें अत्यंत पीड़ादायक और लोकतंत्र की आत्मा को झकझोरने वाली हैं। यह कृत्य न केवल भारतीय संविधान का घोर अपमान है बल्कि मानवता के खिलाफ भी एक शर्मनाक अपराध है।उन्होंने कहा कि जिस पार्टी के नेता दिन-रात सबका साथ, सबका विकासका नारा देते हैं, उसी के राज में वंचित वर्ग के लोगों को अंतिम संस्कार तक का हक छीना जा रहा है। यह भाजपा का असली चेहरा है सत्ता का घमंड, जातीय भेदभाव और लोकतांत्रिक मूल्यों का अपमान। कांग्रेस नेता ने पूर्व मंत्री रामनिवास रावत पर सीधा आरोप लगाते हुए कहा कि उन्होंने चुनाव हराने की बौखला गए है। उन्होंने रावत पर संविधान विरोधी गतिविधियों के तहत मुकदमा दर्ज करने की मांग करते हुए कहा कि दलित समाज को सुरक्षा और सम्मान सुनिश्चित किया जाए और इस मामले की प्रशासनिक अधिकारियों की निष्पक्षता की उच्चस्तरीय जांच हो।



# नरसिंहपुर के श्रीधाम में खुलेगा प्रदेश का छठवां सैनिक स्कूल

**विशेष संवाददाता।** प्रदेश का छठवां सैनिक स्कूल नरसिंहपुर जिले के श्रीधाम में खोला जाएगा। इसके लिए रक्षा मंत्रालय ने अनुमति प्रदान कर दी है। पीपीपी मोड में यह स्कूल पंचायत मंत्री प्रहलाद पटेल के दिवंगत भतीजे मणिनागेन्द्र सिंह के नाम पर खोला जाएगा। जानकारी के अनुसार रक्षा मंत्रालय के डिप्टी सेक्रेटरी संजय कुमार की ओर से सैनिक स्कूल खोलने के लिए अनुमति पत्र जारी किया गया है। पब्लिक प्राइवेट पार्टनरशिप से शुरु होने वाले इस स्कूल में अगले शैक्षणिक सत्र यानि कि वर्ष 2026 में प्रवेश की प्रक्रिया शुरु हो सकती है। बताया गया है कि उक्त स्कूल के भवन निर्माण कार्य तेजी से किया जा रहा है। स्कूल में कक्षा 6वीं में प्रवेश सैनिक स्कूल सोसाइटी द्वारा आयोजित एंट्रेंस एग्जाम के आधार पर होगा। फीस संरचना स्कूल की प्रबंधकारिणी समिति द्वारा निर्धारित की जाएगी।



### पीपीपी मोड में पहला स्कूल मंदसौर में

जानकारी के अनुसार चार साल पहले मंदसौर में पीपीपी मोड में पहला सैनिक स्कूल प्रारम्भ किया गया है। जिसके बाद एमपी के खरगोन, कटनी, नर्मदापुरम और फिर नीमच में सैनिक स्कूलों को अनुमति दी जा चुकी है। पूर्व विधायक जालम सिंह पटेल ने बताया कि यह स्कूल (पब्लिक-प्राइवेट पार्टनरशिप) मॉडल पर संचालित होगा और 2026 के शैक्षणिक सत्र से प्रवेश प्रक्रिया शुरू होने की संभावना है।

### पिछले सप्ताह रक्षामंत्री से मिले थे पटेल

पंचायत मंत्री प्रहलाद पटेल ने पिछले सप्ताह ही दिल्ली में रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह से मुलाकात की और नरसिंहपुर में सैनिक स्कूल खोलने का अनुरोध किया। मात्र एक सप्ताह के भीतर यह अनुमति प्रदान कर दी गई।

**प्रस्ताव** | अनौपचारिक चर्चा में सीएम ने कहा 20 मई को इंदौर में होगी कैबिनेट बैठक

# जिला विकास सलाहकार समिति बनाने सरकार के प्रयास शुरु

**विशेष संवाददाता, भोपाल।** प्रदेश सरकार अगली कैबिनेट बैठक में जिला विकास सलाहकार समिति का प्रस्ताव लाएगी। जिससे जिलों का विकास समिति के सुझावों के आधार पर किया जा सकेगा। यह संकेत मुख्यमंत्री डॉ.मोहन यादव ने मंत्रि परिषद के सदस्यों से अनौपचारिक चर्चा के दौरान दिए। सीएम ने कहा कि 20 मई को इंदौर के राजवाड़ा में कैबिनेट की बैठक आहुत की जाएगी,जो लोकमाता देवी अहिल्या बाई होल्कर को समर्पित होगी। सीएम ने कहा कि सरकार चाहती है कि पूरे प्रदेश का एक साथ विकास हो,इसके लिए हमने तय किया है कि जिला विकास सलाहकार समितियों का गठन किया जाए। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने घोषणा की है कि अलग-अलग क्षेत्र में सक्रिय एक लाख लोगों को विकास गतिविधियों से जोड़ते हुए विकास में सहभागिता के आधार का विस्तार किया जाए। इस उद्देश्य से जिला विकास समिति की कल्पना की गई है। मुख्यमंत्री की अध्यक्षता में गठित इस समिति के उपाध्यक्ष स्थानीय प्रभारी मंत्री होंगे। जिला पंचायत अध्यक्ष, विधायक, सांसद, जनपद अध्यक्ष, मेयर, नगर पालिका अध्यक्ष के साथ ही चिकित्सा, विधि, इंजीनियरिंग, समाज सेवा, कृषि, उद्यानिकी, डेयरी, उद्योग इत्यादि 20 से अधिक क्षेत्रों के विशेषज्ञों को जोड़कर इन्हें विकास मॉडल में सहभागी बनाया जाएगा। इससे जिले के विकास में इनकी विशेषज्ञता का प्रत्यक्ष लाभ मिल सकेगा और वर्ष 2047 तक एजेंडे के क्रियान्वयन में इनकी विशेषज्ञतापूर्ण सहभागिता सुनिश्चित होगी। सीएम ने बताया कि देवी अहिल्या बाई होल्कर के 300वें जन्म जयंती वर्ष का समापन 20 मई को हो रहा है। यह सुखद संयोग है कि 20 मई को ही लोकमाता देवी अहिल्याबाई होल्कर विवाह वर्षगांठ भी होती है। सीएम ने कहा कि केन्द्र सरकार द्वारा 2 हजार 62 करोड़ रुपए की राशि की स्वीकृति प्रदान की गई है। राज्य सरकार को इस संबंध में धार में 10 हजार करोड़ रूपए के निवेश के प्रस्ताव प्राप्त हुए हैं। धार जिले के लिए यह सौभाग्य का विषय है कि पीथमपुर और अब दूसरी और घाटा बिल्लौद में विकास गतिविधियों का संचालन होगा। पीएम मित्रा पार्क से तीन लाख लोगों को रोजगार उपलब्ध हो सकेगा। इससे धार, झाबुआ सहित संपूर्ण मालवा-निमाड़ क्षेत्र में कपास के उत्पादन को बढ़ाने को पुनर्जीवित करने में मदद मिलेगी। डॉ. यादव ने कहा है कि बीते दिन मंदसौर में हुई दुर्घटना में स्वयं की जान की परवाह न करते हुए लोगों के प्राणों की रक्षा करने वाले श्री मनोहर सिंह ने अपने जीवन का बलिदान कर दिया है। उनके परिजन को शासकीय नौकरी दी जायेगी। उन्होंने कहा कि राज्य सरकार मरणोपरांत उनका सम्मान भी करेगी। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि गैस से संचालित गाड़ियों में पर्याप्त सुरक्षा सुनिश्चित करने के संबंध में एडवायजरी जारी करने के लिए पर्यावरण विभाग को निर्देशित किया गया है।



# पुलिस स्टाफ के यूपीएससी में चयनित बच्चों से मिले डीजीपी, किया सम्मान

**मुख्य संवाददाता, भोपाल।** सिविल सर्विसेज परीक्षा (यूपीएससी) 2023 के हाल ही में घोषित परिणामों में मध्य प्रदेश पुलिस परिवार के पांच मेधावी विद्यार्थियों ने सफलता हासिल की है। छतरपुर में पदस्थ प्रधान आरक्षक उमाशंकर मिश्रा के पुत्र आशुतोष मिश्रा ने 198, ग्वालियर में पदस्थ एएसआई नरेश रघुवंशी के पुत्र आशीष रघुवंशी ने 202, जबलपुर में पदस्थ आरक्षक सतीश तिवारी की पुत्री शिवानी तिवारी ने 294, नर्मदापुरम में पदस्थ प्रधान आरक्षक जगदीश सिंह राजपूत के पुत्र तनिश सिंह राजपूत ने 611 और टीकमगढ़ में एएसआई राजेश कौशल के पुत्र सिद्धार्थ कौशल ने 749 रैंक हासिल की है। इन सभी को मंगलवार को उनके परिजनों के साथ भोपाल स्थित पीएचक्यू में बुलाया गया। उनकी इस उपलब्धि पर डीजीपी कैलाश मकवाना ने सभी को सम्मानित किया। इस दौरान एडीजी अनिल कुमार, पीएसओ टू डीजीपी विनीत कपूर, एसओ टू डीजीपी मलय जैन, एआईजी अंशुमान सिंह भी मौजूद रहे। पुलिस मुख्यालय की विभिन्न शाखाओं से अप्रैल में रिटायर हुए 8 कर्मचारियों को मंगलवार को डीजीपी कैलाश मकवाना ने भावभीनी विदाई दी। डीजीपी ने सभी को पौधे और स्मृति चिन्ह भेंट कर उनके स्वस्थ एवं सुखी जीवन की कामना की।

## प्रथम पृष्ठ के शेष

### तबादला नीति पर...

उन्होंने बताया कि कैबिनेट ने विभागों से कहा है कि अगर वे चाहते हैं तो अपनी खुद की तबादला नीति बना सकते हैं, लेकिन इसके लिए उन्हें सामान्य प्रशासन विभाग से नीति को स्वीकृत कराना होगा। उन्होंने बताया कि नई नीति में जो प्रस्ताव लाए गए हैं, उसमें विभागों में पदवार तबादलों का प्रतिशत भी तय किया गया है। इसके अनुसार 200 संवर्ग के पद होने पर 20 प्रतिशत स्थानांतरण किए जा सकेंगे। 201 से 1 हजार तक संवर्ग पद होने पर 15 फीसदी, 1001 से 2 हजार तक 10 प्रतिशत और 2001 से अधिक संवर्ग पद होने पर 5 प्रतिशत ही तबादले होंगे। स्वैच्छिक तबादले भी तय प्रतिशत में ही शामिल किए जाएंगे। उन्होंने कहा- किसानों के मामले में कहा कि सरकार किसानों के साथ है और वह किसी भी मामले में उन्हें दंडित नहीं करना चाहती, लेकिन पर्यावरण को नुकसान से बचाने के लिए कैबिनेट ने तय किया कि यदि कोई किसान नरवाई या पराली जलाता है, तो उन्हें एक साल तक किसान सम्मान निधि नहीं दी जाएगी और एमएसपी पर उनकी फसल भी नहीं खरीदी जाएगी।

## संक्षिप्त समाचार

### डॉ. कलाम के दस्तावेज अब राष्ट्रीय अभिलेख बने



**नई दिल्ली, जेएनएन।** भारत के पूर्व राष्ट्रपति और 'मिसाइल मैन' कहे जाने वाले डॉ. एपीजे अब्दुल कलाम के निजी दस्तावेज अब राष्ट्रीय अभिलेखागार का हिस्सा बन गए हैं। इन दस्तावेजों में उनका पासपोर्ट, आधार कार्ड, पैन कार्ड, विश्वविद्यालयों में दिए गए व्याख्यान, यात्रा रिपोर्ट, और कई मौलिक पत्राचार शामिल हैं। यह संग्रह उनकी भतीजी एपीजेएम नजीमा मरीकैयर और भतीजे एपीजेएमजे शेख सलीम की ओर से एनएआई को दान किया गया। इस अवसर पर एनएआई के महानिदेशक अरुण सिंघल ने मरीकैयर के साथ एक औपचारिक समझौते पर हस्ताक्षर किए। कलाम का जन्म 15 अक्टूबर 1931 को तमिलनाडु के रामेश्वरम में एक साधारण परिवार में हुआ था। उन्होंने डीआरडीओ व इसरो में काम करते हुए मिसाइल और अंतरिक्ष कार्यक्रमों को नई ऊंचाई दी।

### आज रिटायर होंगे तेज-तर्रार आईएएस खेमका



**चंडीगढ़, जेएनएन।** हरियाणा के सबसे चर्चित आईएएस अफसर अशोक खेमका बुधवार को रिटायर हो जाएंगे। खेमका के 33 साल की नौकरी में कुल 57 तबादले हुए। उनकी विदाई के लिए चंडीगढ़ में बुधवार शाम एक समारोह रखा गया है। यह समारोह हरियाणा आईएएस एसोसिएशन ने रखा है। खेमका का रिटायरमेंट से पांच महीने पहले आखिरी तबादला दिया गया था। वह हरियाणा सरकार के परिवहन विभाग के अतिरिक्त मुख्य सचिव (एसीएस) के पद से सेवानिवृत होंगे। 1991 बैच के आईएएस अधिकारी खेमका को उनकी ईमानदारी और साहसी फैसलों के लिए जाना जाता है। 2012 में रॉबर्ट वाड्रा लैंड डील को रद्द करके खेमका राष्ट्रीय स्तर पर सुर्खियों में आए थे। उस समय हरियाणा में कांग्रेस की सरकार थी। भूपेंद्र सिंह हुड्डा सीएम थे। फिर भी खेमका दबाव में नहीं आए थे। उन्होंने ऐसे तमाम फैसले लिए।

### रोहतक: मप्र के मुस्लिम परिवार से कहा, गांव छोड़ो

**रोहतक, जेएनएन।** रोहतक में मध्य प्रदेश के एक मुस्लिम परिवार को घर खाली कर चले जाने को कहा गया है। परिवार का आरोप है कि पहलगाम आतंकी हमले के बाद सरपंच का बेटा ग्रामीणों को साथ लेकर आया। उसने चेतावनी दी है यहां से घर छोड़कर वापस चले जाओ। अगर नहीं गए और रात को कुछ घटना हो गई तो इसमें ग्रामीणों की कोई जिम्मेदारी नहीं होगी। यह मुस्लिम परिवार मूलरूप से मध्य प्रदेश के इंदौर के चंदन नगर शेरपुर का रहने वाला है। यह परिवार 15 साल से रोहतक में कारोबार कर रहा है।

### पूर्व आईपीएस संजीव भट्ट को नहीं मिली जमानत



**नई दिल्ली, जेएनएन।** सुप्रीम कोर्ट ने मंगलवार को पूर्व आईपीएस के संजीव भट्ट की उस याचिका को खारिज कर दिया, जिसमें उन्होंने 1990 में हिरासत में हुई मौत के मामले में अपनी आजीवन कारावास की सजा को निलंबित करने की मांग की थी। उन्होंने इस मामले में जमानत की भी मांग की थी, जिसे शीर्ष अदालत ने ठुकरा दिया। न्यायमूर्ति विक्रम नाथ और न्यायमूर्ति संदीप मेहता की पीठ ने कहा कि वह सजा को निलंबित करने और संजीव भट्ट को जमानत पर रिहा करने के पक्ष में नहीं है. हालांकि, पीठ ने निर्देश दिया कि भट्ट द्वारा शीर्ष अदालत के समक्ष दायर अपील पर प्राथमिकता के आधार पर सुनवाई की जाएगी। मामला 1990 का है, जब भट्ट जामनगर में अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक के पद पर तैनात थे। वहां सांप्रदायिक दंगा भड़कने के बाद उन्होंने लगभग 133 लोगों को हिरासत में लिया था। ये दंगे भाजपा और विश्व हिंदू परिषद द्वारा भारत बंद के आह्वान के बाद हुए थे। इसी दौरान पुलिस हिरासत में एक मौत हो गई थी।

### पांच गुना नोट देने का लालच देकर ठगी करने वाले गिरफ्तार

**जागरण, बुरहानपुर।** असली नोट लेकर पांच गुना नकली नोट देने का लालच देकर लोगों से ठगी करने वाले महाराष्ट्र के दो युवकों को शाहपुर पुलिस ने गिरफ्तार किया है। इनकी पहचान जलगांव जिले के ग्राम उमरे कूरा काकोड़ा निवासी प्रवीण राठौर 21 और सागर राठौर 27 वर्ष के रूप में हुई है। आरोपियों की तलाशी लेने पर उनके पास से दो देसी पिस्टल और दो कारतूस भी बरामद हुए हैं। पुलिस ने उनके खिलाफ आर्म्स एक्ट के तहत केस दर्ज कर जांच शुरू की है। एसपी देवेंद्र पाटीदार ने बताया कि दोनों आरोपी मुक्तई नगर व आसपास इस तरह की ठगी काफी समय से कर रहे थे।

---


**कश्मीर में कत्लेआम**

### कांग्रेस के 'गायब' पोस्टर पर विवाद, भाजपा का जवाबी हमला- कांग्रेस को बताया 'पाकिस्तान समर्थक'

# सीमा पर तनाव के बीच कांग्रेस-भाजपा में पोस्टर वॉर

**नई दिल्ली, जेएनएन।** पहलगाम आतंकी हमले को लेकर कांग्रेस ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का नाम लिए बिना निशाना साधा। कांग्रेस ने अपने ऑफिशियल एक्स हैंडल पर एक तस्वीर पोस्ट की, जिसमें कुर्ता-पायजामा पहने शख्स का सिर कटा हुआ है और उसके हाथ-पैर गायब है। इसके कैप्शन में लिखा है- जिम्मेदारी के समय गायब। विवाद के बाद कांग्रेस ने यह पोस्ट हटा ली है। कांग्रेस की इस पोस्ट को पहलगाम हमले के बाद हुई सर्वदलीय बैठक से जोड़कर देखा गया। बैठक में पीएम नहीं आए थे। भाजपा प्रवक्ता गौरव भाटिया ने कहा कि कांग्रेस और आतंकियों की सोच एक जैसी है। कांग्रेस लश्कर-ए-पाकिस्तान है। इसके जवाब में भाजपा ने कई पोस्ट की और कांग्रेस को पाकिस्तान का पीआर एजेंट बताया। विवाद के बाद कांग्रेस ने इसे हटा दिया।

कांग्रेस-भाजपा की इस पोस्टर वॉर के बीच, पाकिस्तानी सुरक्षा बलों ने जम्मू कश्मीर में नियंत्रण रेखा पर संघर्ष विराम समझौते का लगातार पांचवीं रात उल्लंघन किया और इसका दायरा बढ़ाते हुए जम्मू जिले के अखनूर सेक्टर को भी निशाना बनाकर गोलीबारी की। एक अधिकारी ने मंगलवार को यह जानकारी दी। यह लगातार पांचवीं रात थी जब पाकिस्तान ने नियंत्रण रेखा (एलओसी) पर बिना उकसावे के गोलीबारी की।







**कांग्रेस किसके साथ**

कांग्रेस और उनके नेताओं की क्या मजबूरी है कि पाकिस्तान के बोल बोलने जरूरी हैं? वे पाकिस्तान का समर्थन क्यों कर रहे हैं? कांग्रेस किसके साथ खड़ी है, भारत के या पाक के?
● अनुराग ठाकुर

**हमला कैसे हुआ**

हमें उम्मीद है कि विशेष सत्र की हमारी मांग पूरी होगी। पीएम मोदी सर्वदलीय बैठक में मौजूद नहीं थे। हमने मांग की थी कि इस मुद्दे पर सर्वदलीय बैठक होनी चाहिए।
● जयराम रमेश

**▸▸बडगाम में हादसा, 10 जवान घायल:** मध्य कश्मीर के बडगाम में मंगलवार को सड़क हादसा हो गया। इसमें एक वाहन के दुर्घटनाग्रस्त होने से केंद्रीय रिजर्व पुलिस बल (सीआरपीएफ) के कम से कम आठ जवान और कश्मीर पुलिस के दो जवान समेत दस लोग घायल हो गए।

**▸▸यूएन में पाक को कहा- धूर्त राष्ट्र:** यूएन में भारत ने पाकिस्तान पर सीमा पार आतंकवाद को बढ़ावा देने का आरोप लगाते हुए उसे 'धूर्त राष्ट्र' बताया।

### घुसपैठियों के आवास पर चले बुलडोजर

अहमदाबाद में बांग्लादेशी घुसपैठियों के अवैध निर्माण पर बुलडोजर एक्शन शुरू हो गया है। यहां 50 बुलडोजर और 36 डंपर लगाए गए हैं। अब तक 2000 वर्ग गज क्षेत्र का अतिक्रमण साफ किया जा चुका है। मामले में गुजरात हाईकोर्ट ने स्टे याचिका खारिज कर दी है। यहां रहने वाले लोगों ने याचिका में कहा था कि कानूनी प्रक्रिया और नियमों का पालन किए बिना तोड़फोड़ की जा रही है। याचिकाकर्ताओं ने यह भी दावा किया था कि यहां रहने वालों के बांग्लादेशी होने के ठोस सबूत नहीं हैं।

**मेडिकल वीजा वैधता खत्म**

पाकिस्तानी नागरिकों के भारत छोड़ने का सिलसिला जारी है। मंगलवार सुबह अटारी बॉर्डर से बड़ी संख्या में पाकिस्तानी नागरिक भारत से वापस चले गए। मंगलवार को मेडिकल वीजा की वैधता खत्म हो रही है। २९ अप्रैल के बाद भी पाकिस्तानियों ने भारत नहीं छोड़ा, तो उन पर केस चलाया जाएगा।

### भटिंडा कैंट में जासूसी के आरोप में एक गिरफ्तार

सेना अधिकारियों ने बिहार निवासी 26 वर्षीय मोची सुनील कुमार को पाक के लिए जासूसी करने के आरोप में गिरफ्तार किया है। सुनील पर आरोप है कि वह व्हाट्सएप के जरिए एक पाकिस्तानी महिला के संपर्क में था, जो उसे सैन्य क्षेत्र से जुड़ी जानकारी के बदले पैसे भेज रही थी। प्रारंभिक जांच में कई संदिग्ध चैट और लेन-देन के सबूत मिले हैं। सेना की सूचना पर स्थानीय पुलिस ने केस दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

### बीएसएफ जवान की वापसी में देरी पर सवाल

कांग्रेस ने मंगलवार को केंद्र से पूछा कि बीएसएफ जवान पूर्णम साहू की सुरक्षित वापसी के लिए वह क्या कदम उठा रही है , जो अनजाने में सीमा पार कर पाकिस्तान की ओर चले गए थे। पाकिस्तान रेंजर्स ने कांस्टेबल साहू को 23 अप्रैल को पंजाब के फिरोजपुर के एक खेत से गिरफ्तार किया था। कांग्रेस के मीडिया एवं प्रचार विभाग के प्रमुख पवन खेड़ा ने कहा कि सीमा सुरक्षा बल के कांस्टेबल को पाकिस्तान रेंजर्स द्वारा हिरासत में लिए जाने के छह दिन हो गए हैं। खेड़ा ने एक्स पर पूछा, 'उनका परिवार उत्सुकता से जवाब का इंतजार कर रहा है। सरकार उनकी सुरक्षित वापसी सुनिश्चित करने के लिए क्या कदम उठा रही है।'

**विशेष सत्र की मांग:** पहलगाम में हुए आतंकी हमले पर देश की इच्छा को देखते हुए कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे और नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी ने प्रधानमंत्री मोदी को पत्र लिखा है। दोनों नेताओं ने प्रधानमंत्री से अपील की है कि संसद के दोनों सदनों का विशेष सत्र बुलाया जाए।

---

**25 साल में विकसित भारत बनाने का लक्ष्य**

## टैलेंट, टेम्परामेंट, टेक्नोलॉजी भारत का भविष्य: पीएम मोदी



**नई दिल्ली, जेएनएन।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी मंगलवार को नई दिल्ली के भारत मंडपम में युग्म कॉन्क्लेव में शामिल हुए। उन्होंने कार्यक्रम को संबोधित करते कहा कि टैलेंट, टेम्परामेंट और टेक्नोलॉजी ही भारत के भविष्य को ट्रांसफॉर्म करेगी। हमारा मकसद आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस को भारत के लिए मददगार बनाना है। मोदी ने कहा, 'हमें भविष्य की हर तकनीक में भारत को दुनिया में सबसे बेहतर बनाने के लिए काम करना होगा। भारत में दुनिया के टॉप संस्थानों के कैंपस खुलने की शुरुआत हो चुकी है। अब विदेशों में हमारे प्रमुख संस्थानों के कैंपस खुल रहे हैं।' प्रधानमंत्री ने आगे कहा, 'हमने विकसित भारत के लक्ष्य के लिए अगले 25 साल की समयसीमा तय की है। हमारे पास समय सीमित है, लक्ष्य बड़े हैं। इसलिए यह जरूरी है कि हमारे विचार से लेकर प्रोटोटाइप तक का सफर भी कम से कम समय में पूरा हो।'

**इनोवेशन का इकोसिस्टम बनाना है उद्देश्य**

इस कॉन्क्लेव का मकसद इनोवेशन का एक इकोसिस्टम बनाना है, जिससे निजी क्षेत्र के निवेश को रिसर्च के क्षेत्र में बढ़ावा दिया जा सके।कॉन्क्लेव के जरिए गवर्नमेंट, एकेडेमिया, इंडस्ट्री और इनोवेशन क्षेत्र के प्रमुख लोगों को एक साथ लाना है।

## रायबरेली में कार्यकर्ताओं से मिले राहुल, किए दो उद्घाटन



**रायबरेली, जेएनएन।** कांग्रेस सांसद राहुल गांधी मंगलवार को दो दिवसीय दौरे पर रायबरेली पहुंचे हैं। यहां कार्यकर्ताओं ने उनका स्वागत किया। नेता प्रतिपक्ष ने यहां विशाखा फैक्ट्री में इलेक्ट्रिक चार्जिंग स्टेशन और सोलर रूफ प्लांट का उद्घाटन किया।

फैक्ट्री जाते समय राहुल ने कार्यकर्ताओं को देखकर गाड़ी रुकवाई और कार्यकर्ताओं से हाथ मिलाए और उनका हालचाल जाना। वह लखनऊ से सड़क मार्ग से यहां पहुंचे। पहले राहुल गांधी ने कुंदनगंज में दो मेगावाट की क्षमता वाले सोलर प्लांट का उद्घाटन किया। इसके बाद दिशा बैठक में शामिल हुए। पिछली बैठक के कई मामले पूरे नहीं हुए हैं। राहुल गांधी पिछली बैठक में उठे मामलों की समीक्षा करेंगे। इसके बाद केंद्रीय योजनाओं की प्रगति की समीक्षा करेंगे।

**कोलकाता रेप-मर्डर केस**


## पीड़िता के पिता को नहीं है सीबीआई पर भरोसा

**कोलकाता, जेएनएन।** कोलकाता के आरजी कर अस्पताल में ट्रेनी डॉक्टर से रेप-मर्डर केस में पीड़ित के पिता ने सीबीआई को लेकर गुस्सा और नाराजगी जाहिर की है। उन्होंने मंगलवार को दावा किया कि सीबीआई को उनकी बेटी के अपराधियों के बारे में पता है, लेकिन एजेंसी सच नहीं बता रही है। उन्होंने कहा कि सीबीआई ने कोलकाता हाईकोर्ट और सियालदह जिला कोर्ट में दो अलग-अलग रिपोर्ट पेश की है। यहां तक कि सुप्रीम कोर्ट के जज भी उनकी रिपोर्ट पर यकीन नहीं कर रहे है। हमें सीबीआई पर भरोसा था, लेकिन अब हमें उन पर कोई विश्वास नहीं है। पीड़िता के पिता के मुताबिक, मेरी बेटी के दोस्त दो दिन पहले मुझसे मिलने आए। उन्होंने मुझे दिखाया कि मेरी बेटी ने उनके वॉट्सएप ग्रुप से खुद को बाहर किया है। यानी किसी ने मेरी बेटी का फोन एक्सेस किया। उसका फोन सीबीआई के पास है, लेकिन वे इससे इनकार रहे हैं। उसके मोबाइल फोन में सभी जवाब हैं।

## अमेरिका में ट्रक ड्राइवरों के लिए अंग्रेजी अनिवार्य, सिख समुदाय ने जताई आपत्ति

**वॉशिंगटन/न्यूयॉर्क, जेएनएन।** अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने एक आदेश में ट्रक ड्राइवरों को अंग्रेजी भाषा में दक्ष होना अनिवार्य कर दिया है। इस आदेश पर सिख समुदाय की प्रमुख संगठन 'सिख कोएलिशन' ने गहरी चिंता जताई है, इसे 'भेदभावपूर्ण और रोजगार में अनावश्यक बाधा' करार दिया है। आदेश में कहा गया है कि ड्राइवरों को ट्रैफिक संकेतों को पढ़ने-समझने, ट्रैफिक और सीमा सुरक्षा अधिकारियों से संवाद करने तथा अपने नियोक्ताओं और ग्राहकों से आवश्यक निर्देश प्राप्त करने के लिए अंग्रेजी भाषा का ज्ञान होना जरूरी है। ट्रंप प्रशासन का तर्क है कि यह सुरक्षा के लिहाज से 'साधारण समझदारी' की बात है, जिसे अब तक नजरअंदाज किया गया। हालांकि सिख कोएलिशन ने चेताया है कि यह आदेश सिख समुदाय के हजारों ट्रक चालकों पर नकारात्मक असर डाल सकता है। अमेरिका में लगभग 1.5 लाख सिख ट्रकिंग उद्योग से जुड़े हैं, जिनमें से 90 प्रतिशत ड्राइवर हैं।

## मैच का जश्न मना रहे 28 साल के आरक्षक को आया अटैक, मौत



**जागरण, जबलपुर।** क्रिकेट मैच का जश्न मना रहे 28 साल के आरक्षक सौरभ शुक्ला की हार्ट अटैक से अचानक मौत हो गई। सौरभ जबलपुर के लार्डगंज थाने में तैनात थे। हादसा उस वक्त हुआ जब वे क्रिकेट मैच जीतने के बाद अपने दोस्तों के साथ जश्न मना रहे थे। अचानक उनके सीने में दर्द हुआ, तबीयत खराब होने लगी और वे गिर पड़े। साथी तुरंत उन्हें जबलपुर के एक निजी अस्पताल लेकर पहुंचे, लेकिन डॉक्टरों ने उन्हें मृत घोषित कर दिया। सौरभ मूल रूप से नरसिंहपुर जिले के गोटेगांव मुनकवारा गांव के रहने वाले थे। वे फिलहाल जबलपुर के लार्डगंज थाने में तैनात थे। सौरभ की पुलिस में भर्ती 2018 में हुई थी। दरअसल सौरभ अपनी टीम के साथ सुनवारा गांव में क्रिकेट मैच खेलने पहुंचे थे। मैच जीतने के बाद जश्न मनाते अचानक उनकी तबीयत बिगड़ी और वे गिर पड़े। मैदान में खुशी का माहौल देखते ही देखते मातम में बदल गया। 20 अप्रैल को सौरभ की छोटी बहन रानू का विवाह हुआ था। दो दिन पहले ही वे अपनी बहन को ससुराल से विदा कराकर घर लाए थे, जिससे परिवार में खुशी का माहौल था। सौरभ की अचानक मौत ने पूरे परिवार को गहरे सदमे में डाल दिया है। सौरभ इकलौते बेटे थे।

---

**कनाडा में लिबरल पार्टी की ऐतिहासिक जीत**

## कार्नी बने कनाडा के नए पीएम



**ओटावा/टोरंटो, जेएनएन।** अमेरिका के राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप की कनाडा विरोधी टिप्पणियों और धमकियों के बीच कनाडा में हुए आम चुनाव में लिबरल पार्टी ने अप्रत्याशित वापसी करते हुए जीत दर्ज की है।

इस चुनाव में पार्टी के नए नेता मार्क कार्नी ने देश की भावनाओं को जोड़ते हुए मतदाताओं को एकजुट किया और अब वे देश के नए प्रधानमंत्री बनने जा रहे हैं। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने कार्नी को उनकी जीत पर बधाई दी है। 343 सदस्यीय संसद में लिबरल पार्टी को सबसे अधिक सीटें मिलने का अनुमान है, हालांकि यह अभी स्पष्ट नहीं है कि उन्हें पूर्ण बहुमत मिली है या सरकार बनाने के लिए किसी छोटे दल का समर्थन लेना पड़ेगा। चुनाव दिवस से पहले ही रिकॉर्ड 73 लाख कनाडाई मतदाताओं ने मतदान कर दिया था। ट्रंप के 'कनाडा को राज्य बना दो' जैसे बयानों ने लोगों में आक्रोश और एकता दोनों पैदा की।

■ **न टूटेंगे, न बिकेंगे :** ओटावा में समर्थकों को संबोधित करते हुए कार्नी ने कहा, 'हम अमेरिकी धोखे के सदमे से उबर चुके हैं, लेकिन उसे कभी नहीं भूलना चाहिए।' उन्होंने कहा कि अमेरिका कनाडा की जमीन, संसाधनों और पानी पर नजर गड़ा चुका है।

■ **ट्रंप की धमकी बनी निर्णायक:** चुनाव प्रचार की शुरुआत में लग रहा था कि लिबरल को करारी हार मिलेगी। महंगाई के कारण पूर्व प्रधानमंत्री जस्टिन ट्रूडो की लोकप्रियता गिर चुकी थी। तभी ट्रंप ने कनाडा की अर्थव्यवस्था पर हमला बोला और कनाडा को अमेरिका का 51वां राज्य बनाने की बात कही। इन बयानों ने राष्ट्रवाद को जन्म दिया।

**बैंक ऑफ कनाडा व इंग्लैंड के गवर्नर रहे हैं कार्नी**

60 वर्षीय मार्क कार्नी एक अनुभवी अर्थशास्त्री हैं। वे पहले बैंक ऑफ कनाडा और फिर बैंक ऑफ इंग्लैंड के गवर्नर रह चुके हैं। राजनीति में यह उनका पहला चुनाव था, जिसमें उन्होंने पार्टी को जीत दिलाई। नए प्रधानमंत्री के सामने अमेरिकी संबंधों के अलावा घरेलू चुनौतियां भी हैं, जैसे बढ़ती महंगाई, आवास संकट और प्रवासन से जुड़ी नीतियां।

**संसद सुरक्षा में सेंध**

## जमानत याचिका पर सात मई को सुनवाई

**नई दिल्ली।** दिल्ली हाई कोर्ट ने मंगलवार को कहा कि वह 2023 में संसद की सुरक्षा में सेंध से जुड़े मामले में गिरफ्तार 2 अभियुक्तों की जमानत याचिका पर 7 मई को सुनवाई करेगा। जमानत याचिकाएं न्यायमूर्ति सुब्रमण्यम प्रसाद और न्यायमूर्ति हरीश वैद्यनाथन शंकर के पीठ के समक्ष मंगलवार को सुनवाई के लिए सूचीबद्ध थीं। पीठ को अभियोजन पक्ष ने सूचित किया कि उसकी ओर से अतिरिक्त महाधिवक्ता को बहस करनी है लेकिन वह उपलब्ध नहीं हैं। अदालत ने अभियोजन पक्ष के स्थगन के अनुरोध को स्वीकार करते हुए कहा कि वह मामले में एकमात्र महिला अभियुक्त नीलम आजाद और महेश कुमावत की जमानत याचिकाओं पर 7 मई को सुनवाई करेगा। आजाद के वकील ने स्थगन अनुरोध का विरोध करते हुए कहा कि 'यह विलंब करने की रणनीति है' और ऐसा आचरण देश के लिए अच्छा नहीं है लेकिन अदालत ने उनसे कहा, 'बस कीजिए, आपने हमें परेशान कर दिया है।' इससे पहले, अदालत ने पुलिस से यह स्पष्ट करने को कहा था कि क्या 'स्मोक कैन', जो जानलेवा नहीं होता, उसे ले जाना या इस्तेमाल करना आतंकवादी गतिविधियों के संबंध में लागू होने वाले गैरकानूनी गतिविधियां (रोकथाम) अधिनियम (यूएपीए) के दायरे में आता है।

## 'सिनर्स' की कमाई से मिला नेटफ्लिक्स सीईओ को जवाब



**नई दिल्ली, जेएनएन।** माइकल बी. जॉर्डन स्टारर फिल्म 'सिनर्स' दुनिया भर के थिएटर्स में जमकर भीड़ जुटा रही है। क्रिटिक और तमाम फिल्म रेटिंग वेबसाइट्स पर भी इसे शानदार रेटिंग्स मिल रही है। 18 अप्रैल को थिएटर्स में रिलीज हुई इस फिल्म को डायरेक्टर रायन कूगलर ने डायरेक्ट किया है। 'सिनर्स' पूरी तरह ऑरिजिनल फिल्म है। नेटफ्लिक्स के सीईओ टेड सेरंडोस का बयान हाल ही में विवादों में रहा। एक इवेंट में टेड से पूछा गया कि क्या उनके प्लेटफॉर्म ने हॉलीवुड को खत्म कर दिया है? तो उन्होंने जवाब में कहा कि 'नहीं, हम हॉलीवुड को बचा रहे हैं।'टेड ने ये भी कहा कि थिएट्रिकल सिनेमा को एक 'कम्युनिटी' एक्टिविटी के तौर पर देखना अब एक 'अप्रचलित आईडिया' बन गया है। ग्लोबल बॉक्स ऑफिस पर स्ट्रगल करती फिल्मों का उदाहरण देते हुए उन्होंने कहा, 'ये क्या कहता है? कंज्यूमर हमें क्या बताना चाह रहे हैं? (वे कहना चाहते हैं) कि वो घर पर फिल्में देखना चाहते हैं।' टेड ने ये भी कहा कि लोग अब घर से फिल्में देखने नहीं निकलना चाहते। अगर टेड के बयान को सिनेमा बिजनेस के स्केल के एक अंत पर रखा जाए तो 'सिनर्स' जैसी ऑरिजिनल फिल्म का बिजनेस दूसरे अंत पर नजर आ रहा है। इस साल 'सिनर्स' दर्शकों को एक क्लासिक अद्भुत सिनेमा एक्सपीरियंस देने का वादा कर रही है।

## मासूम बालिका को डंपर ने कुचला, लोगों ने की तोड़फोड़



**जागरण, इंदौर।** नगर निगम के डंपर ने मंगलवार सुबह 6 साल की मासूम बच्ची को कुचल दिया, उसकी मौके पर ही उसकी मौत हो गई। घटना से आक्रोशित लोगों ने जाम लगाकर डंपर में तोड़फोड़ कर दी। मौके पर पहुंची पुलिस ने लोगों को वहां से खदेड़ा और किसी तरह मामला शांत कराया। हादसा आजाद नगर थाना क्षेत्र के मुसाखेड़ी चौराहे का है। यहां साइकिल से जा रही 6 साल की मासूम निहारिका को नगर निगम के डंपर ने अपनी चपेट में ले लिया। हादसे के बाद चालक और उसका साथी डंपर छोड़कर मौके से फरार हो गया। हादसे के बाद परिजनों का गुस्सा फूट पड़ा। बड़ी संख्या में घटनास्थल पहुंचे रहवासियों और परिजनों ने सड़क पर चक्काजाम कर दिया। गुस्साए लोगों ने निगम के डंपर में तोड़फोड़ कर आरोपी को गिरफ्तार करने और उचित कार्रवाई की मांग की। पुलिस ने मौके पर पहुंच चक्काजाम को खुलवाया। आरोपियों के खिलाफ कड़ी कार्रवाई के आश्वासन के बाद मामला शांत हुआ। आजाद नगर थाना पुलिस मामले की जांच में जुटी है।

## एसबीआई से 112 ग्राहकों के 734 चेक किए चोरी

**जागरण, ग्वालियर।** ग्वालियर में स्टेट बैंक ऑफ इंडिया की रतवाई बिजौली ब्रांच में एक नकाबपोश चोर ने 112 ग्राहकों के 734 पीडीसी (पोस्ट डेटेट चेक) चोरी कर लिए। आरोपी बैंक के पीछे से खिड़की तोड़कर अंदर दाखिल हुआ और स्ट्रांग रूम का चैनल गेट तोड़कर वारदात कर गया। चोर एक कस्टमर के 6 पीडीसी चेक का लिफाफा वहीं छोड़ गया है। वारदात 27-28 अप्रैल की दरमियानी रात 12 से 1 बजे के बीच की है। चोरी का पता सोमवार को बैंक खुलने पर चला। बैंक प्रबंधन ने बिजौली थाना पुलिस को मामले की सूचना दी है।

---

**रिसर्च | गुरुत्वाकर्षण नहीं, डेटा मैनेजमेंट है ब्रह्मांड? वैज्ञानिक ने दी सिमुलेशन थ्योरी को नई परिभाषा**

# महज एक कंप्यूटर प्रोग्राम है हमारी दुनिया

**लंदन, जेएनएन।** ब्रिटेन की यूनिवर्सिटी ऑफ पोर्ट्समाउथ के भौतिक विज्ञानी प्रोफेसर मेल्विन वॉप्सन ने अपनी नई रिसर्च में दावा किया है कि गुरुत्वाकर्षण असल में 'डेटा कंप्रेशन' की प्रक्रिया है। उनके मुताबिक, हमारा ब्रह्मांड एक अल्टीमेट कंप्यूटर की तरह काम कर रहा है और हम सभी उसकी वर्चुअल सिमुलेशन का हिस्सा हैं।

वॉप्सन का मानना है कि गुरुत्वाकर्षण, चाहे वह पृथ्वी पर हो या ब्रह्मांड के किसी कोने में, केवल एक ताकत नहीं बल्कि एक संकेत है कि ब्रह्मांड खुद को व्यवस्थित और संगठित रखने की कोशिश कर रहा है। ठीक वैसे ही जैसे कंप्यूटर कोड को ऑप्टिमाइज और कंप्रेस किया जाता है।

उन्होंने कहा, 'ब्रह्मांड की प्रगति इस तरह से होती है कि उसमें मौजूद जानकारी को लगातार कंप्रेस, ऑप्टिमाइज़ और ऑर्गनाइज किया जाता है। यह बिल्कुल वैसा ही है जैसा कंप्यूटर करते हैं।'

इसलिए जब हम देखते हैं कि चीजें ज़मीन की ओर गिरती हैं या ब्रह्मांड में चीज़ें एक-दूसरे की ओर खिंचती हैं, तो यह केवल गुरुत्वाकर्षण नहीं बल्कि ब्रह्मांड का सूचना को व्यवस्थित करने का तरीका हो सकता है।



**'द मैट्रिक्स' महज फिल्म नहीं, भविष्य की सच्चाई!**

1999 में रिलीज हुई फिल्म द मैट्रिक्स ने यह विचार प्रस्तुत किया था कि हम सभी एक सिमुलेशन में जी रहे हैं, और हमारी पूरी वास्तविकता कंप्यूटर कोड पर आधारित है। वॉप्सन की नई थ्योरी इसी सोच को विज्ञान की जमीन पर लाती है।

**'सूचना' पदार्थ का पांचवां रूप:** वॉप्सन यह भी दावा करते हैं कि 'सूचना' यानी इन्फॉर्मेशन एक भौतिक तत्व है, जिसकी ऊर्जा और द्रव्यमान हैं। उनका सिद्धांत कहता है कि जैसे प्रत्येक कोशिका में डीएनए होता है, वैसे ही ब्रह्मांड के हर मूल कण में खुद की जानकारी होती है। इसे डिजिटल बिट्स के रूप में देखा जा सकता है।

**यह खोज बदल सकती है हमारी समझ**

यह खोज भौतिकी या खगोलशास्त्र के अलावा क्वांटम कंप्यूटिंग, आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस और यहां तक कि हमारी चेतना की समझ को भी बदल सकती है। वॉप्सन ने अपने शोध में एक नया भौतिक नियम प्रस्तुत किया है। दूसरा सूचना गतिकी नियम। यह नियम पुराने थर्मोडायनैमिक्स के दूसरे नियम के बिल्कुल उलट है। पारंपरिक नियम कहता है कि बंद सिस्टम में 'एन्ट्रॉपी' (यानि अव्यवस्था) समय के साथ बढ़ती है, वॉप्सन का नियम बताता है कि सूचना की एन्ट्रॉपी घटती है, यानी सिस्टम में जानकारी अधिक सुव्यवस्थित होती जाती है। इसका मतलब हुआ कि ब्रह्मांड लगातार खुद को बेहतर, संगठित सूचना प्रणाली में बदल रहा है।

## एबीवीपी ने किया विरोध प्रदर्शन

**भोपाल।** अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद (एबीवीपी) भोपाल महानगर द्वारा जिला कलेक्टर को ज्ञापन सौंपा गया, जिसमें शहर के निजी एवं शासकीय महाविद्यालय परिसरों में बढ़ती लव जिहाद, धर्मांतरण एवं असामाजिक गतिविधियों पर गहरी चिंता व्यक्त की गई। परिषद ने छात्राओं की सुरक्षा सुनिश्चित करने तथा शिक्षा के पवित्र वातावरण को बनाए रखने हेतु कड़े कदम उठाने की मांग की। ज्ञापन में उल्लेख किया गया कि भोपाल के टीआईटी, एमएलबी, एमवीएम, हमीदिया, गीतांजलि सहित अनेक महाविद्यालय परिसरों में बाहरी तत्वों की अनियंत्रित आवाजाही, नशे के अड्डों की बढ़ती संख्या एवं पुलिस सुरक्षा की कमी के कारण छात्राओं में भय और असुरक्षा का वातावरण व्याप्त हो गया है।

# गूगल के सीईओ पिचाई को वेतन के रूप में 92.41 करोड़ मिले

## कर्मचारियों के औसत सैलेरी पैकेज से लगभग 32 गुना, 71 करोड़ रुपए सुरक्षा पर भी किये खर्च

**नई दिल्ली।** दुनिया की सबसे बड़ी टेक कंपनी गूगल के सीईओ सुंदर पिचाई सालभर में कितना पैसा कमाते हैं और उनकी सैलरी कितनी है। इस बारे में जानने की इच्छा तो सभी में होती है, लेकिन इस बार गूगल की पैरेंट कंपनी अल्फाबेट ने खुद इसका खुलासा किया है। अल्फाबेट ने बताया कि साल 2024 में पिचाई को पैकेज के रूप में कितना पैसा मिला है। कंपनी ने उनकी सुरक्षा पर भी करोड़ों रुपये खर्च किए हैं। अल्फाबेट के 2025 में जारी प्रॉक्सी स्टेटमेंट के मुताबिक, साल 2024 में कंपनी ने पिचाई को 1.07 करोड़ डॉलर (करीब 92 करोड़ रुपये) का पैकेज दिया है। यह रकम साल 2023 में उन्हें मिली 88 लाख डॉलर (75.68 करोड़ रुपये) की रकम से कहीं ज्यादा है। हालांकि, सुंदर पिचाई को अब तक सबसे ज्यादा पैसा साल 2022 में मिला, जब कंपनी ने उन्हें 22.6 करोड़ डॉलर (1,943.60 करोड़ रुपये) का पैकेज दिया था।

### गूगल के कर्मचारी औसत वेतन 3,31,894 डालर

साल 2024 में एक औसत पूर्णकालिक गूगल कर्मचारी ने 3,31,894 डॉलर कमाए, जो 2023 से 5 प्रतिशत अधिक है। हालांकि, एक औसत कर्मचारी की सैलरी सीईओ के मुकाबले काफी ज्यादा पीछे रह गई। सीईओ का वेतन औसत कर्मचारी के वेतन से लगभग 32 गुना अधिक है। इसे लेकर कुछ लोग सवाल भी उठाते हैं, लेकिन ज्यादातर का मानना है कि पिचाई ने कंपनी को एआई विकास और क्लाउड विस्तार जैसी चुनौतियों से निपटने में सक्षम बनाया है और यह उनके लिए रिवार्ड है।

### सैलरी पैकेज में क्या-क्या शामिल

सुंदर पिचाई को मिली इस रकम में कई चीजें शामिल हैं। इसमें ज्यादातर हिस्सेदारी स्टॉक्स की है, जो कंपनी उन्हें देती है। पिचाई की बेसिक सैलरी की बात करें तो यह काफी ज्यादा है, जो सभी का ध्यान आकर्षित कर सकती है। उन्हें बेसिक सैलरी के रूप में गूगल करीब 20 लाख डॉलर (17.20 करोड़ रुपये) का भुगतान करती है। इसके अलावा सुविधाओं और स्टॉक्स के रूप में भी करोड़ों रुपये कमाई होती है। सुंदर पिचाई की सुरक्षा को लेकर कंपनी की ओर से खर्च की गई रकम सबका ध्यान खींचती है। एक तरह से उनके सैलरी पैकेज जितना पैसा ही उनकी सुरक्षा पर भी खर्च किया जा रहा है। अल्फाबेट ने पिचाई की सुरक्षा के लिए 82.7 लाख डॉलर (71.12 करोड़ रुपये) खर्च किए, जो पिछले साल के 67.8 लाख डॉलर से भी 22 प्रतिशत ज्यादा है। इसमें कोई लग्जरी सुविधा शामिल नहीं है, बल्कि यह रकम पूरी तरह से उनके सुरक्षा जोखिम को लेकर खर्च की गई है। इसमें घर की निगरानी से लेकर यात्रा सुरक्षा और यहां तक कि व्यक्तिगत ड्राइवर भी शामिल हैं। अल्फाबेट का कहना है कि इसे पिचाई के लिए व्यक्तिगत लाभ नहीं माना जाता, यह सिर्फ नौकरी का एक आवश्यक हिस्सा है।



## बाजार पर नजर



शेयर बाजार में आज

80,288

+70

**Nifty 50 Top Gainers**

| Scrip | High | %Gain |
|---|---|---|
| Bharat Elec | 319.45 | 3.95% |
| Trent | 5,510.00 | 3.49% |
| Tech Mahindra | 1,504.90 | 2.31% |
| Reliance | 1,410.90 | 2.26% |
| Eternal | 234.24 | 1.72% |

**Nifty 50 Top Losers**

| Scrip | Close | %Loss |
|---|---|---|
| Coal India | 397.15 | -2.03% |
| UltraTechCement | 12,114.00 | -2.02% |
| ONGC | 250.60 | -1.96% |
| Sun Pharma | 1,841.60 | -1.96% |
| Dr Reddys Labs | 1,198.70 | -1.89% |

**फोरेक्स रेट**

| मुद्रा | बिक्री |
|---|---|
| $ डॉलर | 85.25 |
| € यूरो | 97.02 |
| ¥ येन | 05.97 |
| £ पौंड | 114.19 |

## ट्रंप का यू-टर्न, ऑटो पार्ट्स पर आयात शुल्क कम करने का एलान

**वाशिंगटन, जेएनएन।** डोनाल्ड ट्रंप ने टैरिफ पर एक और यू-टर्न लिया है। ट्रंप प्रशासन ने घरेलू कार निर्माताओं को राहत देते हुए ऑटोमोबाइल सेक्टर पर लगने वाले आयात शुल्क (टैरिफ) के प्रभाव को कम करने का फैसला किया है। इसके तहत विदेशी पार्ट्स पर लगने वाले शुल्क घटाए जाएंगे और आयातित कारों पर एक साथ कई टैरिफ नहीं लगेंगे। वाणिज्य सचिव हॉवर्ड लटनिक ने कहा कि यह कदम अमेरिकी उद्योग और कर्मचारियों के लिए बड़ी जीत है। ट्रंप ने पहले 3 मई तक ऑटो पार्ट्स पर 25 प्रतिशत टैरिफ लगाने की योजना बनाई थी, लेकिन उद्योग के विरोध के बाद अब नए नियमों में ढील दी गई है। हालांकि, ट्रंप का कहना है कि यह कदम अमेरिकी नौकरियों को बचाने और विदेशी कंपनियों पर दबाव बनाने के लिए जरूरी है। रॉयटर्स के मुताबिक नई योजना के तहत घरेलू कार निर्माण में इस्तेमाल होने वाले विदेशी पार्ट्स पर शुल्क कम किए जाएंगे। आयातित कारों पर एक से ज्यादा टैरिफ नहीं लगेंगे, ताकि उनकी कीमतें न बढ़ें। लटनिक के मुताबिक, यह नीति उन कंपनियों को फायदा देगी जो अमेरिका में निवेश और उत्पादन बढ़ाएंगी।

## मई में बैंक 12 दिन रहेंगे बंद

**नई दिल्ली, जेएनएन।** अगला महीना यानी मई शुरू होने वाला है। इस महीने में अलग-अलग राज्यों व शहरों में कुल 12 दिन बैंक बंद रहेंगे। 4 रविवार और दूसरे-चौथे शनिवार के अलावा 6 दिन अलग-अलग जगहों पर बैंकों में कामकाज नहीं होगा। महीने की शुरुआत छुट्टी से होगी। 1 मई को मजदूर दिवस पर ज्यादातर जगह बैंक बंद रहेंगे। ऐसे में अगर आपको इस महीने बैंक से जुड़ा कोई जरूरी काम हो तो इन छुट्टियों के दिनों को छोड़कर आप बैंक जा सकते हैं। ऑनलाइन बैंकिंग के जरिए निपटा सकेंगे काम आप बैंकों की छुट्टी के बावजूद ऑनलाइन बैंकिंग और एटीएम के जरिए पैसे का लेनदेन या अन्य काम कर सकते हैं। इन सुविधाओं पर बैंकों की छुट्टियों का कोई असर नहीं पड़ेगा।

### 9 दिन बाजार में कामकाज नहीं होगा

मई 2025 में शेयर बाजार में 9 दिन कारोबार नहीं होगा। इसमें 8 दिन शनिवार और रविवार को कारोबार नहीं होगा। इसके अलावा शेयर बाजार 1 मई को मजदूर दिवस या महाराष्ट्र दिन पर भी बंद रहेगा।

### सोना खरीदना माना जाता है सफलता और सौभाग्य का प्रतीक

# अक्षय तृतीया पर 12 हजार करोड़ रुपए का सोना और 400 टन चांदी बिकेगी

**नई दिल्ली, जेएनएन।** अक्षय तृतीया पर सोना खरीदना बहुत शुभ माना जाता है। ऐसी मान्यता है कि अक्षय तृतीया पर सोना खरीदने से सफलता और सौभाग्य मिलता है। इस साल अक्षय तृतीया के अवसर पर देशभर के आभूषण बाजार में बिक्री को लेकर मिलाजुला रुझान देखा जा रहा है, क्योंकि सोने की कीमतों में हाल ही में जबरदस्त वृद्धि हुई है। कॉन्फेडरेशन ऑफ ऑल इंडिया ट्रेडर्स (कैट) ने कहा कि इस वर्ष सोने और चांदी की कीमतों में भारी वृद्धि दर्ज की गई है। बावजूद इसके 30 अप्रैल को अक्षय तृतीया के मौके पर सोने और चांदी की बंपर बिक्री होने का अनुमान है।



इस समय 10 ग्राम सोने का भाव लगभग 1,00,000 रुपये तक पहुंच गया है, जबकि पिछले साल अक्षय तृतीया पर यही दर 73,500 रुपये थी। इस तरह देखा जाए तो सालभर में सोने की कीमत करीब 27 हजार रुपये बढ़ गई है। इसी प्रकार, चांदी का भाव भी 1,00,000 रुपये प्रति किलोग्राम तक पहुंच गया है, जबकि पिछले वर्ष यह 86,000 प्रति किलोग्राम था।

इसका मतलब है कि चांदी भी करीब 14 हजार रुपये महंगी हो गई है। ऑल इंडिया ज्वेलर्स एंड गोल्डस्मिथ फेडरेशन के अध्यक्ष पंकज अरोड़ा ने बताया कि इस साल अक्षय तृतीया के दिन लगभग 12 टन सोना, जिसकी कीमत लगभग 12 हजार करोड़ रुपये और 400 टन चांदी जिसकी कीमत 4 हजार करोड़ रुपये होगी, बिकने का अनुमान है। इस तरह कुल 16 हजार करोड़ के व्यापार होने की संभावना है। ऑल इंडिया ज्वेलर्स एंड गोल्डस्मिथ फेडरेशन के अध्यक्षअरोड़ा का कहना है कि इस बार सोने-चांदी के बढ़े हुए दामों के कारण ग्राहकों की खरीदारी में कुछ सुस्ती देखने को मिल रही है। साल 2023 में देशभर में करीब 14.5 करोड़ रुपये के सोने का व्यापार हुआ था, जबकि 2024 में भी 15 से 20 हजार करोड़ रुपये की बिक्री हुई थी।

### क्यों बढ़ रहे सोने-चांदी के दाम

ऑल इंडिया ज्वेलर्स एंड गोल्डस्मिथ फेडरेशन के अध्यक्ष पंकज अरोड़ा के अनुसार, अंतरराष्ट्रीय बाजार में आर्थिक अनिश्चितता, कच्चे तेल की कीमतों में वृद्धि, डॉलर के मुकाबले रुपये में कमजोरी और वैश्विक निवेशकों द्वारा सोने को सुरक्षित निवेश माध्यम के रूप में अपनाए जाने के कारण सोने-चांदी की कीमतों में लगातार तेजी देखी गई है। इसके अलावा भू-राजनीतिक तनावों और ब्याज दरों में उतार-चढ़ाव ने भी कीमतों को ऊपर पहुंचाया है। कैट के अध्यक्ष बीसी भरतिया ने कहा कि देश में चल रहे शादियों के सीजन के कारण आभूषणों की मांग लगातार बनी हुई है। कीमतें ज्यादा होने के बावजूद शादियों में परंपरा की वजह से लोग आभूषण खरीदते हैं और डिमांड की वजह से कीमतों में उछाल बना हुआ है।

### खरीदारी के समय रखें सावधानी

सराफा कारोबार से जुड़े व्यापारी नेताओं ने अक्षय तृतीया पर ग्राहकों से सावधान रहने की अपील की है। उन्होंने कहा है कि ग्राहक सिर्फ हॉलमार्क वाले प्रमाणित आभूषण ही खरीदें और हर खरीदारी पर बिल जरूर लें। इसके अलावा सोने की कीमतों में पारदर्शिता सुनिश्चित करने के लिए ग्राहक सिर्फ विश्वसनीय ज्वैलर्स से ही गहनों की खरीद करें। व्यापारी नेताओं का कहना है कि ग्राहकों को सोने की क्वालिटी देखकर ही आभूषण खरीदने चाहिए।बावजूद शादियों में परंपरा की वजह से लोग आभूषण खरीदते हैं और डिमांड की वजह से कीमतों में उछाल बना हुआ है।

## घर संवारने वाली अर्बन कंपनी जल्द लाएगी 1900 करोड़ का आईपीओ

**नई दिल्ली, जेएनएन।** घरों को सजाने-संवारने वाली कंपनी अर्बन कंपनी अब अपना आईपीओ लाने की तैयारी कर चुकी है। कंपनी ने भारतीय प्रतिभूति और विनिमय बोर्ड के साथ अपना ड्राफ्ट रेड हेरिंग प्रॉस्पेक्टस दाखिल कर दिया है, जिसके तहत वह 1,900 करोड़ रुपये के आईपीओ के जरिए बाजार में एंट्री लेगी। इसमें 429 करोड़ रुपये की ताजा पूंजी जुटाने के साथ-साथ शुरुआती निवेशकों को 1,471 करोड़ रुपये का मुनाफा भी मिलेगा। यानी, कंपनी नए फंड्स के साथ-साथ अपने पुराने समर्थकों को भी खुश करने वाली है। मनीकंट्रोल की एक रिपोर्ट के मुताबिक, इस आईपीओ में एक्सेल इंडिया, बेसेमर इंडिया, एलिवेशन कैपिटल, टाइगर ग्लोबल और वीवाय कैपिटल जैसे बड़े निवेशक अपने शेयर बेचकर अच्छा खासा रिटर्न हासिल करेंगे। एक्सेल कंपनी के सबसे पहले सपोर्ट करने वालों में से एक है। उसे टाइगर ग्लोबल के मुकाबले 16.7 गुना ज्यादा रिटर्न मिलेगा। वहीं, एलिवेशन कैपिटल को टाइगर ग्लोबल के मुकाबले 11 गुना ज्यादा फायदा होगा। ये आंकड़े इसलिए दिलचस्प हैं, क्योंकि इन निवेशकों ने अलग-अलग समय पर अलग-अलग कीमतों पर शेयर खरीदे थे। जैसे, एक्सेल ने प्रति शेयर महज 3.61 रुपये में खरीदारी की थी, जबकि टाइगर ग्लोबल ने 60.25 रुपये प्रति शेयर का भुगतान किया था।





### मुनाफे में कंपनी, क्या आगे का सफर आसान होगा?

अर्बन कंपनी की कमाई पिछले कुछ सालों में लगातार बढ़ी है। वित्त वर्ष22 में 437.6 करोड़ रुपये का रेवेन्यू वित्त वर्ष 24 में बढ़कर 828 करोड़ रुपये हो गया। वहीं, नेट लॉस से निकलकर कंपनी ने 2024 के पहले 9 महीनों में 242.3 करोड़ रुपये का मुनाफा कमाया। हालांकि, इसमें 215 करोड़ रुपये का डिफर्ड टैक्स क्रेडिट भी शामिल है, जिसके बिना मुनाफा कम ही दिखेगा। कंपनी का जीएमवी (Gross Merchandise Value) भी बढ़कर वित्त वर्ष 24 में 2,564 करोड़ रुपये हो गया, जो वित्त वर्ष 22 के मुकाबले 70 फीसदी ज्यादा है। साथ ही, सालाना ग्राहकों की संख्या 5.8 मिलियन और सक्रिय सर्विस प्रोवाइडर्स की संख्या 46,000 तक पहुंच गई है। हालांकि, कंपनी ने मुनाफा कमाना शुरू कर दिया है, लेकिन DRHP में यह चेतावनी भी दी गई है कि भविष्य में लाभ बनाए रखने की कोई गारंटी नहीं है। गिग वर्कर्स पर निर्भरता, क्वालिटी कंट्रोल की चुनौतियां और नए मार्केट्स में रेगुलेटरी दिक्कतें बड़ी बाधाएं हो सकती हैं। इसके अलावा, ESOP (एम्प्लॉयी स्टॉक ऑप्शन) के चलते शेयरों का डायल्यूशन भी एक चिंता का विषय है।

# फिर पड़ेगी महंगाई की मार! 'अधूरा' रह जाएगा घर खरीदने का सपना

**नई दिल्ली, जेएनएन।** देश में वित्त वर्ष 26 में आवासीय फ्लैट की कीमतों में बढ़ोतरी हो सकती है। इंडिया रेटिंग्स के मुताबिक, अगले साल घर की कीमतें 3 से 4 प्रतिशत तक बढ़ सकती हैं, जिसका कारण मांग में आई कमी है। वित्त वर्ष 25 के पहले नौ महीनों में शीर्ष आठ शहरों में औसत मूल्य में 8 प्रतिशत की बढ़ोतरी हुई है। जबकि वित्त वर्ष 24 में यह 21 प्रतिशत और वित्त वर्ष 23 में 14 प्रतिशत की वृद्धि थी।

रिपोर्ट के अनुसार, वित्त वर्ष 2025 की पहली छमाही में बेंगलुरू बाजार में कीमतों में सबसे अधिक 23 प्रतिशत की बढ़ोतरी देखी गई, जिसके बाद दिल्ली एनसीआर में 13 प्रतिशत दाम बढ़े और पुणे में घरों की कीमतों में 12 प्रतिशत का उछाल आया है। रेटिंग फर्म को उम्मीद है कि वित्त वर्ष 2025 में कुल बिक्री सालाना आधार पर 17 प्रतिशत बढ़कर 593 मिलियन वर्ग फीट हो जाएगी और वित्त वर्ष 2026 में इसमें और गिरावट आकर यह सालाना आधार पर 9 प्रतिशत रह जाएगी। वित्त वर्ष 2025 के 9 महीनों में, एमएमआर ने टॉप 8 रियल एस्टेट शहरों में 25 प्रतिशत हिस्सेदारी के साथ सबसे बड़ा माइक्रो-मार्केट बनाया, जिसके बाद हैदराबाद और पुणे का स्थान रहा। वित्त वर्ष 2025 के 9 महीनों में चेन्नई ने सालाना आधार पर सबसे अधिक 46 प्रतिशत की बढ़ोतरी दर्ज की गई।



### रेसिडेंशियल प्रॉपर्टी की बिक्री में आएगी गिरावट

रेटिंग एजेंसी ने अनुमान जताया है कि वित्त वर्ष 2026 में रेसिडेंशियल प्रॉपर्टी की बिक्री में कमी आएगी, जिसके कारण से मांग में दबाव के चलते, रेट बढ़ सकते हैं। प्रॉपर्टी रिसर्च फर्म लियासेस फोरास के हवाले से रिपोर्ट में कहा गया है कि टॉप आठ रियल एस्टेट शहरों अहमदाबाद, बेंगलुरु, चेन्नई, हैदराबाद, कोलकाता, मुंबई महानगर क्षेत्र (एमएमआर), राष्ट्रीय राजधानी क्षेत्र (एनसीआर) और पुणे में वित्त वर्ष 24 में आवासीय बिक्री में 32प्रतिशत की बढ़ोतरी हुई है।

## जवाबी शुल्क लगने से एमएसएमई में बढ़ेगा तनाव

**नयी दिल्ली, जेएनएन।** इंडिया रेटिंग्स एंड रिसर्च ने कहा है कि अमेरिका की तरफ से कई उत्पादों पर लगाए गए जवाबी शुल्क देश के मध्यम, लघु और सूक्ष्म उद्यमों के लिए तनाव बढ़ाएंगे। घरेलू रेटिंग एजेंसी ने कहा कि एमएसएमई के मुकाबले मध्यम आकार की कंपनियों के पास अप्रत्याशित वित्तीय झटकों का मुकाबला करने की अधिक क्षमता है। इंडिया रेटिंग्स का अनुमान है कि अप्रैल 2025 में शुल्क युद्ध तेज होने के कारण परिचालन स्थितियों के बिगड़ने के साथ एमएसएमई अधिक कमजोर हो जाएंगे। ऐसा खासतौर से उन क्षेत्रों में होगा, जहां शुल्क युद्ध का प्रभाव नकारात्मक है। रेटिंग एजेंसी ने 31 मार्च, 2024 तक की स्थिति के विश्लेषण के आधार पर सुझाव दिया कि 11 प्रतिशत मध्यम स्तर की कंपनियों की तुलना में 23 प्रतिशत एमएसएमई तनावग्रस्त रहे। विश्लेषण में यह भी कहा गया कि व्यापार चक्रों का प्रबंधन करने के लिए मध्यम कॉरपोरेट कोविड से पहले के स्तरों की तुलना में बेहतर स्थिति में हैं। इंडिया रेटिंग्स एंड रिसर्च में संयुक्त निदेशक नीर्मय शाह ने कहा कि एमएसएमई को मध्यम कंपनियों की तुलना में कार्यशील पूंजी के मुद्दों से अधिक जूझना पड़ता है, और उन्हें इसका मुकाबला करने के लिए प्रतिस्पर्धी दरों पर पर्याप्त वित्त की जरूरत होती है।

## जैन स्थानक पर पथराव बाल-बाल बचीं साध्वियां

**जागरण, उज्जैन।** प्रदेश में जैन संतों पर हमले का 15 दिन में दूसरा मामला सामने आया है। नीमच में जैन संतों पर हमले के बाद अब उज्जैन में सोमवार देर रात को अज्ञात हमलावरों ने जैन स्थानक पर पत्थरबाजी की। इससे भवन के शीशे टूट गए। अरविंद नगर स्थित जैन समाज के समता भवन स्थानक में उदयपुर से आई साध्वी प्रज्ञा, साध्वी प्रेक्षा, साध्वी प्रणति, साध्वी प्रशस्ति ठहरी हुई हैं। गनीमत ये रही कि स्थानक में आराम कर रहीं इन साध्वियों को चोट नहीं लगी। मंगलवार सुबह जैन समाज के लोगों को तोड़फोड़ की खबर लगी तो स्थानक के बाहर भीड़ लग गई। लोगों ने आरोपियों पर कार्रवाई की मांग करते हुए चिमनगंज मंडी थाने में शिकायती आवेदन दिया है। स्थानक ट्रस्ट के शुभम सूर्या ने बताया कि विवाद सोमवार शाम को हुआ। भोजन के बाद साध्वियां स्थानक के सामने स्थित बगीचे के पास पात्र (बर्तन) धो रहीं थी। इस दौरान पास ही रहने वाले कुछ लोगों ने इस पर आपत्ति ली। उन्होंने कहा कि आप लोग यहां बर्तन नहीं धो सकते। आप यहां गंदगी कर रहे हैं। हम भी गंदगी फेकेंगे। इसके बाद साध्वी प्रज्ञा ने लोगों की आपत्ति पर माफी मांगी और आगे से गंदगी न करने की बात भी कही।

## आधार से 2,707 करोड़ सत्यापन

**नई दिल्ली, जेएनएन।** 'आधार' कार्ड धारकों ने वित्त वर्ष 2024-25 में सत्यापन के लिए 2,707 करोड़ से अधिक लेनदेन किए जिनमें से 247 करोड़ सत्यापन अकेले मार्च महीने में ही किए गए। एक आधिकारिक विज्ञप्ति के मुताबिक, मार्च 2025 में आधार के जरिये सत्यापन की कुल संख्या (246.75 करोड़) पिछले वर्ष की इसी अवधि के साथ फरवरी 2025 में किए गए सत्यापन से भी अधिक है। इसके साथ ही 12 अंकों की विशिष्ट पहचान संख्या यानी आधार की शुरुआत के बाद से अब तक हुए सत्यापन लेनदेन की कुल संख्या 14,800 करोड़ से अधिक हो गई है। भारतीय विशिष्ट पहचान प्राधिकरण द्वारा विकसित कृत्रिम मेधा/मशीन लर्निंग पर आधारित आधार चेहरा सत्यापन में महत्वपूर्ण वृद्धि देखने को मिल रही है। विज्ञप्ति के मुताबिक, मार्च में 15 करोड़ से अधिक ऐसे लेन-देन हुए, जो इस सत्यापन पद्धति के बढ़ते उपयोग, अपनाने और आधार संख्या धारकों को इससे सहज लाभ होने का संकेत है।

## रेलवे ट्रैक तक पहुंची पराली की आग, तीन ट्रेनें हुईं लेट

**जागरण, उज्जैन।** प्रदेश में नरवाई की आग खेतों से होते हुए अब रेलवे ट्रैक तक पहुंच गई है। उज्जैन के पास नागदा मंडी थाना क्षेत्र के रूपेटा गांव में सोमवार को जलाई गई पराली की लपटें दिल्ली-मुंबई रेलवे ट्रैक तक पहुंच गईं। इस कारण दिल्ली की ओर जाने वाली दो से तीन ट्रेनें लेट हो गईं। पुलिस ने मंगलवार को पराली जलाने के मामले में पांच किसानों के खिलाफ प्रकरण दर्ज किया है। मालूम हो कि नागदर-कोटा मार्ग पर रेलवे ट्रैक के समीप खेत में एक किसान ने प्रतिबंध के बावजूद नरवाई जलाई। इसकी आग रेलवे ट्रैक के पास झाड़ियों तक पहुंच गई। मैदानी हवाओं के चलते आग की लपटें आगे तक फैल गईं। आग की लपटें इतनी तेज हो गईं कि वे किसी भी गुजरने वाली रेलगाड़ी और उसमें बैठे यात्रियों को नुकसान पहुंचा सकती थीं। गेटमैन अनुज गुर्जर ने मामले की गंभीरता को देखते हुए तुरंत रेलवे अधिकारियों को सूचित किया, जिसके बाद दमकल दल ने मौके पर पहुंचकर आग पर काबू पाया। गनीमत रही कि कोई पेट्रोल, कोयला या गैस से भरी मालगाड़ी यहां से नहीं गुजरी, वरना बड़ा हादसा हो सकता था।

## मंडी में सो रहे किसान को लोडिंग वाहन ने दो बार कुचला, मौत



**जागरण, नीमच।** एक किसान की मंगलवार सुबह औषधि कृषि उपज मंडी में दर्दनाक मौत हो गई। किसान मंदसौर से अश्वगंधा की उपज लेकर आया था और मंडी परिसर में ही उपज के नजदीक सो रहा था, लोडिंग टेंपो चालक ने लापरवाही पूर्वक उसे कुचल दिया। घटना के बाद चालक मौके से फरार हो गया था, बाद में पुलिस ने घेराबंदी कर उसे गिरफ्तार किया। वहीं पुलिस ने मर्ग कायम कर मामले की जांच शुरू कर दी है। दरअसल घटना मंगलवार सुबह 6 बजे की है। मंदसौर जिले के बनी गांव से मोहनलाल (52) पिता शोभाराम सोमवार शाम को अश्वगंधा की उपज लेकर नीमच मंडी पहुंचे थे। देर होने पर उनकी उपज नहीं बिकी। वे मंडी में ही तिरपाल बिछाकर सो गए। औषधि कृषि उपज मंडी में सो रहे किसान को राजस्थान के झालावाड़ से आए एक लोडिंग टैंपो ने दो बार कुचल दिया। किसान पर एक बार गाड़ी चढ़ाने के बाद ड्राइवर को अहसास हुआ कि गाड़ी के नीचे कुछ आ गया। इसके बाद उसने रिवर्स ले लिया। इससे वह दोबारा उसकी चपेट में आ गया। घटना के बाद टेंपो चालक मौके से फरार हो गया। लोगों ने मोहनलाल को घायल अवस्था में देखा और एंबुलेंस को सूचना दी।

## थाने के बैरक में घुसकर नकाबपोश ने हेड कॉन्स्टेबल को मारी गोली

**जागरण, सतना।** प्रदेश में पुलिस पर हमले के मामले लगातार सामने आ रहे हैं। सतना जिले के जैतवारा थाना परिसर के बैरक में घुसकर आधी रात को नकाबपोश युवक ने हेड कॉन्स्टेबल को गोली मार दी। गोली उसके कंधे के पास लगी। वारदात के बाद आरोपी हमलावर मौके से फरार हो गया। फायरिंग की आवाज सुनकर थाने का स्टाफ बाहर आया तो देखा हेड कॉन्स्टेबल प्रिंस गर्ग घायल हालत में मिले। इसके बाद स्टाफ प्रिंस को तत्काल जिला अस्पताल लेकर पहुंचा। सीटी स्कैन में शरीर के अंदर गोली नहीं मिली। फिर भी एहतियात के तौर पर प्रिंस को संजय गांधी अस्पताल रीवा रेफर किया है। यहां उसकी हालत स्थिर बताई गई है। मामला सोमवार-मंगलवार की दरमियानी रात का है। हेड कॉन्स्टेबल प्रिंस गर्ग थाना परिसर में बने बैरक में रहता है। रात को ड्यूटी से लौटकर खाना खाने की तैयारी कर रहा था। इसी दौरान कमरे के बाहर से आवाज आई। प्रिंस बाहर आया और देखा कि एक नकाबपोश युवक खड़ा है। प्रिंस के बाहर आते ही युवक ने कट्टे से उस पर फायर कर दिया। थाना परिसर में पुलिसकर्मी पर हमले की जानकारी मिलते ही एसपी आशुतोष गुप्ता और अन्य अधिकारी जिला अस्पताल पहुंचे और प्रिंस से घटना की जानकारी ली। सीएसपी महेंद्र सिंह ने बताया कि सीसीटीवी फुटेज के आधार पर आरोपी की पहचान कर ली गई है। गिरफ्तारी के लिए पुलिस टीमें रवाना कर दी हैं। कुछ संदेहियों को भी हिरासत में लिया है।



### गोली मारने वाला युवक मुंह बांधे था

हेड कॉन्स्टेबल ने पुलिस अधिकारियों को बताया कि गोली मारने वाला युवक मुंह बांधे था, उसे संदेह है कि वह मेहुती निवासी आदर्श शर्मा उर्फ पच्चू है। कुछ दिन पहले प्रिंस ने उसकी गाड़ी थाने में खड़ी कराई थी, जिसे लेकर वह काफी नाराज था।

### कानून-व्यवस्था बदतर : जीतू

घटना को लेकर प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष जीतू पटवारी ने सरकार को घेरा है। उन्होंने सोशल मीडिया पर लिखा कि सतना जिले के जैतवारा थाने में घुसकर बदमाशों ने आरक्षक प्रिंस गर्ग को गोली मार दी। मप्र की जनता भगवान भरोसे ही है। इस दुखद घटनाक्रम के लिए जिम्मेदार दोषियों के खिलाफ कठोर कार्रवाई होनी चाहिए।

### मप्र में पुलिस पर हो रहे लगातार हमले

मालूम हो कि मप्र में पुलिस पर लगातार हमले की घटनाएं बीते कुछ समय में सामने आई हैं। सतना की घटना कोई अकेला मामला नहीं है। पुलिस पर हमलों के कई मामले सामने आ चुके हैं, जो कानून व्यवस्था पर गंभीर सवाल खड़े करते हैं।

**28 अप्रैल:** भोपाल के हबीबगंज रेलवे स्टेशन पर नशे में धुत बदमाशों को जब शराब पीने से रोका तो आरोपियों ने एक जीआरपी हेड कांस्टेबल के साथ मारपीट की।

**24 मार्च :** सीहोर के खेड़ी गांव में महिला और उसके परिजनों ने पुलिस टीम पर हमला कर एक एएसआई को गंभीर रूप से घायल कर दिया।

**15-16 मार्च :** मऊगंज में अपहरण और हत्या के मामले में पुलिस को बचाव कार्य के दौरान आदिवासियों ने हमला कर दिया, जिसमें एक एएसआई की जान चली गई और कई घायल हो गए। छतरपुर में एक आपत्तिजनक टिप्पणी को लेकर भीड़ ने थाने पर पथराव किया, जिसमें तीन पुलिसकर्मी घायल हुए थे। वहीं सागर में अपराधियों को पकड़ने गई पुलिस पर परिजनों ने लाठी और कुल्हाड़ी से हमला किया।

# जय परशुराम के नारों से गूंज उठा मऊगंज, शंखनाद के साथ हुआ शोभायात्रा का शुभारंभ

## मऊगंज नगर में निकली भगवान परशुराम की शोभायात्रा

**मऊगंज ब्यूरो।** हर वर्ष के भांति इस वर्ष भी मऊगंज नगर में भगवान परशुराम जी की शोभायात्रा बड़े ही हर्षोल्लास के साथ निकाली गई । आयोजक अखिल भारतीय विप्र परिषद के राष्ट्रीय अध्यक्ष पंकज पांडेय रहे और यात्रा की अगुवाई की। यात्रा चौक मोड़ से प्रारंभ हुई। यात्रा का विभिन्न स्थानों पर पुष्प वर्षा फूल माला शाल श्रीफल मिष्ठान शरबत के साथ स्वागत किया गया। यात्रा में हजारों लोग शामिल हुए। यात्रा में शामिल होने के लिए जिले भर के साथ साथ अन्य जिलों के भी विभिन्न धर्म प्रेमी बंधु शामिल हुए। आयोजन समिति के अध्यक्ष नर्मदा पयासी ने बताया कि यात्रा में विभिन्न वरिष्ठ जन शामिल हुए। यात्रा में मातृ शक्ति ने भी सहभागिता की। भगवान परशुराम के जयकारों की गूंज से पूरा नगर गूंज उठा। कार्यक्रम संयोजक राममणि शुक्ला ने सभी आगंतुकों का स्वागत किया। यात्रा में शस्त्र प्रदर्शन किया गया। यात्रा का मुख्य मार्ग पर अनुष्ठान वितरण शरबत वितरण करके स्वागत किया गया। विशेष रूप से राज रेस्टोरेंट विनोद मेडिकल संतोष अवधिया मनोज उपाध्याय अली हसन राजेश सराफ अजय मिश्रा एलोरा गारमेंट सहित विभिन्न स्थानों पर भव्य स्वागत किया गया। यात्रा में समाजसेवी वरिष्ठजनों ने अपनी सहभागिता की। इस अवसर पर राम सजीवन शर्मा, जवाहरलाल मिश्रा, अधिवक्ता प्रदीप सिंह सरपंच अखिलेश शुक्ला , इंद्रमणि मिश्रा वंश गोपाल तिवारी जगदीश शुक्ला केसरी प्रसाद मिश्रा हीरामणि चतुर्वेदी जनपद सदस्य मुन्ना तिवारी बृज किशोर तिवारी अवध बिहारी पांडेय अमरीश मिश्रा मृत्युंजय चौबे बैकुंठ मिश्रा भगवान शुक्ला अजित उर्मीलिया दीना मिश्रा प्रदीप पांडे मुकेश दुबे नितिन मिश्रा अभिषेक मिश्रा प्रभात पांडे कन्हैया लाल तिवारी मयंक पांडे सौरभ पांडे आदर्श पांडे सचिन पांडे संदीप समदड़िया विनोद द्विवेदी संतोष द्विवेदी सचिन मिश्रा राम सुशील पांडेय सुमित पांडेय तेज प्रसाद पांडेय विनोद पांडेय प्रवेश पांडेय सहित हजारों की संख्या में धर्म प्रेमी जन उपस्थित थे। मंच संचालन अखिलेश पांडेय ने व मृत्युंजय चौबे ने आभार व्यक्त किया।



# खबर का असर : सीएचसी रायपुर कर्चुलियान में व्यवस्थाएं पटरी पर, समस्याओं का होने लगा निदान



## जितना बन पड़ेगा, सेवा के लिए तत्पर रहूंगा : डॉ कल्याण सिंह

**रायपुर कर्चुलियान।** सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र रायपुर कर्चुलियान में पिछले दिनों मरीजों एवं उनके परिजनों और ग्रामीणों द्वारा स्वास्थ्य केंद्र की अव्यवस्था व विभिन्न प्रकार की समस्याओं को लेकर सवाल उठाया गया था, जिसकी खबर दैनिक जागरण अखबार में प्रकाशित हुई थी। खबर का असर यह हुआ कि 29 अप्रैल मंगलवार को देखा गया कि पूरे अस्पताल परिसर मे एवं हर कक्ष में साफ सफाई एवं स्वच्छता नजर आई वहीं अस्पताल की गेट जाली खिड़की और दीवारों में रंग रोगन का कार्य होता दिखा। सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र रायपुर कर्चुलियान और सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र गुढ़ दोनों स्वस्थ केंद्रों को देख रहे खंड चिकित्सा अधिकारी डॉक्टर कल्याण सिंह के साथ मरीज एवं उनके परिजनों और ग्रामीणों द्वारा पिछले दिनों गिनाई गई समस्याओं और अवस्थाओं को लेकर पूरे स्वास्थ्य केंद्र का निरीक्षण करते हुए जायजा लिया गया। जिसमें अत्यंत जरूरी था अस्पताल के सामने बना सुलभ शौचालय जो कि पंचायत द्वारा बनवाया गया था, अभी तक पंचायत द्वारा किसी विभाग को हैंड ओवर नहीं किया गया। खंड चिकित्साअधिकारी डॉक्टर कल्याण सिंह ने जनपद सीईओ संजय सिंह से मिलकर बात की और जनपद सीईओ द्वारा तत्काल उसी समय सरपंच को स्वास्थ्य केंद्र को हैंड ओवर करने के लिए बोला गया।

### व्यवस्था दुरुस्त करने में लगा हुआ हूं

पूछे जाने पर खंड चिकित्सा अधिकारी डॉक्टर कल्याण सिंह ने बताया कि हमारे यहां लगभग 50 स्टाफ है। एनआरसी में कुपोषित बच्चों में किस तरह की कमी है इस आधार पर बच्चों को भोजन दिया जाता है । उन्होंने बताया कि मैं अपना परिवार मानकर कार्य कर रहा हूं। जो नियम से कार्य करेगा तो ठीक है नहीं करेगा तो उसे पर कार्रवाई होगी। वार्तालाप में उन्होंने बताया कि 9 से 2 बजे तक ओपीडी का समय रहता है। उसके बाद ऑन कॉल डॉक्टर उपलब्ध रहते हैं। यहां पर डॉक्टर सिद्धार्थ गुप्ता 24 घंटे उपलब्ध रहते हैं, रात में भी रहते हैं । स्टाफ की कमी है। यहां 2 डॉक्टर हैं। नेत्र विभाग के बारे में उन्होंने बताया कि डॉक्टर केके द्विवेदी नेत्र के डॉक्टर हैं। यहां आने पर मुझे पता चला कि वह एक एक हफ्ते आते ही नहीं थे लेकिन जब से मैं आया हूं तब से प्रतिदिन उपस्थित रहते हैं। व्यवस्था दुरुस्त करने में लगा हुआ हूं लेकिन कुछ लोगों को नागवारा गुजर रहा है।

### अतिरिक्त भवन का निर्माण जल्द ही



सीएम हेल्पलाइन में भी बहुत ढेर सारी शिकायतें लंबित थी। यहां की स्थिति सबसे खराब थी। आज हम अच्छी स्थिति में हैं। अतिरिक्त भवन कक्ष के बारे में पूछे जाने पर बताया कि पुलिस हाउसिंग बोर्ड द्वारा कार्य कराया जाना है। 10 करोड़ का कार्य है, सभी दस्तावेज तैयार हैं। ऊपर से आदेश लंबित है। लैब के बारे में जानकारी देते हुए बताया कि पीडब्ल्यूडी द्वारा उक्त भवन का निर्माण कराया जा रहा है। इंजीनियर से बात हुई थी, उन्होंने बताया कि जो पहले ठेकेदार थे वह काम छोड़ दिए हैं। संभव है दूसरा ठेका हो चुका है, जल्दी ही काम चालू होने वाला है। स्वीपर ,कुक, गार्ड, कपड़ा धोने वाले का कार्य आउटसोर्स से होता है। उन्होंने यह भी बताया कि मेरा प्रयास हमेशा यह रहता है कि लोग जब यहां से जाएं तो वह कम से कम इस संस्था के बारे में यह ना बोले कि जो अपेक्षा लेकर गए थे, वह हम नहीं दे पाये। हमारा संपर्क जनता से रहेगा। जितना बन पड़ेगा मारीजों की सेवा के लिए तत्पर रहूंगा। अंत में उन्होंने चर्चा के दौरान बताया कि जिले में बहुत सारे वांटेड डॉक्टर हैं, इसी तरह हमारे ब्लॉक में भी 11 की संख्या में वांटेड हैं। वो लोगों के विगत दो महीने से बिना बताए अनुपस्थित रह रहे हैं। सार्थक एप के माध्यम से अपनी उपस्थिति दर्ज करके घर बैठे फर्जी तरीके से अपनी तनख्वाह ले रहे हैं। इस ओर भी शासन प्रशासन को ध्यान देना चाहिए। उन्होंने कहा मेरे तरफ से पूरा प्रयास रहेगा कि यहां की व्यवस्था दुरुस्त हो।

## चौरासी क्षेत्र में मनाया जाएगा भगवान परशुराम का प्रगटोत्सव

**मऊगंज।** जनपद हनुमना के चौरासी क्षेत्र के हृदय स्थल में स्थित ग्राम पंचायत खूंटा में आज भगवान परशुराम जू का प्रगटोत्सव मनाए जाएगा। आयोजक ग्राम पंचायत खूंटा के सरपंच कौशल बाबा पाठक ने बताया कि विगत तीन वर्षों से भगवान परशुराम जू का प्रगटोत्सव हनुमान मंदिर प्रांगण में क्षेत्र वासियों के सहयोग से बड़े धूमधाम से मनाया जा रहा है। इसमें बड़ी संख्या में चौरासी क्षेत्र के विप्रजन एवं भक्तजन भाग लेते आए हैं। उसी कड़ी में इस वर्ष भी सुबह 11 बजे से भगवान परशुराम जू का पूजन वंदन दोपहर 1 बजे से प्रबुद्ध विप्रजन द्वारा भगवान परशुराम जू पर धर्मवाता तथा विप्रजनों का अभिनंदन कियाजाएगा। इसके बाद प्रसाद वितरण का कार्यक्रम आयोजित किया जाएगा।

## शिक्षिका रंजीता साहू को बहाल किये जाने की मांग

**हनुमना, नि.प्र.।** प्रदेश के मुख्यमंत्री डॉक्टर मोहन यादव से शिक्षका को बहाल करने की मांग समाजसेवी संजू एडवोकेट ने की है। उन्होंने बताया कि छतरपुर जिले के घमोरा विद्यालय में रंजीता साहू शिक्षिका पद में पदस्थ होकर कार्य कर रहीं थीं। उन्हें 2001 के आदेशानुसार तीसरी संतान पैदा होने पर सेवा से पृथक कर दिया गया। मध्य प्रदेश शासन के आदेश दिनांक 07-08-2001 को ध्यान में रखते हुए तीन बच्चों के परवरिश के लिए पुनः सहानुभूति पूर्वक विचार कराया जाए। मध्य प्रदेश सरकार द्वारा चुनाव पूर्व अनेकानेक घोषणाएं की जाती हैं जैसे लाड़ली लक्ष्मी योजना ,लाडली बहन योजना, महतारी वंदना योजना और अन्य योजना चलाकर चुनाव एकांगी किया जाता है। मध्य प्रदेश शासन शिक्षा विभाग में 2001 के पूर्व एवं बाद में पदस्थ लोक सेवक जिनकी चार संतानें हैं वह भी दो-दो वेतन वृद्धि का अग्रिम लाभ ले रहे हैं । भाजपा नेता एवं पूर्व नगर उपाध्यक्ष मोहनलाल कचेर संजू वकील सामाजिक कार्यकर्ता खटखरी राजू गुप्ता दिलीप गुप्ता प्रदीप शर्मा अमन जयसवाल आदि समाजसेवियों न प्रदेश के मुखिया डॉक्टर मोहन यादव से यह मांग की है कि मऊगंज जिले के हनुमना विकासखंड में पदस्थ अधिकारी एवं कर्मचारियों की सघन जांच करायी जाए।

# रिटायरमेंट पर समारोह पूर्वक दी गयी मनमोहन अग्निहोत्री को विदाई



**दुआरी, नि.प्र.।** शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय दुआरी में पदस्थ रहे शिक्षक मनमोहन अग्निहोत्री उर्फ राजा 30 अप्रैल 025 अपनी अर्धवार्षिक आयु पूर्ण कर सेवानिवृत हो गए। सेवानिवृत होने पर विद्यालय में विदाई समारोह विद्यालय परिवार द्वारा आयोजित किया गया। सेवानिवृत होने पर भी विद्यालय और समाज को अपनी सेवाएं दिशा निर्देश देते रहने का विनम्र अनुग्रह किया तथा सभी उपस्थित जनों ने उज्जवल भविष्य की शुभकामनाएं प्रेषित की । इसी बीच सेवानिवृत्ति हुए मनमोहन अग्निहोत्री का संकुल प्राचार्य एवं स्टाफ ने साल श्रीफल भेंट किया। इस अवसर पर रूबी पटेल जनपद सदस्य रायपुर कर्चुलियान , विधायक प्रतिनिधि शिक्षा विभाग अनिल सिंह गहरवार, अमवा 5 सरपंच दुआरी बृजभान पटेल, विनोद पांडे, राजकिशोर सोनी, शंभू द्विवेदी सहित विद्यालय परिवार की ओर से संकुल प्राचार्य टीपी शुक्ल,ा कुमर बहादुर सिंह सुधाकर मिश्रा, चंद्रमणि पांडे, राजपूत चौरसिया, प्रदीप पटेल, सत्यम अग्निहोत्री एवं अन्य शिक्षक गण शिक्षिकाएं मौजूद रहे।

# तमरा प्राचार्य एसएन मिश्र हुए सेवानिवृत्त

## बीईओ रीवा की उपस्थिति में दी गई विदाई एवं सम्मान समारोह हुआ आयोजित



**आंचलिक डेस्क।** शासकीय हाई स्कूल तमरा में पदस्थ प्राचार्य एस. एन. मिश्र ने मंगलवार 29 अप्रैल को अधि-वार्षिकीय आयु पूर्ण कर सेवा निवृत हुए। विद्यालय परिवार की ओर से उनका विदाई समारोह बड़े ही धूमधाम से मनाया गया। कार्यक्रम में रीवा विकासखंड शिक्षा अधिकारी आरएल दीपांकर विशेष रूप से उपस्थित रहकर हार्दिक बधाई तथा उनका आगे का जीवन मंगलमय हो की शुभकामनाएं दी। विद्यालय के सभी शिक्षकों ने माल्यार्पण से श्री मिश्र का स्वागत किया एवं भेट स्वरूप शाल, श्रीफल, भागवत गीता एवं अभिनंदन पत्र उपहार स्वरूप दिया गया। उपस्थित सभी शिक्षकों ने अपने-अपने संक्षिप्त संबोधन से मिश्र के दीर्घायु एवं नवजीवन की मंगल कामनाएं की। एसएन मिश्रा चंद शासकीय लोक सेवकों में है, जिन्होंने 39 वर्ष 11 माह 17 दिवस जीवन के शासकीय सेवा में दिया, इतनी लंबी शासकीय सेवा एवं एक लंबा अनुभव उनकी कार्य कुशलता पर स्पष्ट दिखाई देता है।

### ये रहे मौजूद

विदाई समारोह में बीईओ रीवा आर.एल दीपंकर, प्राचार्य निपानिया अनिरुद्ध कुमार साकेत, प्राचार्य कचूर बी के पटेल, प्राचार्य खैरा चोरहटा बृज बिहारी मिश्रा, प्राचार्य विद्या मंदिर मानस नगर यश के चतुर्वेदी, सीएसी निपानिया अनुज पटेल, लिपिक संजय श्रीवास्तव, शिक्षक रामयश पाल, कीर्ति कुमार वर्मा, संजय द्विवेदी, रजनीश मिश्रा, मुनिराज सिंह, प्रवीण पटेल, राजकुमारी सिंह, हेमलता सिंह, अतिथि शिक्षक शर्मा सहित से. नि.प्राचार्य श्री मिश्र के परिवार के सदस्य एवं ग्रामीणजन उपस्थित रहे। कार्यक्रम समापन पर प्रभारी प्राचार्य राम यश पाल एवं शिक्षक कृति वर्मा द्वारा धन्यवाद उद्बोधन एवं बैंड बाजे के साथ से.नि. प्राचार्य की विदाई की गई।

# प्रधानाध्यापक को दी भावभीनी विदाई



**मऊगंज ब्यूरो।** अपनी अधिवार्षिकी आयु पूर्ण कर शासकीय सेवा से निवृत्त हो रहे शासकीय उमावि संकुल केन्द्र पहाड़ी विकासखंड हनुमना अंतर्गत शासकीय पूर्व माध्यमिक विद्यालय भगदेवा के प्रधानध्यापक नथई प्रसाद साकेत का विदाई समारोह आयोजित किया गया। समारोह के मुख्य अतिथि संकुल प्राचार्य गजराज सिंह, विशिष्ट अतिथि, संकुल केन्द्र के वित्तीय प्रभारी अनूप कुमार त्रिपाठी एवं कार्यक्रम के अध्यक्ष ग्राम पंचायत गौरी के समाजसेवी राधिका प्रसाद तिवारी रहे। संस्था के वरिष्ठ शिक्षक नारायण प्रसाद मिश्र द्वारा श्री साकेत का शॉल- श्रीफल एवं रामचरितमानस की पुस्तक भेंट कर अभिनंदन किया गया। इसके उपरांत संकुल प्राचार्य द्वारा शाल ओढ़ाकर साकेत जी का स्वागत किया गया। अनूप कुमार त्रिपाठी ने अपने उद्बोधन में साकेत को एक सरल, समर्पित, सादगीप्रिय, विनम्र व कर्तवयनिष्ठ शिक्षक के स्वरूप में निरूपण करते हुए उनके जीवन को अनुकरणीय बताया। मुख्य अतिथि संकुल प्राचार्य गजराज सिंह ने श्री साकेत को अहंकार मुक्त वयक्तित्व की प्रतिमूर्ति के रूप में निरूपित करते हुए उनके दीर्घ व सक्रिय जीवन की प्रार्थना की। श्री साकेत ने पयश्वनी कुमार तिवारी को नवीन प्रधानाध्यापक का पदभार ग्रहण करने पर शुभकामना देते हुए सब प्रकार का सहयोग प्रदान करने के आश्वासन देने के साथ भगदेवा विद्यालय को संकुल अंतर्गत एक आदर्श विद्यालय के रूप में विकसित करने की अपेक्षा रखी। कार्यक्रम का संचालन रविशंकर मिश्र ने किया। इस अवसर पर नारायण मिश्र, राजेन्द्र तिवारी, राजभान कोल, अरुण कुमार साकेत, देवनारायण भुर्तिया, परमात्मा मिश्र, कृष्णकुमार मिश्र, कुशुम मिश्र, राधा कोल, सुखमती विश्वकर्मा सहित अनेकों ग्रामवासी उपस्थित रहे।

## तीन पंचायत सचिव निलंबित, 6 की वेतनवृद्धियां रोकी गईं

**आंचलिक डेस्क।** मुख्य कार्यपालन अधिकारी जिला पंचायत मेहताब सिंह गुर्जर ने शासकीय कार्य में लापरवाही बरतने के आरोप में तीन पंचायत सचिवों को तत्काल प्रभाव से निलंबित कर दिया है। मुख्य कार्यपालन अधिकारी द्वारा जनपद मऊगंज में आयोजित समीक्षा बैठक में अनुपस्थित रहने पर छः सचिवों की एक-एक वेतनवृद्धि रोके जाने का आदेश जारी किया गया है। प्राप्त जानकारी के अनुसार सचिव ग्राम पंचायत बरसैता रायपुर कर्चुलियान अनिल सिंह परिहार, सचिव तत्कालीन ग्राम पंचायत बरौं वर्तमान सचिव ग्राम पंचायत अटरिया पुर्वा सिरमौर मयंक पाण्डेय तथा सचिव ग्राम पंचायत इटहा कला नईगढ़ी सुरेश कुमार पटेल को तत्काल प्रभाव से निलंबित कर दिया गया है। जबकि सचिव ग्राम पंचायत बहेराडाबर रामदरश भारती, सचिव ग्राम पंचायत नौढ़िया संतोष पटेल, सचिव व ग्राम पंचायत नरैनी अरूण सिंह, सचिव ग्राम पंचायत दुबगवां दुबान रामलली कुशवाहा, सचिव ग्राम पंचायत मटियरा राजेन्द्र तिवारी तथा सचिव ग्राम पंचायत सीतापुर उमेश शुक्ला की एक-एक वेतनवृद्धि असंचयी प्रभाव से रोकने के आदेश सीईओ जिला पंचायत द्वारा जारी किया गया है।

## मऊगंज में पीएम आदर्श ग्राम योजना की बैठक अब 6 को

**मऊगंज।** मऊगंज में प्रधानमंत्री आदर्श ग्राम योजना संबंधी बैठक अब 6 मई को दोपहर एक बजे से कलेक्ट्रेट कार्यालय में मऊगंज में आयोजित की गई है। बैठक की अध्यक्षता कलेक्टर मऊगंज संजय कुमार जैन करेंगे। बैठक में आदर्श ग्राम योजना के तहत वर्ष 2021-22 एवं वर्ष 2022-23 में संबंधित ग्राम पंचायतों को आवंटित राशि के उपयोग तथा निर्माण कार्यों की प्रगति की समीक्षा की जाएगी। जिला संयोजक आदिमजाति कल्याण विभाग कमलेश्वर सिंह ने संबंधित जनपद पंचायत के मुख्य कार्यपालन अधिकारियों से राशि उपयोगिता प्रमाण पत्र तथा कार्य पूर्णता प्रमाण पत्र के साथ बैठक में उपस्थित रहने का अनुरोध किया है। बैठक में संबंधित गांवों के सरपंच तथा ग्राम पंचायत सचिव भी उपस्थित रहेंगे।

# न्यूज कार्नर

## बाल विवाह रोकने के लिए उड़नदस्ता दल गठित

**मऊगंज।** कलेक्टर मऊगंज संजय कुमार जैन ने 30 अप्रैल को अक्षय तृतीया के अवसर पर बाल विवाह को चिन्हित कर उनके रोकने की कार्यवाही के लिए उड़नदस्ता दल का गठन किया है। अनुभाग मऊगंज में अनुविभागीय अधिकारी राजस्व के साथ सीईओ जनपद, परियोजना अधिकारी महिला एवं बाल विकास, बीएमओ, बीईओ तथा थाना प्रभारी मऊगंज और नईगढ़ी को उड़नदस्ता दल में शामिल किया गया है। इसी प्रकार अनुभाग हनुमना में अनुविभागीय अधिकारी राजस्व, सीईओ जनपद हनुमना, परियोजना अधिकारी महिला एवं बाल विकास, बीएमओ, बीईओ तथा थाना प्रभारी हनुमना उड़नदस्ता दल में शामिल किए गए हैं। यह दल विकासखण्ड स्तर पर बाल विवाह में सेवा देने वाले सेवा प्रदाताओं, कोर ग्रुप के सदस्यों, जनप्रतिनिधियों एवं अशासकीय संस्थाओं के प्रतिनिधियों से कार्यशाला के माध्यम से संवेदीकरण कर बाल विवाह में अपनी सेवाएं न देने की अपील करेंगे। कलेक्टर ने अंतर्विभागीय समन्वय से जिले में बाल विवाह न करने का परामर्श देने व बाल विवाह की सूचना कंट्रोल रूम, पुलिस थाना, चाइल्ड लाइन, एसडीएम कार्यालय तथा परियोजना कार्यालय में देने के निर्देश दिए हैं। उन्होंने निर्देशित किया है कि भ्रमण के दौरान बाल विवाह प्रतिशोध अधिनियम के अंतर्गत कार्यवाही करते हुए बाल विवाह की रोकथाम की समुचित कार्यवाही करें।

## बिजली समस्या : ब्लॉक कांग्रेस कमेटी मझियार ने सौंपा ज्ञापन

**सेमरिया।** ब्लॉक कांग्रेस कमेटी मझियार ब्लॉक अध्यक्ष जितेंद्र सिंह एवं ब्लॉक संगठन प्रभारी विष्णु प्रसाद शुक्ला के आयोजकत्व में ब्लॉक मझियार के अंतर्गत आने वाले गांवों मे बिजली विभाग से संबंधित समस्याओं के संबंध में ज्ञापन पत्र कार्यपालन यंत्री विद्युत वितरण पश्चिमी क्षेत्र रीवा को सौंपा गया। ब्लॉक अध्यक्ष जितेंद्र सिंह ने ज्ञापन पत्र सौंपते हुए कहा की विधानसभा क्षेत्र सेमरिया के ब्लॉक मझियार में आने वाले गांव में विद्युत की सप्लाई एवं मेंटिनेंस का कार्य लौआ लक्ष्मनपुर फीडर, बैकुण्ठपुर फीडर, व इंजीनियरिंग कॉलेज रीवा फीडर से होता हैं। परन्तु पिछले काफी दिनों से विद्युत उपभोक्ताओं की शिकायत प्राप्त हो रही हैं कि विभाग के द्वारा जो उपभोक्ताओं का बिजली का बिल दिया जा रहा है उसमें अनियमित बिल, अघोषित विद्युत कटौती, लो वोल्टेज तथा केबिलें कई गांवों में कटी हुई हैं। जिस संबंध में विद्युत वितरण केन्द्र के अधिकारियों से कई बार शिकायतें की गईं परन्तु विद्युत उपभोक्ताओं की समस्याओं का समुचित समाधान नही किया गया। जिसको लेकर ब्लॉक कांग्रेस कमेटी मझियार द्वारा ज्ञापन सौंपते हुए विद्युत समस्याओं के तत्काल समाधान की मांग की गयी। ज्ञापन सौंपने में प्रमुख रूप से जिला महामंत्री शिवकुमार तिवारी, राजेंद्र प्रसाद शुक्ला जिला सचिव , लक्ष्मी प्रसाद शर्मा सेक्टर अध्यक्ष, अरूण द्विवेदी, वीरेन्द्र, ब्लॉक महामंत्री संजय तिवारी, सेक्टर अध्यक्ष प्रकाश नारायण पाण्डेय, जितेंद्र तिवारी, ब्लॉक सचिव हिम्मत द्विवेदी, सेक्टर अध्यक्ष अरुणेंद्र शेखर मिश्रा, सेक्टर अध्यक्ष अनुपम तिवारी, विष्णु सिंह, राजमोहन सिंह, अलकेश शर्मा, अखिलेश सिंह रिंकू, प्रमोद पाण्डेय, उमेश तिवारी, अशोक तिवारी, रावेंद्र तिवारी, विनय कुमार पाण्डेय, अजय पाल, मुकेश तिवारी, नीरज पाण्डेय, बाल्मीक सिंह, समयलाल आदिवासी, रज्जन कोल, मिठाईलाल यादव सहित ब्लॉक कांग्रेस कमेटी मझियार के सभी कांग्रेस जन एवं कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

## मजदूर दिवस पर पनवार में होगी किसान-मजदूर महापंचायत

**डभौरा, नि.प्र.।** समाजवादी पार्टी के सिद्धांतों विचारों को आगे बढ़ाने सपा सुप्रीमो अखिलेश यादव के निर्देशानुसार समाजवादी पार्टी के प्रदेश अध्यक्ष डॉ मनोज यादव के मार्गदर्शन में 1 मई को मजदूर दिवस अवसर पर समाजवादी पार्टी के प्रदेश सचिव जगदीश सिंह यादव के आयोजकत्व में विधानसभा सिरमौर 68 पनवार थाना के सामने सुबह समय 10:00 बजे से क्षेत्र के मजदूरों आदिवासियों किसानों की विभिन्न समस्याओं जैसे पट्टे की भूमियों को खसरे में दर्ज कराए जाने भूमिहीनों को भूमि दिलाए जाने मजदूरों की मजदूरी बढ़ाये जाने नहर से वंचित गांवों को नहर से जोड़े जाने आदि विभिन्न मुद्दों को लेकर मजदूर किसान महापंचायत का आयोजन किया गया है। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि समाजवादी पार्टी के राष्ट्रीय सचिव शिव सिंह पटेल एड होंगे । अध्यक्षता रामकिशोर आदिवासी विधानसभा अध्यक्ष समाजवादी पार्टी सिरमौर करेंगे। विशिष्ट अतिथि के रूप में पार्टी के प्रदेश पदाधिकारी एवं जिले के सभी पदाधिकारी तथा सपा की प्रमुख शाखाओं के पदाधिकारीगण एवं क्षेत्र के किसान मजदूर आदिवासी साथी उपस्थित रहेंगे। महापंचायत उपरांत मुख्यमंत्री के नाम नायाब तहसीलदार जवा को ज्ञापन सौंपा जाएगा। आयोजन के प्रमुख नेतृत्वकर्ता सपा प्रदेश सचिव जगदीश सिंह यादव ने पार्टी के सभी पदाधिकारियों किसान मजदूर आदिवासी भाइयों से कार्यक्रम में शामिल होने अपील की है।

## पिछड़ा वर्ग राज्य अयोग का सदस्य बनाये जाने की मांग

**कटरा निप्र।** त्योंथर विधानसभा अंतर्गत ग्राम कलबारी निवासी डॉक्टर रवि शंकर कुशवाहा विगत कई वर्षों से दलित एवं पिछड़ा वर्ग के उत्थान के लिए समाज सेवा कर रहे हैं। श्री कुशवाहा पेशे से डॉक्टर हैं। वे अपने व्यस्ततम समय में भी कुछ समय निकालकर विधानसभा क्षेत्र का दौरा भी करते हैं, लोगों की समस्याओं के समाधान करने में अहम भूमिका अदा करते हैं। ऐसे में उनके इष्ट मित्रों ने मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव से मांग की है कि डॉक्टर रविशंकर कुशवाहा को पिछड़ा वर्ग राज्य आयोग का सदस्य बनाया जाए।

## पांच दिन संघर्ष के बाद बड़ागांव में नहर का कार्य शुरू



**गुढ़ (नि.प्र)** विगत पांच दिनों से भारतीय सर्व सेवा संगठन के द्वारा नहर के रुके कार्य को पूर्ण कराने के लिए किया जा अनशन कार्य शुरू होने के बाणसागर विभाग के एसडीओ एवं सब इंजीनियर को ज्ञापन सौंप कर समाप्त कर दिया गया। बी एस एस अध्यक्ष उमेश पिड़िहा में सभी क्षेत्रीय नागरिकों और सरपंचों का आभार जताया है। रीवा जिले के गुढ़ विधानसभा क्षेत्र अंतर्गत बड़ागांव में नहर के आधे-अधूरे कार्य को लेकर भारतीय सर्व सेवा संगठन द्वारा 25 अप्रैल से ग्राम वासियों एवं जनप्रतिनिधियों के साथ तपती धूप में धरना पर बैठे थे। 26 अप्रैल को संबंधित विभाग के अधिकारियों द्वारा धरना स्थल पर पहुंच कर आश्वासन दिया कि अगले दिन से कार्य शुरू हो जाएगा लेकिन कार्य शुरू नहीं हुआ और धरना जारी रहा। फिर इसके बाद प्रशासन द्वारा नहर कार्य हेतु मशीनें भेजी गईं। इसके बाद 29 अप्रैल को भारतीय सर्व सेवा संगठन ने बाण सागर विभाग के एसडीओ सुनील शर्मा एवं सब इंजीनियर केपी मिश्रा को ज्ञापन सौंप कर धरना समाप्त किया । संगठन के अध्यक्ष उमेश पीड़िहा द्वारा कहा गया कि अगर नहर का कार्य निरंतर नहीं चला तो हम पुनःआंदोलन के लिए बाध्य होंगे। ज्ञापन सौंपते वक्त संगठन की अध्यक्ष उमेश पीड़िहा, सरपंच बड़ागांव भारत कोरी, उप सरपंच उदय प्रताप सिंह, पूर्व सरपंच अशोक पांडेय, वनस्पति सिंह, लाल बहादुर सिंह, जितेंद्र सिंह,रज्जन सिंह, कुँवर सिंह, संजय चौरसिया, शैलेंद्र सिंह, विवेक पांडेय, शिवेश चतुर्वेदी, दिवाकर सिंह ,सतीश कोरी, धीरेन्द कोरी, वीरेंद्र कोरी सहित अन्य उपस्थित रहे।

## शिक्षा को वास्तविक स्तर पर चलाने एवं अमल करने पर जोर




**हनुमना, नि.प्र.।** मध्य प्रदेश जन अभियान परिषद के तत्वाधान में विकासखंड हनुमना के अंतर्गत जनपद पंचायत सभागार हनुमना में भारत रत्न डॉ भीमराव अंबेडकर जन्म जयंती पखवाड़ा के उपलक्ष्य मे व्याख्यान माला एवं जल गंगा संवर्धन अभियान अंतर्गत जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन विधायक प्रदीप पटेल की उपस्थिति में संपन्न हुआ। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि विधानसभा मऊगंज के लोकप्रिय विधायक प्रदीप पटेल रहे एवं विशिष्ट अतिथि के रूप में संभागीय समन्वयक प्रवीण पाठक तथा विशिष्ट अतिथि के रूप में नगर परिषद अध्यक्ष आशुतोष गुप्ता (सोनू ), गुड्डू सिंह जनपद पंचायत सदस्य, अजय कुमार पटेल समग्र विकास अधिकारी एवं सच्चिदानंद द्विवेदी स्वच्छ भारत मिशन उपस्थित रहे। कार्यक्रम का आयोजन ब्लॉक समन्वयक जन अभियान परिषद हनुमना के मार्गदर्शन में सम्पन्न हुआ। कार्यक्रम का संचालन सामाजिक कार्यकर्ता एवं नवांकुर प्रमुख दिलीप द्विवेदी के द्वारा किया गया। इस अवसर पर विधायक प्रदीप पटेल द्वारा डॉ भीमराव अंबेडकर के जीवन चरित्र एवं संविधान की महत्ता पर प्रकाश डाला। विधायक श्री पटेल द्वारा शिक्षा को वास्तविक स्तर पर चलाने एवं अमल करने पर जोर दिया। कार्यक्रम को सफल बनाने में ग्रामीण जनो एवं समस्त परामर्शदाता सहयोगी साथियों एवं नवांकुर प्रमुखों का विशेष सहयोग रहा। कार्यक्रम के समापन सत्र में परामर्शदाता भास्कर दत्त मिश्रा के द्वारा आभार व्यक्त किया गया। कार्यक्रम में मुख्यतः नवांकुर प्रमुखों में मदन लाल कुशवाहा, अनुपम पाण्डेय एवं प्रस्फुटन समितियों के सदस्यों में मुख्यतः पार्वती त्रिपाठी उमेश तिवारी आशुतोष मिश्रा व प्रवीण मिश्रा तथा स्नातक एवं परास्नातक कोर्स के के छात्रों की सहभागिता सराहनीय रही।




# पिता का सपना पूरा करने क्रिकेटर बने वैभव



**जयपुर, जेएनएन।** विशेषणों की बौछार-शानदार, अविश्वसनीय, दूसरी दुनिया जैसी, बेमिसाल, असाधारण। लेकिन इसके बावजूद क्रिकेट जगत उस नजारे के लिए शायद तैयार नहीं था, जो सोमवार रात जयपुर में आईपीएल 2025 के दौरान देखने को मिला। एक 14 साल का बच्चा, जिनके सामने अनुभवी अंतरराष्ट्रीय गेंदबाज खड़े थे, ऐसा प्रदर्शन कर गया कि खुद इयान बिशप कह उठे, इसमें लॉजिक ढूंढना मुश्किल है। अगर आपने मिस कर दिया हो, तो ये रहे बुनियादी तथ्यः बिहार के वैभव सूर्यवंशी, जिनकी उम्र आईपीएल 2025 शुरू होने के बाद 14 साल हुई, ने राशिद खान, सिराज, इशांत शर्मा, वॉशिंगटन सुंदर, प्रसिद्ध कृष्णा, करीम जनत और आर साई किशोर जैसे गेंदबाजों (जिनके पास कुल मिलाकर 694 अंतरराष्ट्रीय मैचों का अनुभव है) को 38 गेंदों में 101 रन ठोक दिए। यह आईपीएल इतिहास का दूसरा सबसे तेज शतक था। पटना से करीब 100 किमी दूर समस्तीपुर के रहने वाले वैभव तीन भाईयों में से एक हैं, एक भाई उनसे बड़े हैं और दूसरा भाई उनसे छोटा है। हालांकि क्रिकेट का शौक दोनों भाईयों को नहीं है, लेकिन उनके खून में क्रिकेट उनके पिता संजीव सूर्यवंशी की देन है। वैभव ने बताया कि पिता जी क्रिकेट खेलते थे, लेकिन वह इस स्तर तक नहीं पहुंच पाए थे। इसलिए उनका सपना था कि उनका बेटा क्रिकेटर बने। जब मुझे क्रिकेट का शौक हुआ, तो शुरुआत में मेरे कोच वही थे, समस्तीपुर में ही वह मुझे सिखाते थे। जब भी जरूरत होती थी तो वह गाड़ी से मुझे क्रिकेट के लिए पटना भी ले जाते थे, वह अपना काम छोड़कर मेरे साथ ही रहते थे। लेकिन फिर बाद में समस्तीपुर में सहूलियत की कमी होने की वजह से उन्होंने मुझे पटना भेज दिया, जहां कोच मानस झा सर और रॉबिन सिंह सर के अंदर मेरा खेल और निखर गया।

## सूर्यवंशी की पारी दूसरी दुनिया वाली : बिशप

वैभव की पारी कई लोगों के लिए आश्चर्य की बात रही होगी, लेकिन राजस्थान के बैटिंग कोच विक्रम राठौर के लिए नहीं, जो 1.1 करोड़ रुपए में खरीदे गए इस खिलाड़ी को पिछले कुछ महीनों से बहुत करीब से देख रहे थे। हमने उसे नेट्स में पिछले कुछ महीनों से देखा है। हमें पता था कि वह क्या कर सकता है और कैसे-कैसे शॉट्स उसके पास हैं, लेकिन ऐसे माहौल में, इतनी भीड़ के सामने, इस तरह की गेंदबाजी के खिलाफ यह करना - यह वाकई खास था। राठौड़ ने कहा, उन्हें हमने पहली बार करीब चार महीने पहले देखा, जब वह ट्रायल के लिए आए था। तभी हमें अंदाजा हो गया था कि उनके पास कुछ बेहद खास है। अब उसे निखारना और इस स्तर तक लाना हमारी जिम्मेदारी थी। श्रेय उन्हें जाता है कि उन्होंने अपना संयम बनाए रखा। वह जमीन से जुड़े हैं और उन्होंने दिखा दिया कि वह क्या कर सकते हैं। इयान बिशप कहते हैं, आजकल ज्यादातर फ्रेंचाइजियां युवा खिलाड़ियों को खुलकर खेलने का मौका दे रही हैं, उन्हें बेखौफ रहने को कहा जा रहा है। यह भारतीय क्रिकेट में बड़ा बदलाव है, जैसा हमने यशस्वी जायसवाल जैसे खिलाड़ियों के साथ देखा। यह बड़ा कल्चरल शिफ्ट है। पहले की पीढ़ी में कहा जाता था, ठीक से खेलो, दो बार फेल हुए तो बाहर! अब चीजें बदल रही हैं। आईपीएल 2025 के दौरान इसी कल्चर ने हमें प्रियांश आर्य, शेख रशीद, आयुष म्हात्रे और अब सूर्यवंशी जैसे भविष्य के सितारे दिए हैं। मुझे परवाह नहीं गुजरात ने गेंदबाजी में क्या किया, लेकिन यह बच्चा सिर्फ 14 साल का है! जो भी गेंदबाजी उनके सामने की गई, उन्होंने उसे ध्वस्त कर दिया। आप उसका श्रेय उनसे नहीं छीन सकते। अब देखना यह होगा कि अगली बार विपक्ष कैसे उन्हें चुनौती देता है और वह उसका कैसे सामना करते हैं। मैं चाहता हूं कि हम उसकी तारीफ में अति न करें, लेकिन आज की रात वाकई चौंकाने वाली थी, दूसरी दुनिया जैसी।

■ वैभव ने गुजरात के खिलाफ 35 गेंद में शतक पूरा किया, जो आईपीएल का दूसरा तेज शतक है। क्रिस गेल ने 2013 में पुणे वॉरियर्स के खिलाफ 30 गेंदों में शतक लगाया था, जो अभी भी आईपीएल में तेज शतक का रिकॉर्ड है। सूर्यवंशी का शतक आईपीएल में अब सबसे तेज भारतीय शतक हो गया है। उन्होंने युसूफ पठान के रिकॉर्ड को तोड़ा। युसूफ ने राजस्थान के लिए ही खेलते हुए 2010 में मुंबई के खिलाफ 37 गेंदों में शतक लगाया था।

■ सूर्यवंशी के 93.06 प्रतिशत रन (101 में से 94 रन) सिर्फ बाउंड्री से आए। इससे पहले अभिषेक शर्मा ने मेघालय के खिलाफ नाबाद 106 रनों की पारी के दौरान 92.45 प्रतिशत रन (98 रन) बाउंड्री से बनाए थे।

■ सूर्यवंशी ने अपनी पारी के दौरान 11 छक्के जड़े, जो कि किसी भी भारतीय द्वारा एक आईपीएल पारी में सर्वाधिक छक्के लगाने का संयुक्त रिकॉर्ड है। मुंरली विजय ने भी 2010 में राजस्थान के खिलाफ एक मैच में अपनी शतकीय पारी के दौरान 11 छक्के जड़े थे। यह राजस्थान के किसी भी बल्लेबाज का एक पारी में सर्वाधिक छक्के जड़ने का भी रिकॉर्ड है।

वैभव का निडर दृष्टिकोण, बल्लेबाजी की गति, लेंथ का जल्दी अनुमान लगाना और अपनी पूरी शक्ति गेंद पर लगा देना उनकी शानदार पारी का नुस्खा था। इसका परिणाम यह था कि वह 38 गेंद पर 101 रन बनाने में सफल रहे। बहुत अच्छी पारी खेली।



**- सचिन तेंदुलकर**, दिग्गज क्रिकेटर

आप 14 साल की उम्र में क्या कर रहे थे। यह बच्चा बिना पलक झपकाए दुनिया के सर्वश्रेष्ठ गेंदबाजों का सामना कर रहा है! वैभव सूर्यवंशी - नाम याद रखें! वह निडर रवैये के साथ खेल रहा है। अगली पीढ़ी को चमकते देखकर गर्व है।



**- युवराज सिंह, पूर्व क्रिकेटर**

एक भारतीय का आईपीएल में सबसे तेज शतक का मेरा रिकॉर्ड तोड़ने के लिए युवा वैभव सूर्यवंशी को बहुत-बहुत बधाई! राजस्थान रॉयल्स के लिए खेलते हुए इसे देखना और भी खास है, जैसा मैंने किया था।

**- यूसुफ पठान**, पूर्व क्रिकेटर

### अंक तालिका

| टीम | मैच | जीते | हारे | अंक | रन रेट |
|---|---|---|---|---|---|
| बेंगलुरु | 10 | 07 | 03 | 14 | 0.521 |
| मुंबई | 10 | 06 | 04 | 12 | 0.119 |
| गुजरात | 09 | 06 | 03 | 12 | 0.748 |
| दिल्ली | 10 | 06 | 04 | 12 | 0.362 |
| पंजाब | 09 | 05 | 03 | 11 | 0.177 |
| लखनऊ | 10 | 05 | 05 | 10 | -0.325 |
| कोलकाता | 10 | 04 | 05 | 09 | 0.271 |
| राजस्थान | 10 | 03 | 07 | 06 | -0.625 |
| हैदराबाद | 09 | 03 | 06 | 06 | -1.103 |
| चेन्नई | 09 | 02 | 07 | 04 | -1.302 |

### ऑरेंज कैप (बल्लेबाज)



| | |
|---|---|
| साई सुदर्शन (गुजरात) | 456 |
| विराट कोहली (बेंगलुरु) | 443 |
| सूर्यकुमार यादव (मुंबई ) | 427 |
| यशस्वी (मुंबई ) | 426 |

### पर्पल कैप (गेंदबाज)

| | |
|---|---|
| जोश हेजलवुड (बेंगलुरु) | 18 |
| प्रसिद्ध कृष्णा (गुजरात) | 17 |
| नूर अहमद (चेन्नई) | 14 |
| मिचेल स्टार्क (दिल्ली) | 14 |





### बाउंड्री मीटर

804 छक्के
1449 चौके
94 अर्धशतक

फॉफ डुप्लेसि आईपीएल में 150 मैच खेलने वाले दक्षिण अफ्रीका के दूसरे खिलाड़ी बन गए। उनसे आगे एबी डिविलियर्स (184) हैं। डुप्लेसि 150 आईपीएल मैच खेलने वाले ओवरऑल 29वें खिलाड़ी बने।

# नारायण की फिरकी में उलझी दिल्ली केकेआर का प्लेऑफ सपना बरकरार

## मैच 48 : कोलकाता ने दिल्ली को 14 रन से हराया

**नई दिल्ली, जेएनएन।** सुनील नारायण (3 विकेट) और वरुण चक्रवर्ती (2 विकेट) अगर अपने रंग में हों तो कोलकाता नाइट राइडर्स (केकेआर) को हराना मुश्किल हो जाता है। आईपीएल के 48वें मैच में दिल्ली कैपिटल्स और केकेआर के बीच भी यही चीज देखने को मिली, जहां नारायण और वरुण ने कुल पांच विकेट चटकाए और केकेआर की टीम को एक वक्त पर मुश्किल दिख रहे मैच में 14 रनों से जीत मिल गई। आईपीएल 2024 के बाद से जब नारायण और वरुण दोनों विकेट लेते हैं, तो केकेआर ने 15 में से 13 मैच जीते हैं। लेकिन जब दोनों खाली हाथ लौटते हैं, तो टीम ने 8 में से एक भी मैच नहीं जीता। यह आंकड़े इन दोनों खिलाड़ियों के प्रदर्शन की अहमियत बयां करते हैं। इस मैच में टॉस हार कर पहले बल्लेबाजी करते हुए केकेआर ने कुल 204 रन बनाए थे, जिसमें अजिंक्य रहाणे (26), नारायण (27), अंगकृष रघुवंशी (44) और रिंकू सिंह (36) का सामूहिक प्रयास शामिल था। इसके जवाब में दिल्ली की टीम सिर्फ 190 के स्कोर तक ही पहुंच पाई। इस जीत के साथ केकेआर का प्लेऑफ में पहुंचने का सपना अभी भी बरकरार है। दिल्ली के लिए फॉफ डुप्लेसि ने 62, कप्तान अक्षर पटेल ने 43 और विप्रज निगम ने 38 रन की पारी खेली। केकेआर की टीम ने बल्लेबाजी करते हुए पावरप्ले के दौरान ही सिर्फ एक विकेट के नुकसान पर 79 रन बना लिए थे। इस सीजन यह उनका सबसे अच्छा पावरप्ले स्कोर था।



प्लेयर ऑफ द मैच सुनील नारायण 27 रन और 2 विकेट

### स्कोर बोर्ड

**कोलकाता नाइटराइडर्स : 204/9 (20 ओवर)**

| | रन | गेंद | 4 | 6 |
|---|---|---|---|---|
| गुरबाज का. पोरेल बो. स्टार्क | 26 | 12 | 5 | 1 |
| नारायण पगबाधा बो. निगम | 27 | 16 | 2 | 2 |
| रहाणे पगबाधा बो. अक्षर | 26 | 14 | 4 | 1 |
| रघुवंशी का. करुण बो. चमीरा | 44 | 32 | 3 | 2 |
| वेंकटेश का. निगम बो. अक्षर | 7 | 5 | 1 | 0 |
| रिंकू का. स्टार्क बो. निगम | 36 | 25 | 3 | 1 |
| आंद्रे रसल रनआउट | 17 | 9 | 2 | 1 |
| पॉवेल पगबाधा बो. स्टार्क | 5 | 5 | 1 | 0 |
| अनुकूल का. चमीरा बो. स्टार्क | 0 | 1 | 0 | 0 |
| हर्षित राणा नाबाद | 0 | 1 | 0 | 0 |
| वरुण चक्रवर्ती नाबाद | 1 | 1 | 0 | 0 |

**अतिरिक्त :** 15, **कुल :** 20 ओवर में 9 विकेट पर 204 रन, **विकेट पतन :** 1-48, 2-85, 3-91, 4-113, 5-174, 6-177, 7-203, 8-203, 9-203, **गेंदबाजी :** स्टार्क 4-0-43-3, चमीरा 3-0-46-1, मुकेश 2-0-17-0, विप्रज निगम 4-0-41-2, अक्षर पटेल 4-0-27-2, कुलदीप यादव 3-0-27-0.


**दिल्ली कैपिटल्स : 190/9 (20 ओवर)**

| | रन | गेंद | 4 | 6 |
|---|---|---|---|---|
| पोरेल का. रसेल बो. अनूकूल | 4 | 2 | 1 | 0 |
| डुप्लेसी का. रिंकू बो. नारायण | 62 | 45 | 7 | 2 |
| नायर पगबाधा बो. अरोड़ | 15 | 13 | 2 | 0 |
| केएल राहुल रनआउट | 7 | 5 | 1 | 0 |
| अक्षर का. हर्षित बो. नारायण | 43 | 23 | 4 | 3 |
| ट्रिस्टन स्टब्स बो. नारायण | 1 | 3 | 0 | 0 |
| विप्रज निगम बो. रसेल | 38 | 19 | 5 | 2 |
| आशुतोष का. नारायण बो. वरुण | 7 | 6 | 0 | 1 |
| स्टार्क का. गुरबाज बो. वरुण | 0 | 1 | 0 | 0 |
| दुश्मांता चमीरा नाबाद | 2 | 3 | 0 | 0 |
| कुलदीप यादव नाबाद | 1 | 1 | 0 | 0 |

**अतिरिक्त :** 10, **कुल :** 20 ओवर में 9 विकेट पर 190 रन, **विकेट पतन :** 1-4, 2-43, 3-60, 4-136, 5-138, 6-146, 7-160, 8-160, 9-189, **गेंदबाजी :** अनुकूल रॉय 4-0-27-1, वैभव अरोड़ा 2-0-19-1, हर्षित राणा 4-0-49-0, वरुण चक्रवर्ती 4-0-39-2, नारायण 4-0-29-3, आंद्रे रसेल 2-0-22-1.

# पंजाब की नजरें चेन्नई के खिलाफ रिकॉर्ड बनाने पर

**चेन्नई, जेएनएन।** चेन्नई सुपर किंग्स (सीएसके) प्लेऑफ की दौड़ से लगभग बाहर हो चुका है, लेकिन वह पंजाब किंग्स के खिलाफ बुधवार को होने वाले चेपॉक में आईपीएल के 49वें मुकाबले में अच्छा प्रदर्शन करके अपनी किस्मत बदलने की कोशिश करेगा। पांच बार की चैंपियन चेन्नई के लिए यह सत्र निराशाजनक रहा है और वह नौ मैचों में से सिर्फ दो जीत के साथ तालिका में सबसे नीचे है। दूसरी तरफ पंजाब नौ मैचों में पांच जीत के साथ पांचवें स्थान पर है और वह लगातार हार से निराश चेन्नई के खिलाफ जीत दर्ज करके अंक तालिका में अपनी स्थिति मजबूत करना चाहेगा। दोनों टीमों के बीच अब तक 31 मैच हुए हैं, जिसमें सीएसके ने अब तक 16, जबकि पंजाब ने 15 बार जीत दर्ज की है। दिलचस्प बात यह है कि चेपॉक में खेले गए आठ मुकाबलों में दोनों ने चार-चार जीत साझा की हैं, लेकिन पंजाब की टीम ने यहां पिछले दो मैच जीते हैं। आईपीएल 2022 से अब तक पंजाब ने सीएसके के खिलाफ छह में से पांच मुकाबले जीते हैं और उनकी हालिया फॉर्म भी शानदार रही है। वहीं, सीएसके अपनी लय खोजने में जुटी है।



## चहल मुख्य हथियार

चहल ना सिर्फ धोनी बल्कि सीएसके के अधिकतर बल्लेबाजों को परेशान करते हैं। उन्होंने धोनी की तरह दीपक हुड्डा को भी टी-20 मैचों में तीन बार आउट किया है, जबकि राहुल त्रिपाठी, रवींद्र जडेजा और विजय शंकर भी उनका दो-दो बार शिकार हुए हैं। इसमें से किसी भी बल्लेबाज का स्ट्राइक रेट चहल के खिलाफ 140 से अधिक नहीं है, जबकि राहुल तो चहल पर सिर्फ 98 के स्ट्राइक रेट से रन बना पाते हैं। सिर्फ सैम करन ही चहल पर 200 के स्ट्राइक रेट से रन बनाते हैं, जबकि चहल उनको एक भी बार आउट नहीं कर पाए हैं।

## देखने मिल सकता है धोनी का जलवा

इस मैच में चेन्नई के लोगों को अपने थला यानी एमएस धोनी के बल्लेबाजी का जलवा देखने को मिल सकता है। अर्शदीप सिंह पंजाब के मुख्य गेंदबाज हैं और वह डेथ में अपनी घातक गेंदबाजी के लिए जाने जाते हैं। हालांकि धोनी के सामने उनकी एक भी नहीं चलती और धोनी उन पर 178 के स्ट्राइक रेट से रन बनाते हैं। चार पारियों में अर्शदीप एक भी बार धोनी को आउट नहीं कर पाए हैं।

## सूर्या, श्रेयस और रहाणे सहित 8 खिलाड़ी टी-20 लीग के आइकन

**मुंबई, जेएनएन।** मुंबई क्रिकेट संघ (एमसीए) ने भारतीय टी-20 टीम के कप्तान सूर्यकुमार यादव, श्रेयस अय्यर और अजिंक्य रहाणे सहित देश के लिए खेल चुके आठ खिलाड़ियों को टी-20 मुंबई लीग 2025 के लिए मंगलवार को घोषित आइकन खिलाड़ियों की सूची में शामिल किया है। टी-20 मुंबई लीग की छह साल के अंतराल के बाद वापसी हो रही है। इसके तीसरे सत्र का आयोजन 26 मई से आठ जून तक वानखेड़े स्टेडियम में होगा। सूर्यकुमार, रहाणे और अय्यर के अलावा आइकन खिलाड़ियों में सरफराज खान, शार्दुल ठाकुर, पृथ्वी शॉ, शिवम दुबे और तुषार देशपांडे शामिल हैं।

## हीथर की जगह इंग्लैंड की महिला टीम की कप्तान बनीं सिवर-ब्रंट

**लंदन, जेएनएन।** नेट सिवर-ब्रंट को इंग्लैंड की महिला टीम का नया कप्तान बनाया गया है। सिवर-ब्रंट इससे पहले टीम की उपकप्तान थीं, लेकिन ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ मल्टीफॉर्मेट ऐशेज में 16-0 से करारी शिकस्त के बाद हीदर नाइट को कप्तानी से हाथ धोना पड़ गया था। सिवर-ब्रंट इस समय मातृत्व अवकाश पर हैं और वह वेस्टइंडीज और भारत के खिलाफ होने वाली सीरीज के लिए टीम के साथ जुड़ जाएंगी। 2013 में डेब्यू करने वालीं सिवर-ब्रंट ने तमाम प्रारूपों में इंग्लैंड के लिए कुल 259 मैच खेले हैं। टेस्ट में उन्होंने 46.47, वनडे में 45.91 और टी-20आई में 28.45 की औसत से रन बनाए हैं, जबकि उनके नाम 181 अंतरराष्ट्रीय विकेट हैं। सिवर-ब्रंट पहले भी नाइट की अनुपस्थिति में इंग्लैंड की कप्तानी कर चुकी हैं।

# राणा ने पहली बार वनडे में लिए पांच विकेट

## भारत की दूसरी जीत, दक्षिण अफ्रीका 15 रन से हारी, ब्रिट्स का शतक बेकार

**कोलंबो, जेएनएन।** भारतीय महिला टीम ने त्रिकोणीय सीरीज में मंगलवार को दक्षिण अफ्रीका पर 15 रन की रोमांचक जीत दर्ज की। प्रतिका रावल ने 91 गेंदों पर 78 रन की पारी खेली, जिससे भारत ने कप्तान हरमनप्रीत कौर के पहले बल्लेबाजी करने के फैसले के बाद छह विकेट पर 276 रन का प्रतिस्पर्धी स्कोर खड़ा किया। स्मृति मंधाना (36), जेमिमा रोड्रिग्स (41), कप्तान हरमनप्रीत कौर (नाबाद 41), हरलीन देओल (29) और रिचा घोष (24) ने भी उपयोगी योगदान दिया। प्लेयर ऑफ द मैच स्नेह राणा ने इसके बाद पांच विकेट चटकाए, जिससे दक्षिण अफ्रीका ताजमिन ब्रिट्स के 109 रन के बावजूद



49.2 ओवर में 261 रन पर आउट हो गई। राणा ने एक ओवर में तीन विकेट चटकाकर महिला वनडे में पहली बार पांच विकेट लेने का का कारनामा किया। दक्षिण अफ्रीका ने अपने आखिरी पांच विकेट 21 रन पर गंवा दिए, जिससे भारत ने टूर्नामेंट में लगातार दूसरी जीत दर्ज की। राणा ने 10 ओवर में 43 रन देकर पांच विकेट लिए। उन्होंने इस दौरान पारी के 48वें ओवर में तीन रन देकर तीन विकेट चटकाते हुए मैच का रूख भारत की ओर मोड़ दिया। ब्रिट्स मौसम की मुश्किल परिस्थितियों में ऐंठन का सामना करने के कारण 105 गेंद पर 108 रन बनाकर रिटायर हर्ट हो गई। उन्होंने कप्तान लॉरा वोल्वार्ड्ट (43) के साथ पहले विकेट के लिए 140 रनों साझेदारी की। जब ऐसा लग रहा था कि दक्षिण अफ्रीका की टीम आसानी से इस मैच को जीत जाएगी तब भारतीय स्पिनरों ने अपनी फिरकी में बल्लेबाजों को फंसाना शुरू किया।

# सुदीरमन कप : प्रणय और सिंधू का खराब प्रदर्शन, इंडोनेशिया से हारकर भारत बाहर

**शियामेन, जेएनएन।** खराब लय में चल रहे एचएच प्रणय और ओलंपिक पदक विजेता पीवी सिंधू ने एक बार फिर निराश किया, जिससे भारत मंगलवार को ग्रुप-डी के मैच में इंडोनेशिया से 1-3 से पिछड़ने के साथ ही बीडब्ल्यूएफ सुदीरमन कप फाइनल से बाहर हो गया। भारत को अपने शुरुआती मैच में डेनमार्क से 1-4 से हारने के बाद नॉकआउट चरण की दौड़ में बने रहने के लिए इस मुकाबले में जीत की जरूरत थी। अपने शुरुआती मैच में इंग्लैंड को 5-0 से हराने वाले इंडोनेशिया और डेनमार्क ने ग्रुप-डी से नॉकआउट चरण में अपनी जगह पक्की की। डेनमार्क के खिलाफ महिला और पुरुष एकल मैच में हार का सामना करने वाले क्रमशः सिंधू और प्रणय इंडोनेशिया के अपने प्रतिद्वंद्वियों की चुनौती से पार नहीं पा सके। भारत ने मिश्रित युगल में ध्रुव कपिला और तनिषा क्रास्टो की जोड़ी के साथ विजयी शुरुआत की। इस जोड़ी ने एक घंटे और 10 मिनट तक चले कड़े मुकाबले में रेहान नौफाल कुशारजंतो और ग्लोरिया इमानुएल विडजाला को 10-21, 21-18, 21-19 से हराया। इसके बाद टीम की बढ़त बनाए रखने की जिम्मेदारी सिंधू पर थी, लेकिन वर्ल्ड रैंकिंग में 18वें स्थान पर खिसक गई इस खिलाड़ी को मात्र 38 मिनट में 11वें नंबर की खिलाड़ी पुत्री कुसुमा वर्दानी ने आसानी से 21-12, 21-13 से हराया।



## टी-20 : स्कोप और जबलपुर की जीत

**भोपाल, खेप्र।** स्कोप और जबलपुर डिफेंस ने द्वितीय वैभव चांदेकर स्मृति विभागीय नाइट क्रिकेट टूर्नामेंट में अपने-अपने मुकाबले जीते। नेहरू नगर पुलिस लाइन मैदान पर गोल्डन टाइगर्स ने 6 विकेट खोकर 139 रन बनाए। ओसाफ-उर-रहमान ने नाबाद 41, अंबर हसन ने 30 और रिजवान ने 19 रन का योगदान दिया। स्कोप के रमीज और सैयद जमरान जावेद ने दो-दो विकेट झटके। जवाब में स्कोप के जय देवनानी ने 69 और हिर्देश द्विवेदी ने 40 रन बनाकर 12.5 ओवर में टीम को आठ विकेट से जीत दिलाई। अन्य मुकाबले में जबलपुर डिफेंस ने अभिषेक भंडारी (62) और शिवम तिवारी (51) के अर्धशतक की मदद से 8 विकेट खोकर 198 रन बनाए। जवाब में कर्मचारी एकादश ने 19 ओवर में 6 विकेट खोकर मैच जीत लिया। मयंक जैन ने नाबाद 54 और महेंद्र मिश्रा ने नाबाद 46 रन बनाए। अकबर सिद्धिकी ने 32 रन की पारी खेली। डिफेंस के प्रदीप सिंह और प्रकाश यादव ने 2-2 विकेट चटकाए। जय देवनानी और मयंक जैन को मैन ऑफ द मैच चुना गया।



## दूसरा टेस्ट, दूसरा दिन बांग्लादेश ने बनाई जिम्बाब्वे पर बढ़त

# शादमन ने खेली करियर की सर्वश्रेष्ठ पारी, टेस्ट में 1,000 रन बनाने वाले 16वें बांग्लादेशी क्रिकेटर

**चटगांव ( बांग्लादेश ), जेएनएन।** सलामी बल्लेबाज शादमन इस्लाम की शतकीय पारी से बांग्लादेश ने जिम्बाब्वे के खिलाफ दूसरे और अंतिम टेस्ट मैच के दूसरे दिन मंगलवार को पहली पारी में तीन विकेट शेष रहते 64 रन की बढ़त हासिल कर ली है। शादमन ने करियर की सर्वश्रेष्ठ 120 रन की पारी खेली, जिससे दूसरे दिन का खेल खत्म होते समय बांग्लादेश ने सात विकेट पर 291 रन बना लिए थे। बांग्लादेश एक समय बड़ी बढ़त की ओर बढ़ रहा था, लेकिन टीम ने आखिरी एक घंटे के खेल में चार विकेट गंवा दिए, जिसमें से तीन विकेट पदार्पण कर रहे लेग स्पिनर



विन्सेंट मासीकेसा ने झटके। मासीकेसा ने 14 ओवर में 44 रन देकर बड़ी पारी की तरफ बढ़ रहे कप्तान नजमुल हुसैन शांतो (23) के अलावा जाकेर अली (पांच) और नईम हसन (तीन) को पवेलियन की राह दिखाई। अनुभवी मुशफिकुर रहीम 40 रन पर रन आउट हो गए। इससे पहले दिन की शुरुआत में जिम्बाब्वे ने बीते दिन के स्कोर (नौ विकेट पर 227 रन) में कोई रन जोड़े बिना अपना आखिरी विकेट गंवा दिया। बाएं हाथ के स्पिनर तैजुल इस्लाम ने ब्लेसिंग मुजरबानी को आउट कर पारी का छठा विकेट झटका।

■ शादमन और अनामुल हक (39) ने पहले विकेट के लिए 118 रन की साझेदारी के साथ बांग्लादेश को अच्छी शुरुआत दिलाई। यह दिसंबर 2022 के बाद पहली बार है जब बांग्लादेश ने पहले विकेट के लिए शतकीय साझेदारी की है।

■ शादमन का पहला शतक भी 2021 में जिम्बाब्वे के खिलाफ आया था। वह इस दौरान टेस्ट में 1,000 रन तक पहुंचने वाले 16वें बांग्लादेशी बल्लेबाज बने। शादमन और मोमिनुल ने दूसरे विकेट के लिए 76 रन की साझेदारी की।

## जिला स्तरीय सतर्कता एवं मॉनिटरिंग समिति की बैठक 8 को

**रीवा।** कलेक्टर प्रतिभा पाल की अध्यक्षता में मैन्युअल स्केवेसिंग जिला स्तरीय सतर्कता एवं मॉनिटरिंग समिति की बैठक 8 मई को कलेक्ट्रेट के बाणसागर सभागार में आयोजित की गई है। जिला संयोजक अनुसूचित जाति एवं जनजातीय कार्य विभाग ने सुबह 11 बजे से आयोजित बैठक में संबंधितों से उपस्थिति का अनुरोध किया है।

## अरहर उपार्जन के लिए पंजीयन अब 15 मई तक

**रीवा।** शासन द्वारा निर्धारित समर्थन मूल्य 7550 रुपए प्रति क्विंटल पर जिले भर में अरहर का उपार्जन किया जाएगा। खरीफ वर्ष 2024-25 में ई उपार्जन पोर्टल पर अरहर (तुअर) फसल के उपार्जन के लिए किसानों का पंजीयन 15 मई तक होगा। कलेक्टर प्रतिभा पाल ने कहा है कि उपार्जन के लिए किसान ई उपार्जन पोर्टल में अपना पंजीयन 15 मई से पहले करा लें।

# घायल पुलिसकर्मी को देखने अस्पताल पहुंचे आईजी और एसपी, अब मिनर्वा में भर्ती



## जैतवारा थाना में पदस्थ आरक्षक के कंधे में लगी थी गोली

**जागरण, रीवा।** सतना के जैतवारा थाना में गोली लगने से घायल प्रधान आरक्षक को इलाज के लिए संजय गांधी अस्पताल में भर्ती किया था। मंगलवार को घायल को देखने आईजी और एसपी रीवा पहुंचे थे। डॉक्टरों से घायल की जानकारी ली थी। दोपहर तक घायल एसजीएमच में भर्ती रहा। इसके बाद परिजन उसे मिनर्वा सुपर स्पेशलिटी में भर्ती करा दिए हैं। आईसीयू में घायल भर्ती है और इलाज जारी है। डॉ धर्मेश कुमार पटेल ने हालत स्थिर बताई है।

अब पुलिस भी अपराधियों के निशाने पर है और उसे अपनी ही सुरक्षा का भय सता रहा है। मऊगंज के गड़रा में एक एसआई की मौत के बाद सतना जिले के जैतवारा थाना परिसर में एक नकाबपोश युवक ने प्रधान आरक्षक को गोली मार दी। गोली प्रधान आरक्षक के सीने के बगल से कंधे में लगी। गंभीर हालत में घायल आरक्षक को सतना से संजय गांधी अस्पताल के लिए रेफर किया गया। मंगलवार की सुबह आइजी गौरव राजपूत व रीवा एसपी विवेक सिंह भी संजय गांधी अस्पताल पहुंचे और चिकित्सकों से आरक्षक के स्वास्थ्य के संबंध में जानकारी ली। आइजी ने घटना के आरोपी पर सख्त कार्रवाई के निर्देश दिए और कहा कि बदमाश किसी भी कीमत पर नहीं बख्शे जाएंगे। बताया जा रहा है कि खाना खाने बैठे प्रधान आरक्षक प्रिंस गर्ग को बदमाश ने गोली मार दी। गोली मारने के बाद आरोपी मौके से फरार हो गया था, जिसकी पहचान के बाद पुलिस अब आरोपी की पता तलाश कर रही है। पुलिस सूत्रों के मुताबिक वारदात के मुख्य संदेही को पकड़ने के लिए पुलिस की कई टीम लगी हुई है, वारदात के पीछे का कारण संदेही के वाहन को थाने में खड़ा करा लेना बताया गया है। जानकारी के मुताबिक सतना जिले के जैतवारा थाना परिसर स्थित बैरक में रहने वाले प्रधान आरक्षक प्रिंस गर्ग बीती रात अपनी ड्यूटी से फुरसत होने के बाद रात करीब 12 बजे खाना खाने की तैयारी कर रहे थे। तभी कमरे के बाहर से आवाज आई। उन्होंने आवाज सुनी तो देखा सामने मुंह बांधे एक युवक खड़ा था। इससे पहले प्रधान आरक्षक श्री गर्ग कुछ समझ पाते युवक ने पिस्टल से उन पर फायर कर दिया। गोली आरक्षक कंधे के पास लगी। गोली लगते ही आरोपी मौके से भाग खड़ा हुआ। प्रधान आरक्षक प्रिंस गर्ग ने पुलिस अधिकारियों को बताया कि गोली मारने वाला युवक मुंह बांधे हुए था। लेकिन उन्हें संदेह है कि वह युवक मेहुती निवासी अच्छू गौतम है। जिसकी विगत दिवस गाड़ी खड़ी करवाई गई थी। जिससे संदेही काफी नाराज था। फिलहाल पुलिस जांच में मुख्य संदेही अच्छू गौतम ही निकला है। जबकि उसको लोकेशन देने वाला थाने के सामने दुकान संचालित करने वाला शातिर अपराधी है। घटना के बाद से दोनों फरार हैं। जिनकी तलाश की जा रही है। एफएसएल टीम ने मौके से एक कारतूस बरामद किया है, साथ ही थाने में लगे सीसीटीवी कैमरे से वारदात को देखा जा रहा है। फिलहाल परिजनों ने घायल आरक्षक को मिनर्वा अस्पताल में भर्ती करा दिया है। आईसीयू में घायल को रखा गया है। यहां के डॉक्टर धर्मेश कुमार पटेल ने हालत स्थिर बताई है।

## सिटी क्राइम मीटर (अप्रैल)

दिन 28 | मामले 210

| थाना | पंजीबद्ध अपराध |
|---|---|
| सिटी कोतवाली | 35 |
| सिविल लाइन | 26 |
| विश्वविद्यालय | 18 |
| चोरहटा | 46 |
| बिछिया | 25 |
| समान | 33 |
| अमहिया | 23 |
| योग | 210 |

## तारपिन का तेल डालकर युवक को जलाने का आरोप

**रीवा।** विश्वविद्यालय थाना क्षेत्र अंतर्गत निराला नगर में एक युवक के ऊपर तारपिन का तेल डालकर आग लगाने का आरोप परिजनों ने लगाया है। घायल युवक का उपचार रीवा के एक निजी अस्पताल में चल रहा है। घटना की शिकायत के बाद पुलिस अब पूरे मामले की जांच कर रही है। आग से युवक गंभीर रूप से झुलस गया है। आग से झुलसे युवक अमित सिंह बघेल के छोटे भाई ने आरोप लगाया कि अमित विवेक साहू के घर पर काम करता था और आग विवेक साहू के हाथो ही लगी है। उन्होंने आरोप लगाया कि यह घटना जानबूझकर की गई है और आग लगने के बाद परिवार को सही जानकारी तक नहीं दी गई। उन्हें अंधेरे में रखा गया और मामूली रूप से हाथ जलने की बात कही गई। अब पीड़ित के भाई ने मांग की है कि अमित का पूरा इलाज करवाया जाए। पीड़ित परिवार ने पूरी घटना की शिकायत विश्वविद्यालय थाने में की है। पुलिस ने शिकायत दर्ज कर मामले की जांच शुरू कर दी है।

चर्म, सौन्दर्य, एलर्जी एवं स्कीन केयर
डॉ. सिद्धार्थ तिवारी MBBS, MD (Dermatology & STD) परामर्श शुल्क मात्र 300/-
मिलने का समय प्रतिदिन सुबह 10 से 2 बजे सायं 4 से 7 बजे (रविवार अवकाश)
चर्म, सौन्दर्य, नाखून, बाल, कुष्ठ, गुप्त (यौन) एवं एलर्जी रोग विशेषज्ञ
कामता मेडिकल ए-ब्लॉक समदड़िया, न्यू बस स्टैन्ड रीवा (म.प्र.) 9399312433 9981287311

GEETANJALI PUBLIC SCHOOL — CBSE & MP BOARD — EDUCATION | EMPOWERS | EXCELLENCE
ADMISSION OPEN Pre- Nursery to XII 2025-26
Head Off. Civil Lines Rewa 9424332181
Maidani, Bankuiya Road, Rewa 8964948009
www.geetanjalipublicschool.com

REWA INTERNATIONAL PUBLIC SCHOOL — Affiliated to CBSE New Delhi | Affiliation No.- 1031367
शिक्षा का स्तर अब होगा अंतर्राष्ट्रीय
ADMISSION OPEN 2025-26 Nursery to 12th
Amenities & Facilities: Digital Classes, Bus Facility Available, Safe & Secure environment, Extra-Curricular Activities
Where Every Student is Valued .... Science, Art, Commerce
STATE TOPPER 2023-24 (12th)
Call: 9806154224, 8120154224
Add.: Ward 15, Gadariya, Ratahara, Rewa (M.P.)
Email: ripsrewaschool@gmail.com

NARMADA PUBLIC HIGH SCHOOL — The right place for your child to Explore & Discover
ADMISSION OPEN Session- 2025-26 — Play Group & Nursery to 12th
FACILITIES: Open Space Classrooms, Green Campus, Safe Transport, Sports & Karate Classes, Music & Dance, CCTV Surveillance, Loving Environment, Extra Curricular Activities, Creative Area
8109944852, 8770723365
Add.: Beside Tamer Petrol Pump Ratahara Rewa [M.P.]

The Maya International School — KNOWLEDGE.WISDOM.SUCCESS
Class Play Group to VIII — ENROLL NOW — ADMISSION OPEN FOR 2025-26
THE MAYA INTERNATIONAL SCHOOL — Dwarika Nagar in front of Green Land Marriage Garden, Rewa (M.P.)
07662- 355510 | + 91 9770827277 | www.themis.co.in

डॉ. निशा डायलिसिस सेंटर — पता- अग्रवाल नर्सिंग होम, खुटेही, रीवा
24/7 Our Services Dialysis (डायलिसिस)
रजिस्ट्रेशन के लिए संपर्क करें 9174566996 7771009417
नवीनतम मशीन द्वारा हीमो डायलेसिस
Hepatitis C (HCV) मरीजों के लिए अलग से समर्पित मशीन
अन्य सुविधाएं: 24x7 मेडिसिन विशेषज्ञ डॉ. ईशान गोयल, 24x7 स्त्री रोग विशेषज्ञ, वेंटिलेटर एवं Bipap, 24x7 मेडिकल स्टोर

मिनर्वा द मेडिसिटी — जन्मजात बाल्य हृदय रोग एवं बाईपास सर्जरी — आयुष्मान कार्ड के तहत निःशुल्क इलाज
फोर्टिस हॉस्पिटल के विशेषज्ञों द्वारा विशेष सूचना दिनांकः 03, 04, 05 मई 2025 कार्डियक सर्जरी पुनः निःशुल्क उपलब्ध
खन्ना टॉवर, पुराना बस स्टैंड, रीवा (म.प्र.) 9893516364, 8770288324 टोल-फ्री नंबरः- 18008892250

लाइफ केयर हॉस्पिटल एण्ड रिसर्च सेन्टर — आयुष्मान एवं कैशलेस द्वारा मुफ्त इलाज
कम खर्च, दर्द, निशान, रक्तस्त्राव — लेप्रोस्कोपिक सर्जरी
गॉलब्लेडर, अपेंडिक्स, सभी प्रकार के हार्निया, ओवेरियन सिस्ट, डायग्नोस्टिक लैप्रोस्कोपी, हिस्ट्रेक्टमी, रेक्टप्रोलेप्स, स्यूडोपेन क्रियाटिक सिस्ट, पेट संबंधित सभी प्रकार के ऑपरेशन
संपर्क करें जनता कॉलेज रोड, अनन्तपुर रीवा (म.प्र.) 07662-356125, 8435896118

मिनर्वा आई.व्ही.एफ. (टेस्ट ट्यूब बेबी सेन्टर) (निः संतान दंपतियों के लिए)
उपलब्ध सुविधाएँ: IUI, IVF, ICSI, फ्रोजन एंब्रियो ट्रांसफर (FET), एग फ्रीजिंग, एंब्रियो फ्रीजिंग, स्पर्म फ्रीजिंग
डॉ. ज्योति ओझा मिश्रा स्त्री एवं प्रसूति रोग
टोल फ्री : 18008892250, मो.: 8878819362, 9303733830 खन्ना टॉवर, पुराना बस स्टैण्ड, रीवा

द हार्ट क्लीनिक — डॉ. शिरीष मिश्रा — M.D. मेडिसिन, D.N.B. कार्डियोलॉजी, कंसल्टेंट इंटरवेंशनल कार्डियोलॉजिस्ट हृदय रोग विशेषज्ञ
पूर्व कंसलटेंट - मैक्स हॉस्पिटल & B.L.कपूर हॉस्पिटल, नई दिल्ली — प्रतिदिन रहेंगे उपलब्ध
स्थान- आराध्या मेडिकल स्टोर — समदड़िया गोल्ड मॉल, शॉप नं. 27 — फोन न.- 07662 454917 मोबाइल न.: 9752244218
सभी दवाईयों पर 10% की विशेष छूट
व्यवस्थापक :- राहुल तिवारी निरंजन मेडिकल

BBS MEMORIAL HR. SEC. SCHOOL — BBS KIDS ZONE — AZAD NAGAR, REWA (M.P.) 9424777617
ADMISSION OPEN For Nursery to 12th — No Admission FEE
100+ student got LAPTOP Rewards from M.P. Board
IIT selected — NEET selected — Shivani 9th Rank in State Merit 12th BIO GROUP

श्री रामकृष्ण कॉलेज ऑफ फार्मेसी — DTE - काउंसिलिंग कोड 608
पीसीआई/9649 द्वारा अनुमोदित, आरजीपीवी भोपाल द्वारा संबद्ध — डी.फार्मा
पता- ग्राम देवरा, गुरुकुल स्कूल के पास, चोरहटा, रीवा (म.प्र.) मो.: 9584324641, 6262084843, 7470944611

855 FE 3478 CC | 742 XT 3307 CC | 744 FE 3307 CC | 744 XT 3478 CC
अप्रैल, मई, जून माह में प्रत्येक ट्रैक्टर खरीदी करने पर 5000 रुपये तक का कूपन फैमिली मार्ट में मुफ्त खरीदी करने के लिये। नियम एवं शर्तें लागू
SWARAJ — महामाया ट्रैक्टर्स एण्ड मोटर्स — पता :- रिंग रोड रतहरा, रीवा (म.प्र.), Mob. No. 9425035693, 9752649410

विश्व स्तरीय ट्रैक्टर कंपनी से जुड़ने का सुनहरा मौका, वो भी किफायती कीमत में
दमदार 37 HP इंजन के साथ 3032 — विशेष छूट चैत्र नवरात्रि के शुभ अवसर पर कल्टीवेटर एवं बीमा फ्री
NEW HOLLAND — न्यू हालैण्ड ट्रैक्टर — साक्षी इंटरप्राइजेज
संपर्क करें: वाणसागर रोड, न्यू बस स्टैण्ड, रीवा 7470844558, 7000969702

नए जोश के साथ हर इंप्लिमेंट के लिए तैयार पेश है नया स्वराज 742 XT 45 HP — 6 YEAR WARRANTY
3307 CC Engine, Double Clutch, Reverse PTO
स्वराज 742 XT ट्रैक्टर + स्वराज रोटावेटर अब ले जाईये मात्र रु. 869999/- में
खरीदी पर निश्चित उपहार — 2 YEAR WARRANTY
महामाया ट्रैक्टर्स एण्ड मोटर्स

जागरण पब्लिकेशन प्रा. लिमि. के लिए मुद्रक/प्रकाशक मदन मोहन गुप्ता द्वारा दैनिक जागरण प्रेस गांधी नगर उर्रहट रीवा (म.प्र.)से मुद्रित एवं प्रकाशित। सम्पादकः **मदन मोहन गुप्ता**। आर.एन.आई. नं- 1505/57, डाक पंजीयन क्र.- रीवा संभाग 04 /म.प्र. संस्थापक **स्व. गुरुदेव गुप्त**
**कार्यालयः-** **मोबाइल नं रीवा-** 9098357869, 9425018958 **सतना** - 9993315949 **सीधी**-7089620900 **सिंगरौली**-9424652999 E-mail: rewajagrannew2015@gmail.com